ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 28 मई 2024
वर्ष 5, अंक 191, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर... 16
तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज 15

## पुणे कार हादसा : डॉक्टरों ने पैसे लेकर बदले नाबालिग के सैंपल, 3 गिरफ्तार

पुणे, एजेंसी

पुणे पोर्श कार हादसे में नाबालिग की ब्लड सैंपल रिपोर्ट बदलने के मामले में सोमवार को क्राइम ब्रांच ने दो डॉक्टर्स समेत तीन को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अदालत ने 30 मई तक तीनों को पुलिस की हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने बताया कि अरेस्ट किए गए ससून जनरल हॉस्पिटल के फोरेंसिक डिपार्टमेंट के हेड डॉ. अजय तावरे और डॉ. श्रीहरि हैलनोर पर नाबालिग आरोपी का ब्लड सैंपल बदलने का आरोप है। तीसरे आरोपी का नाम अतुल घटकांबले है। उस पर आरोप है कि उसने डॉक्टरों की मदद की। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (छोटे मामलों) ए.ए.पांडे की अदालत में पेश करने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को 10 दिन तक पुलिस हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि खून के नमूनों को बदलने के एवज में पैसों की लेनदेन हुई है और उसे इस मामले में आरोपियों के घरों की तलाशी लेनी है। इसके बाद अदालत ने तीनों आरोपियों को 30 मई तक के लिए पुलिस की हिरासत में भेज दिया।



- ससून अस्पताल के दो चिकित्सक और एक कर्मी को कोर्ट ने 30 मई तक हिरासत में भेजा

### दोनों सैंपल की रिपोर्ट अलग-अलग

पुलिस ने कहा कि हमने नाबालिग के एल्कोहल ब्लड टेस्ट 2 अलग-अलग अस्पताल में कराए थे। ससून अस्पताल में कराई गई जांच में रिपोर्ट निगेटिव आई थी, लेकिन दूसरे अस्पताल से मिली रिपोर्ट से उसके नशे में होने की पुष्टि हुई थी। पब के सीसीटीवी में भी वह शराब पीते दिखा था।

## प. बंगाल में रेमल ने मचाई भीषण तबाही, छह की मौत

- 2400 पेड़ व बिजली के खंभे उखड़े

### 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा, कोलकाता हवाई अड्डा 21 घंटे रहा बंद

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान रेमल ने तट से टकराने के बाद भीषण तबाही मचाई। इस दौरान 135 किमी की रफ्तार से चली हवा और बारिश से छह लोगों की मौत हो गई। तूफान के कारण कोलकाता के कुछ हिस्सों में पानी भर गया।

राज्य में 2400 से ज्यादा पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गये, जिससे महानगर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। कोलकाता पुलिस ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा चक्रवात रेमल से शहर के कई इलाके बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हमारे आपदा प्रबंधन समूह के कर्मी और विभिन्न पुलिस थानों के कर्मी यातायात को सुचारु रूप से चालू रखने के लिए तूफान में गिरे कई पेड़ों को हटाने के लिये पूरी रात प्रयास कर रहे हैं। मध्य कोलकाता में एक घर की छत का एक हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि दक्षिण 24 परगना के मौसुनी द्वीप में एक महिला पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई और पूर्व वर्धमान के मेमारी में एक पिता-पुत्र की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। कोलकाता हवाई अड्डे पर उड़ान संचालन 21 घंटे तक बंद रहा।




चक्रवात तूफान के कारण सड़क पर गिरे पेड़ को हटाते कर्मचारी।

### बंगलादेश में 10 की मौत

**ढाका।** भीषण चक्रवातीय तूफान रेमल के कारण बंगलादेश के अलग-अलग स्थानों पर प्रचंड आंधी आने और मूसलाधार वर्षा होने की वजह से दस लोगों की मौत हो गई। इस बीच दो लोगों के लापता होने की भी रिपोर्ट है। बंगलादेश मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दक्षिणी बंगलादेश के तटों पर शक्तिशाली तूफान ने स्थानीय समयानुसार करीब आठ बजे दस्तक दी।

### 29,500 घर प्रभावित

मौसम विभाग के अनुसार तूफान के धीरे-धीरे और कमजोर पड़ने के आसार हैं। 24 ब्लॉक (प्रखंड) और 79 नगरपालिका वार्ड में करीब 29,500 घर प्रभावित हुए हैं जिनमें अधिकतर दक्षिणी तटीय इलाकों में हैं। चक्रवाती तूफान रेमल से बंगलादेश और पश्चिम बंगाल के बीच भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आयी हैं। तूफान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आया और भारी बारिश हुई।










## गर्मी से हाहाकार, नौ की मौत

### प्रदेश में लू का कहर, लखनऊ में तीन और कानपुर में पांच की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/ बरेली

**अमृत विचार :** नौतपा के तीसरे दिन उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी से हाहाकार मच गया। राजधानी लखनऊ और कानपुर, हापुड़ में हीट वेव के चलते 9 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। सोमवार को बुंदेलखंड के झांसी में अधिकतम तापमान 48.1 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक था।

हमीरपुर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री मापा गया जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक रहा। लखनऊ में 44 और बरेली में 43.8 तापमान दर्ज किया गया। लखनऊ में भीषण गर्मी से बेसुध होकर गिरे तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं कानपुर नगर व कानपुर देहात, हमीरपुर, औरैया व उन्नाव में एक- एक लोगों की मौत हो गई। सोमवार शाम चार बजे चारबाग स्टेशन रोड पर ऑटो चालक राम सिंह, सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में निजी सुरक्षाकर्मी चंद्र मोहन गुप्ता (50) और गुडंबा में ठेला चालक राम प्रसाद (55) ने बेसुध होकर गिरने के बाद दम तोड़ दिया। हमीरपुर में राठ डिपो के चालक कृष्णगोपाल व उन्नाव डिपो की खाली बस लेकर लौटते समय रोडवेज बस चालक निर्मलेश की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। वह बारासगवर के बारा गांव का रहने वाला था। औरैया वासी दिव्यांग साधू की लू लगने से तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। कानपुर देहात के भोगनीपुर निवासी देवकरन (70) की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। बिहार के पटना तखरा निवासी सुरेंद्र कानपुर के पनकी स्थित एक भट्ठे पर काम करता था। लू लगने से रविवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं हापुड़ में भी गर्मी से एक मौत हुई। भीमनगर निवासी राजीव पुत्र यादराम (25) छह साल से बीमार थे। सीएचसी में दवा लेकर लौटते समय गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गई।



48.1° झांसी
46.2° हमीरपुर
43.8° बरेली

### मौसम विभाग की सलाह बेवजह बाहर न निकलें

मौसम विभाग ने कहा- सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जरूरत न हो तो घर से बाहर न निकलें। बाहर निकलना भी है, तो पानी पीकर ही निकलें। खाली पेट न रहें। सिर को सफेद कपड़े से ढक कर ही निकलें और हल्के कपड़े पहनें। बच्चे और बुजुर्ग बाहर जाने से बचें।

### जून महीने में सामान्य से अधिक रहेगा तापमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने कहा कि 30 मई के बाद नई दिल्ली समेत उत्तर पश्चिमी भारत में बारिश होने से अस्थाई तौर राहत तो मिलेगी लेकिन जून महीने में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। जून माह में लोगों को भीषण गर्मी का समाना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग के प्रमुख मृत्युंजय मोहपात्रा ने बताया कि राजस्थान और गुजरात में पिछले दिनों हीटवेव चलने से तापमान 45 से 50 के बीच रहा है। वहीं, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब में पांच से सात दिन हीटवेव चली है, जिसमें तापमान 44 डिग्री से 48 डिग्री तक रहा है। महापात्रा ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी आने के कारण देश के उत्तर पश्चिम और मध्य भागों में गरज के साथ वर्षा होने और पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बारिश होने की संभावना है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि, महापात्र ने यह भी कहा कि यह राहत अस्थायी होगी और जून में गर्मी के साथ उमस भी बढ़ेगी।

## केजरीवाल ने किया अंतरिम जमानत बढ़ाने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अचानक अपना वजन छह से सात किलोग्राम कम हो जाने के चलते कई चिकित्सकीय जांच कराने के लिए उच्चतम न्यायालय से अंतरिम जमानत की अवधि सात दिन बढ़ाने का अनुरोध किया है।



केजरीवाल ने 26 मई को दायर अपनी याचिका में कहा कि वह 3 जून से 7 जून तक चिकित्सा संबंधी जांच कराएंगे और फिर उसी हफ्ते के अंत में 9 जून को आत्मसमर्पण कर देंगे। याचिका में कहा गया है कि उनका वजन छह से सात किलोग्राम कम हो गया है और उनका कीटोन स्तर बहुत अधिक है, जो गुर्दा (किडनी), हृदय की गंभीर बीमारी और यहां तक कि कैंसर का संभावित संकेतक है। इस दौरान पैट-सीटी स्कैन सहित कुछ चिकित्सकीय जांच कराने की जरूरत है। शीर्ष अदालत ने 10 मई को, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर केजरीवाल को प्रचार करने के लिए एक जून तक यानी 21 दिन की अंतरिम जमानत दी थी, जिसके अनुसार उन्हें दो जून को जेल लौटना है।

## घोषणापत्र में रुपये देने का वादा भ्रष्ट आचरण नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने चुनावी घोषणापत्रों में रुपये देने का किया वादा कानून के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कांग्रेस के एक उम्मीदवार के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि साल 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के कांग्रेस के घोषणापत्र में जनता को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय मदद देने की प्रतिबद्धता जताई गई थी, जो भ्रष्ट चुनावी आचरण के समान है। वकील ने यह तर्क दिया कि एक राजनीतिक दल द्वारा अपने घोषणापत्र में की गई प्रतिबद्धताएं अंततः बड़े पैमाने पर जनता को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं और ये भ्रष्ट आचरण की श्रेणी में आएंगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी भी स्थित में इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। हमें ऐसे सवालों पर विस्तार से विचार करने की जरूरत नहीं है। इसलिए, याचिका खारिज की जाती है।



- सुप्रीम कोर्ट ने एक मतदाता की याचिका को किया खारिज

### इस उम्मीदवार के खिलाफ दायर की गई थी याचिका

चामराजपेट विधानसभा क्षेत्र के मतदाता शशांक जे. श्रीधर ने विजयी उम्मीदवार बी. जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ चुनाव याचिका दायर की थी। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणापत्र में की गई पांच गारंटी भ्रष्ट आचरण के समान है। कर्नाटक हाई कोर्ट ने भी माना था कि किसी पार्टी द्वारा लागू की जाने वाली नीतियों के बारे में घोषणा को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा-123 के तहत भ्रष्ट आचरण नहीं माना जा सकता।

## सपा विधायक रफीक अंसारी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** मेरठ से समाजवादी पार्टी विधायक रफीक अंसारी को सोमवार को बाराबंकी पुलिस ने गिरफ्तार किया। एक पुराने मामले में 101 बार नोटिस जारी होने के बाद भी रफीक अंसारी कोर्ट में पेश नहीं हुए थे। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था।

इसके बाद बाराबंकी की जैदपुर थाना पुलिस ने अहमदपुर टोल प्लाजा से विधायक को गिरफ्तार कर लिया। रफीक अंसारी मेरठ शहर से सपा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मेरठ पुलिस की टीम विधायक को अपने साथ लेकर रवाना हो गई।



- 101 बार गैर जमानती वारंट के बाद भी नहीं हुए थे हाजिर
- पूछताछ के लिए मेरठ पुलिस विधायक को साथ ले गई

दरअसल, यह मामला साल 1995 में मेरठ के नौचंदी पुलिस थाने में 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। जांच के बाद 22 आरोपियों के खिलाफ पहला आरोप पत्र दायर प्रस्तुत किया था और उसके बाद आवेदक अंसारी के खिलाफ एक और पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। जिस पर संबंधित अदालत ने अगस्त 1997 में संज्ञान लिया। विधायक रफीक अंसारी के खिलाफ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/ एमएलए कोर्ट मेरठ से आइपीसी की धारा 147, 436 और 427 के तहत विचाराधीन आपराधिक केस में जारी वारंट को चुनौती दी गई थी।

### 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

मेरठ के सपा विधायक रफीक अंसारी को विशेष न्यायाधीश एसीजेएम फर्स्ट एमपी/एमएलए कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सोमवार रात मामले 40 मिनट तक सुनवाई हुई। विधायक ने जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। वकील ने मेडिकल इश्यू बताते हुए रफीक अंसारी को जेल के हॉस्पिटल में रखने की अपील की थी।

## घर से बच्ची का अपहरण, शव कटीले तारों पर लटका मिला

संवाददाता, कादरचौक (बदायूं)

**अमृत विचार :** घर के बाहर से खेलते समय लापता हुई ढाई साल की बच्ची का शव एक खेत में कटीले तारों पर लटका मिला। उसकी गर्दन पर धागा कसा था। बच्ची के पिता ने गांव के ही एक युवक पर अपहरण करके हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव जोरी नगला निवासी मुकेश की ढाई साल की बेटी अंशिका सोमवार सुबह घर के बाहर खेल रही थी। लगभग साढ़े 11 बजे अचानक लापता हो गई। परिजनों ने तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस को जानकारी दी गई। इसके बाद गांव पहुंची पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों के साथ बच्ची को तलाश करना शुरू किया तो घर से करीब सौ मीटर की दूरी पर एक खेत के चारों ओर लगे कटीले तारों पर उसका शव गले में पहने धागे से लटका मिला। परिजनों में कोहराम मच गया। मुकेश गांव के ही एक युवक पर बेटी की हत्याकर शव लटकाने का आरोप लगाने लगा।



- सोमवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे खेलते समय हो गई थी लापता

## गेमिंग जोन हादसा : हाईकोर्ट ने कहा सरकारी मशीनरी से उठ चुका भरोसा

अहमदाबाद, एजेंसी

- अदालत ने राजकोट नगर निकाय को फटकार लगाई

गुजरात उच्च न्यायालय ने गेम जोन में लगी आग से 27 लोगों की मौत को लेकर सोमवार को राजकोट नगर निकाय को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अब उसका राज्य मशीनरी पर से भरोसा उठ गया है जो केवल तब हरकत में आती है जब मासूम लोगों की जान चली जाती है।

अदालत ने गेम जोन के संचालन में कथित खामी को लेकर राजकोट नगरपालिका परिषद (आरएमसी) को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि जब उसके क्षेत्र के अंतर्गत इस तरह का बड़ा ढांचा तैयार किया जा रहा था तब क्या उसने आंखें मूंद रखी थीं? अदालत ने यह टिप्पणी आरएमसी के वकील के अदालत में यह कहने पर की कि टीआरपी गेम जोन ने अपेक्षित अनुमति नहीं मांगी थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की विशेष पीठ ने पूछा कि क्या नगर निकाय एक जनहित याचिका पर आग से सुरक्षा संबंधी पारित आदेशों को 18 महीने तक दबाए बैठा रहा। विशेष पीठ स्वतः संज्ञान वाली जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एक दिन पहले उच्च न्यायालय ने इस घटना को प्रथम दृष्टया मानव जनित आपदा करार दिया था। उच्च न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्य द्वारा गठित एसआईटी उन परिवारों की भावनाओं को पर्याप्त रूप से शांति प्रदान करेगी जिन्होंने इन मानव जनित त्रासदियों में अपने रिश्तेदारों को बार-बार खोया है।

### सात अधिकारी निलंबित

**अहमदाबाद।** गुजरात सरकार ने राजकोट स्थित गेम जोन में आग लगने की घटना के मामले में सात अधिकारियों को निलंबित करने का सोमवार को आदेश दिया। इन अधिकारियों को आवश्यक स्वीकृति के बिना इस गेम जोन का संचालन होने देने में घोर लापरवाही का जिम्मेदार ठहराया गया है।

## एसआईटी के समक्ष 31 को पेश होगा प्रज्ज्वल

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक में सेक्स स्कैंडल के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना ने सोमवार को कहा- मैं 31 मई को एसआईटी के सामने पेश हो जाऊंगा। मेरे खिलाफ लगे सभी आरोप झूठे हैं। विदेश जाने के ठीक एक महीने बाद प्रज्ज्वल ने वीडियो जारी कर अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मुझे अदालत पर भरोसा है और विश्वास है कि मैं अदालत के जरिए झूठे मामलों से बाहर आऊंगा। प्रज्वल का यह बयान पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और उनके दादा की गुरुवार 23 मई को दी चेतावनी के 3 दिन बाद आया। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि वे भारत लौट आएं और जांच का सामना करें।



- विदेश जाने के एक महीने बाद प्रज्ज्वल ने वीडियो जारी कर रखी बात

### कुछ लोग राजनीति में बढ़ने से रोकना चाहते हैं

प्रज्वल ने कहा जैसे-जैसे मैं राजनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा हूं, मुझे कमतर करने के लिए, वे सभी एक साथ आ गए हैं। इन सभी चीजों को देखकर, मैं चौंक गया था और थोड़ा दूर हो गया था।

## अदालत ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सांसद स्वाती मालीवाल से मारपीट के मामले में दिल्ली कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मुख्यमंत्री के निजी सहायक कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले में विस्तृत आदेश का इंतजार है। सुनवाई के दौरान, राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने अदालत से कहा कि अगर कुमार को रिहा किया गया, तो उनकी जान को खतरा है और उनके परिवार को गंभीर खतरा है।



## माफिया मिट्टी में मिले तो आने लगा लाखों करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

### मुख्यमंत्री ने घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी में की चुनावी जनसभाएं

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मऊ में घोसी, बलिया, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव प्रचार करते हुए जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस और सपा की नाकामियां गिनायीं वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को भी जनता के सामने रखा।

गाजीपुर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र. से माफिया का सफाया करने के बाद पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को नौकरी भी मिलेगी। कहा कि सपा के लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ ने मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मऊ में मुख्यमंत्री ने लोगों को इंडी गठबंधन से सावधान करते हुए कहा कि यह देश बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलेगा। यहां उन्होंने लोस प्रत्याशी डॉ. अरविंद राजभर के पक्ष में वोट की अपील की। सोनभद्र में योगी ने अपील की कि लोस चुनाव में रॉबटर्सगंज और विस चुनाव में दुद्धि भी देश की आवाज के साथ जुड़ेगा। रिंकी कोल को कप प्लेट चुनाव निशान पर मिला वोट दिल्ली में पीएम मोदी और श्रवण गौड़ को कमल पर वोट सीधे मेरे पास आएगा।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोनभद्र में चुनावी रैली को संबोधित करने से पहले यहां के स्थानीय उत्पाद बांस की बनी टोपी, तीर-धनुष और वाद्य यन्त्र के साथ उत्साहित दिखे।

### साल के अंत तक शुरू हो जाएगा रोपवे

वाराणसी में जनसभा में योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को रिकार्ड तोड़ मतों से विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जहां वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है। वहीं काशी में देश के सबसे बड़े रोपवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। यह वर्ष के अंत तक कैंट स्टेशन से विश्वनाथ धाम के लिये शुरू हो जाएगा।

## शहर में आज

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत बरेली की विचार गोष्ठी शील ग्रुप के सिटी ऑफिस में गांधी उद्यान के सामने शाम 5 बजे।
- बरेली कॉलेज में रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी समेत अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षा दोपहर 3 बजे से।

## एक नजर

### जंक्शन पर 11 घंटे लेट पहुंची हिमगिरी एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे के ब्लॉक की वजह से ट्रेनों घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंच रही हैं। जंक्शन पर सोमवार को 12332 हावड़ा हिमगिरी सुपरफास्ट 11 घंटे, 13152 कोलकाता सियालदह चार घंटे, 04624 वाराणसी स्पेशल दो घंटे 30 मिनट, 05310 मऊ स्पेशल एक घंटा 30 मिनट और 04028 सहरसा स्पेशल एक घंटा की देरी से पहुंची।

### नालियों की सफाई न होने से गलियों में भरा पानी

**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया की चेतना कॉलोनी में कई महीने से नालियों की सफाई नहीं हुई। इसकी वजह से गलियों में पानी भर रहा है। भीषण गर्मी में भी रोजाना गलियों में पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी होती है। कई बार बच्चे भी गिरकर घायल हो चुके हैं।

# लाचार किसान की कहानी...केसीसी पर दिया 42 फीसदी ऋण एनपीए

## विशेषज्ञों के मुताबिक बिचौलियों और दलालों से घिरे किसानों को फसल का उचित दाम न मिल पाना प्रमुख कारण

शिवांग पांडेय, बरेली

- **केसीसी पर 1684 करोड़ दिए गए थे पिछले वित्तीय वर्ष में, 719 करोड़ एनपीए**
- **2022-23 की तुलना में 27 प्रतिशत कम ऋण आवंटित किए थे जिले के बैंकों ने**

**अमृत विचार :** जिले में किसानों की दयनीय होती हालत की एक तस्वीर एनपीए हुए कृषि ऋणों में भी है। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पर पिछले वित्तीय वर्ष में 1684 करोड़ का ऋण दिया गया जिसमें से 719 करोड़ यानी करीब 42 प्रतिशत एनपीए हो गया। विशेषज्ञों का मानना है कि किसान आर्थिक तौर पर इस समय सबसे असुरक्षित परिस्थितियों से गुजर रहा है। बिचौलियों और दलालों के अलावा सरकारी सिस्टम की मार इस कदर ज्यादातर किसानों पर पड़ रही है कि वे अपने ऋण नहीं चुका पा रहे हैं। इसके बाद उनके लिए सरकारी मदद का यह रास्ता भी बंद होता जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2023- 24 में जिले में 2571 करोड़ रुपये के कुल एनपीए में से करीब 28 प्रतिशत हिस्सा केसीसी पर दिए गए ऋणों का है। केसीसी पर दिए जाने वाले ऋणों के लगातार एनपीए होने के कारण बैंकों से इससे हाथ खींचने की कहानी इससे स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में जिले की बैंकों से इस श्रेणी में करीब 2231 करोड़ के ऋण आवंटित किए गए थे जो 2023-24 में करीब 27 प्रतिशत की कमी के साथ घटकर 1684 करोड़ रह गए। इसके बावजूद इसमें से 719 करोड़ की धनराशि एनपीए हो गई। अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कृषि ऋणों के एनपीए होने में यह वृद्धि बड़े जोखिम के रूप में उभर रही है। इसे रोकने के लिए अगर अभी से ठोस उपाय न किए गए तो आगे चलकर इसके भयावह परिणाम भी हो सकते हैं।

आधिकारिक ब्योरे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में केसीसी पर 332 करोड़, दूसरी तिमाही में 15,651 किसानों को 174 करोड़, तीसरी तिमाही में 24,521 किसानों को 248 करोड़ और जनवरी से मार्च की चौथी तिमाही में 1,27,905 किसानों को 930 करोड़ रुपये ऋण आवंटित किए गए।

### यह है केसीसी...

केसीसी योजना 1998 में शुरू हुई थी जिसके तहत किसानों को नकद पैसा दिया जाता है। बैंक क्रेडिट कार्ड के साथ एक पासबुक जारी करते हैं जिसमें ग्राहक की भूमि जोत, पता, क्रेडिट सीमा और वैधता का विवरण होता है। केसीसी किसानों को बीज, उर्वरक, कीटनाशक, बिजली और डीजल जैसे फसल संबंधी खर्चों को पूरा करने के लिए नकद ऋण की अनुमति देता है। उपकरण खरीदने, भूमि विकास और ड्रिप सिंचाई जैसी गतिविधियों के लिए टर्म क्रेडिट भी दिया जाता है।

### जमीन बेचने पर रोक

बैंकिंग नियमों के अनुसार केसीसी के तहत लिया ऋण न चुकाने पर कृषिभूमि की कुर्की करने का प्रावधान नहीं है। इसके बजाय ऋण न चुकाने की जानकारी तहसील को देकर उसकी जमीन की खसरा-खतौनी पर ऋण चढ़ा दिया जाता है। इसके बाद किसान अपने खेत नहीं बेच सकता। बैंक अधिकारी मानते हैं कि जमीन की कुर्की न होने के कारण भी किसान से केसीसी ऋण को चुकाने में दिलचस्पी नहीं लेते।



सदर तहसील के पास बीज की दुकान पर खरीददारी करते किसान। ● अमृत विचार

"किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत बढ़े एनपीए की जानकारी आगामी डीएलआरसी-डीसीसी बैठक में जिला प्रशासन को दी जाएगी। एनपीए में कमी लाने के लिए भी ठोस उपाय किए जाएंगे। – **वीके अरोरा**, एलडीएम

### कहीं दलालों का खेल, कहीं खुद बैंकों का

केसीसी के तहत लिए गए ऋण चुकाने के लिए किसान कई बार दलालों की मदद लेते हैं। इन दलालों के तार बैंक अफसरों से भी जुड़े रहते हैं। किसान कहीं से बंदोबस्त कर दलाल को पांच प्रतिशत ब्याज के साथ कर्ज की एकमुश्त राशि बैंक को चुकाने के लिए देते हैं और इसके तुरंत बाद बैंक से फिर केसीसी ऋण ले लेते हैं। इस वजह से बैंकों का एनपीए जहां के तहां रह जाता है। कुछ बैंकों में केसीसी ऋण को सेटल करने के लिए उसे टर्म लोन में परिवर्तित कर रिकॉर्ड में केसीसी की रिकवरी दर्शा दी जाती है। इसका परिणाम होता है कि एनपीए बरकरार रहता है जो बाद में बैंकों पर बोझ बन जाता है।

### जरूरतें भारी पड़ जाती हैं तंगहाल किसान पर

बरेली कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. शिखा वर्मा कहती हैं कि मौसमी परिस्थितियों के साथ



किसानों के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपनी जरूरतें पूरी करना है। ऐसे उदाहरण आम हैं कि सरकारी योजनाओं के तहत लिए गए कृषि ऋण वे निजी जरूरतों पर खर्च कर देते हैं और फिर उसे चुका नहीं पाते। कृषि ऋणों के सही क्रियान्वयन के लिए निगरानी जरूरी है। किसान को नकद के बजाय बीज-खाद की दुकानों पर भुगतान का विकल्प भी है। क्रॉप लोन का फीडबैक लेने, फसल का ऑडिट या सर्वे जैसे उपाय भी किए जा सकते हैं।

### बिचौलिये, व्यापारी और दलाल करते हैं शोषण

भोजीपुरा के किसान मनोज कुमार कहते हैं कि ज्यादातर किसान अपनी मजबूरियों में फंसे हैं।



वे फसल तैयार होते ही जरूरतें पूरी करने के लिए उसे बेचना चाहते हैं, इसका फायदा व्यापारी, बिचौलियों और दलालों के साथ सरकारी सिस्टम में बैठे लोग भी उठाते हैं। कभी किसान को थोड़ा मुनाफा मिलता है तो कभी लागत तक नहीं मिल पाती। वह बाजार में दाम बढ़ने तक फसल को रोक नहीं सकता। आधुनिक खेती उसकी हालत में कुछ बदलाव कर सकती है लेकिन इसमें भी कमजोर आर्थिक स्थिति आड़े आ जाती है।

### पनपने नहीं देते महंगाई और छुट्टा पशु

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में बीज लेने आए किसानों से बातचीत करने पर पता चला कि महंगाई ने उनकी हालत ज्यादा पतली कर दी है। परिवार का पेट पालने के लिए जैसे-तैसे खेती कर रहे हैं तो छुट्टा पशुओं से दिन-रात जूझना पड़ रहा है। बोले, खेती-बाड़ी से कोई और उम्मीद तो कर नहीं सकते। दाल-रोटी का खर्च निकल आए, वही बहुत है। छोटे किसानों में कोई ऐसा नहीं है जो कर्जदार न हो। उनका पूरा समय इसी चिंता में गुजरता है कि कर्ज का कहां से बंदोबस्त करें।



मेरे पास नौ बीघा जमीन है। पहले 14 से 15 सौ रुपये बीघा लागत थी, अब ढाई हजार हो गई है। महंगाई बेतहाशा है। बिजली आती नहीं, डीजल के दाम बढ़ गए हैं। मजबूरी में खेती कर रहे हैं। – **मुनींद्र**, नवाबगंज



मेरे पास 14 बीघा जमीन है। छुट्टा पशुओं की समस्या ने सभी किसानों को बर्बाद कर रखा है। मजदूर काफी महंगे हो गए हैं। तीन सौ रुपये में भी नहीं मिलते। खाना खर्च अलग देना पड़ता है। – **अरविंद**, सिरौली



धान का बीज लेने आया हूं, 18 बीघा जमीन है। महंगाई से खेती की लागत डेढ़ गुना बढ़ गई है। हालांकि, अच्छी क्वालिटी का बीज बोने से पैदावार बढ़ी है, इसी से महंगाई झेल रहे हैं। – **परमिंदर**, सिरौली



तीन बीघा जोत का छोटा किसान हूं। कुछ समय मजदूरों को लेकर समस्या बढ़ गई है। भाड़ा भी बढ़ गया है। पशुओं की समस्या से किसान ज्यादा त्रस्त है। किसान जैसे-तैसे खेती कर पा रहा है। – **धर्म सिंह**, मुरादाबाद

# भीषण गर्मी से प्रसूताएं बेहाल पूरे वार्ड में सिर्फ एक ही कूलर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जिला महिला अस्पताल के पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में भर्ती हैं 27 प्रसूताएं**

**अमृत विचार :** जिला महिला अस्पताल में मरीज गर्मी से बेहाल हैं। पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में 27 प्रसूताएं भर्ती हैं। गर्मी से बचाव के लिए पूरे वार्ड में सिर्फ एक कूलर लगा है। वार्ड की नर्सिंग प्रभारी की ओर से सीएमएस को वार्ड में एसी लगवाने के लिए पत्र लिखा जा चुका है, फिर भी अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं है।

**पंखे दे रहे गर्म हवा, टांकों में संक्रमण फैलने का खतरा :** पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में ऑपरेशन के बाद प्रसूताओं को भर्ती किया जाता है। ऑपरेशन के बाद जो टांके लगाए गए हैं, पसीने व अन्य परेशानियों की वजह से उनमें संक्रमण फैल सकता है। वार्ड में जो पंखे हैं, वे गर्म हवा उगल रहे हैं। इस संबंध में कई बार तीमारदार वार्ड प्रभारी से शिकायत दर्ज करा चुके हैं।

### पेयजल संकट से भी जूझ रहे

मरीजों के साथ अस्पताल में ठहरने वाले तीमारदार भी पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां वार्ड के बाहर लगा आरओ खराब है। तीमारदारों को अस्पताल की तीसरी मंजिल पर वार्ड होने के कारण पीने के पानी के लिए सीएमएस कार्यालय के सामने लगे आरओ तक आना पड़ रहा है।

"वार्ड प्रभारी ने मरीजों की समस्या से अवगत कराया है। कुछ कूलर पुराने होने के चलते उनमें खराबी आ गई थी, जिन्हें दुरुस्त करा लिया गया है। मंगलवार को सभी वार्डों में कूलरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। – **डॉ. त्रिभुवन प्रसाद**, सीएमएस, जिला महिला अस्पताल



जिला महिला अस्पताल के वार्ड में भर्ती गर्मी से बेहाल प्रसूताएं। ● अमृत विचार

## डायरिया और बुखार के रोगियों की तादाद बढ़ी

- **जिला अस्पताल की ओपीडी में एक महीने में 10 हजार मरीजों की संख्या बढ़ी**

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी में बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में नए और पुराने रोगियों की संख्या 15 सौ रही। इनमें 220 रोगी डायरिया और 200 से अधिक रोगी बुखार के थे। आंखों में संक्रमण के मरीजों की भी संख्या बढ़ रही है। आंकड़ों के अनुसार एक महीने में ओपीडी में 10 हजार से अधिक मरीजों की संख्या बढ़ी है। मार्च में 31 हजार और अप्रैल में 42 हजार मरीज ओपीडी में पहुंचे थे।

**वार्डों में बेड बढ़ाने पड़ रहे :** जिला अस्पताल में कुल 326 बेड हैं। मरीजों की संख्या बढ़ने पर अस्पताल प्रशासन लगातार वार्डों में बेड बढ़ा रहा है। इमरजेंसी, बच्चा वार्ड, फीमेल मेडिकल समेत सभी वार्ड मरीजों से फुल चल रहे हैं। पैथोलॉजी लैब में गर्मी से राहत के इंतजाम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

## गर्मी का असर दिव्यांगजन शिविर में पसरा सन्नाटा

**बरेली, अमृत विचार :** गर्मी का असर दिव्यांग जन शिविर पर भी दिख रहा है। प्रत्येक सोमवार को सीएमओ कार्यालय में आयोजित होने वाले शिविर में दिव्यांग कम संख्या में पहुंच रहे हैं। दोपहर में शिविर में सन्नाटा पसरा रहा। दरअसल, तेज धूप और गर्मी के कारण कम ही दिव्यांग घर से निकल रहे हैं।



शिविर में कम ही पहुंचे दिव्यांग।

# 73 बीघा में बन रही सात अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **भोजीपुरा में टोल प्लाजा के पास की जा रही थी प्लाटिंग, बीडीए ने की कार्रवाई**

**अमृत विचार :** बीडीए ने सोमवार को भोजीपुरा में टोल प्लाजा के पास बनाई जा रही सात अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। ये सभी कॉलोनी 73 बीघा क्षेत्रफल में विकसित की जा रही थीं।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के बाद बीडीए की ओर से अवैध निर्माण करने के बजाए मानचित्र पास कराने की अपील जारी की थी। तय समय के बाद अब उपाध्यक्ष मानिक नंदन ए के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने सोमवार को भोजीपुरा में टोल प्लाजा के सामने सात अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

गांव दोहना पीतमराय के पास पप्पू यादव ने 10 बीघा में बिना स्वीकृति सड़क नाली, बिजली, साइट ऑफिस और भूखंडों का चिह्नांकन का काम कराया था। यहीं सचिन और इरफान भी 10 बीघा में अवैध निर्माण करा रहे थे। इलियास ने 12 बीघा, कौसर खां और मुन्ने खां ने नौ बीघा, अजीम खां, फैय्याज प्रधान ने 15 बीघा और प्राइमरी स्कूल के पास हाकिम खां ने पांच बीघा और फैय्याज प्रधान ने 12 बीघा में अवैध कॉलोनी का निर्माण शुरू कराया था। प्रवर्तन दल ने सहायक अभियंता हरीश चौधरी और लक्ष्मण सिंह रावत की अगुवाई में ये सभी निर्माण ध्वस्त कर दिए।

### दोहना पीतम राय में ही टीम पर हुआ था पथराव

दोहना पीतमराय में आठ साल पहले बीडीए की टीम तत्कालीन सचिव सुरेन्द्र सिंह और मुख्य अभियंता के साथ अवैध निर्माण ध्वस्त करने गई थी। टीम ने कार्रवाई शुरू करते ही दबंग बिल्डरों ने टीम को घेर लिया। जेसीबी पर चढ़कर उसे रोकने के साथ टीम पर पथराव कर दिया था। इसमें कई लोग घायल हुए थे। बीडीए के जेई की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। लेकिन सोमवार को हुई कार्रवाई पर कोई विरोध नहीं हुआ।

## तीन सौ बेड अस्पताल में बनेगा कोल्ड रूम वार्ड

**बरेली, अमृत विचार :** हीट वेव की चपेट में आने वालों के त्वरित उपचार के लिए तीन सौ बेड अस्पताल में पांच बेड का कोल्ड रूम वार्ड बनेगा। यहां ओपीडी में रोज करीब चार सौ मरीज आते हैं। शासन ने हीट वेव की चपेट में आने वाले मरीजों के त्वरित इलाज कराने के लिए कोल्ड रूम वार्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा ने बताया कि ओपीडी में किसी मरीज में हीट वेव के लक्षण मिलेंगे तो उसे तुरंत इस वार्ड में भर्ती किया जाएगा। कोल्ड रूम वार्ड बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# पूरे जिले में दो फिजिशियन, फिर भी बेहतर इलाज का दावा

अंकित चौहान, बरेली

- **16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिर्फ दो पर फिजिशियन**
- **तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात फिजिशियन लंबी छुट्टी पर**

**अमृत विचार :** जिले में बेहतर चिकित्सकीय सेवाओं के दावे दम तोड़ रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी मरीजों के इलाज में बाधक बन रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पिछले 10 वर्षों से 47 फीसदी डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। 16 फिजिशियन के पद हैं, लेकिन सिर्फ तीन पर तैनाती है, इनमें भी एक फिजिशियन लंबी छुट्टी पर हैं। दो फिजिशियन के कंधों पर पूरे जिले के मरीजों के इलाज का जिम्मा है। अफसरों के मुताबिक रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए शासन को कई पत्र बार लिखे जा चुके हैं, लेकिन अभी तक पद भरे नहीं गए हैं।

**रोजाना ओपीडी में आते हैं 10 हजार से अधिक मरीज :** जिले के 15 ब्लॉकों में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैं। इनमें सिर्फ बहेड़ी और फरीदपुर सीएचसी पर ही फिजिशियन की तैनाती है। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर रोजाना 10 हजार से अधिक मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। अन्य विशेषज्ञों की तुलना में फिजिशियन के पास सबसे अधिक मरीज आते हैं, ऐसे में मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों में इलाज कराना पड़ रहा है।

**जिला अस्पताल भी दो फिजिशियन के सहारे :** देहात ही नहीं बल्कि जिला अस्पताल भी रोग विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा है। यहां सिर्फ दो फिजिशियन हैं। यहां ओपीडी में रोजाना तीन से चार हजार मरीज आ रहे हैं। सबसे अधिक मरीजों की लंबी लाइन फिजिशियन के कक्षों के बाहर रहती है। जिला अस्पताल में डॉक्टरों के 47 पद सृजित हैं, इनमें से 24 रिक्त हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों के 60 फीसदी पद दस वर्षों से खाली हैं।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि लंबे समय से स्थाई पदों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्तियां नहीं हुई हैं, इसके लिए कई बार शासन स्तर पर पत्राचार किया जा चुका है। डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जा रही है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है।



पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की लाइन।

- 237 डॉक्टरों के पद हैं जिले में सृजित
- 154 डॉक्टर हैं तैनात
- 83 डॉक्टरों के पद हैं रिक्त

### फिजिशियन के 13 पद रिक्त

जिले में सीएमओ के अधीन फिजिशियन के कुल 16 पद हैं, लेकिन तीन पदों पर ही फिजिशियन हैं। 13 पद रिक्त हैं। इन तीन पदों में सिर्फ दो मरीजों को सेवाएं दे रहे हैं। एक फिजिशियन तीन सौ बेड अस्पताल में तैनात हैं, लेकिन वह बिना सूचना के करीब एक साल से अवकाश पर चल रहे हैं।

# भवनों के टैक्स में नहीं चलेगी मनमानी, रिवाइज बिल पहुंचेगा

- **एक जून से नए सॉफ्टवेयर से जारी होगा बिल**
- **ज्यादा बिल आने पर दर्ज कराई जा सकती है आपत्ति**

**बरेली, अमृत विचार:** भवनों के टैक्स में अब मनमानी नहीं चलेगी, क्योंकि एक जून से हाउस टैक्स का बिल रिवाइज कर भवनस्वामियों के पास भेजा जाएगा। करीब दो माह से चल रहे जीआईएस सर्वे के आंकड़े का मिलान नगर निगम के टैक्स विभाग ने कर लिया है। नए सॉफ्टवेयर से बिल जारी होने पर भवनस्वामियों को यह सुविधा होगी कि वे अधिक बिल आने पर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसको लेकर पूरी तैयारी कर ली गई है।

अक्सर यह शिकायत नगर निगम के अधिकारियों के पास पहुंचती थी कि हाउस टैक्स में मनमानी की जा रही है। अगर किसी का जुगाड़ है तो उसका कम बिल कर दिया जा रहा है। नई व्यवस्था में जीआईएस सर्वे में पूरा डाटा तैयार कर लिया गया है कि निगम के क्षेत्र में कितने भवन आवासीय, व्यावसायिक हैं और कितने क्षेत्रफल में हैं। इसका मिलान कर भवनस्वामियों के नाम, नंबर के साथ बिल तैयार करने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा बिल में दो कॉलम होंगे। पहले कॉलम में 2023-24 तक का पूर्ण विवरण के साथ गृहकर, जलकर, सीवर टैक्स, दूसरे कॉलम में सर्वे के बाद आए बकाया धनराशि का विवरण होगा। निगम के कर बिलों को लेकर आगरा की एक एजेंसी से करार समाप्त हो गया है। 2028 तक अब नए प्रॉपर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर से बिल तैयार किया जाएगा। अभी तक 1.45 लाख करदाता थे, लेकिन अब यह संख्या 2.22 लाख तक पहुंच गई है।

"एक जून से नए बिल भवनस्वामियों तक पहुंचने शुरू हो जाएंगे। अब जितना बड़ा भवन होगा, उसी हिसाब से कर देना होगा। अगर किसी की शिकायत होगी तो वह दर्ज की जाएगी। जिसका निस्तारण किया जाएगा। ऑनलाइन बिल जमा करने की प्रक्रिया शुरू होने से लोगों को फायदा होगा। – **प्रदीप कुमार मिश्र**, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

# सड़क निर्माण की वजह से शीशगढ़ नहीं जाएंगी सिटी बसें

**बरेली, अमृत विचार :** शीशगढ़ रूट पर चलने वाली पांच सिटी बसों का संचालन मिर्जापुर गांव में सड़क निर्माण की वजह से रोक दिया गया है।

स्मार्ट सिटी की ओर से जिले में 25 सिटी बसें ग्रामीण क्षेत्र में फरीदपुर, आंवला, मनौना धाम, शाही, शेरगढ़ और शीशगढ़ रूट पर संचालित होती हैं। शीशगढ़ जाने वाली पांच बसों का संचालन मिर्जापुर गांव में सड़क निर्माण की वजह से रोक दिया गया है। वहीं शाही के लिए चलने वाली पांच बसों में से दो बसों को भी कम आय आने पर रिजर्व में रख दिया गया है और सिर्फ तीन बसों को ही चलाया जा रहा है। अब आंवला रूट पर 11 की जगह 12 बसें चलाई जा रही हैं। सिटी बस के डिपो मैनेजर राहुल यादव ने बताया कि सड़क निर्माण की वजह से शीशगढ़ जाने वाली बसों को कुछ दिन बंद करने का निर्णय लिया गया है। सड़क निर्माण के बाद दोबारा बसें चलाई जाएंगी।













शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# सैनिक कॉलोनी में बुजुर्ग महिला को घर में बंधक बनाकर लूट, ईंट से चेहरा कुचला

## सोमवार दोपहर हुई वारदात, दरवाजा खोलते ही घर में घुसे नकाबपोश बदमाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नकदी और ज्वेलरी लूटकर फरार, अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर दो नकाबपोश बदमाशों ने ब्रेड कारोबारी बुजुर्ग महिला को घर में बंधक बनाकर लूटपाट की। विरोध करने पर बदमाशों ने महिला के चेहरे पर ईंट से वार किए। बदमाश सोने की चेन, कुंडल और 10 हजार रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। पुलिस ने दो बदमाशों के खिलाफ लूट, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

डेलापीर के पास सैनिक कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय अवधेश घर में अकेली रहती हैं। उनका बेटा मुंबई की एक कंपनी में नौकरी करता है। बेटा दो दिन पहले ही बरेली से गया था। उनकी बेटी सिंचाई विभाग बरेली में कनिष्ठ सहायक हैं और वह शास्त्रीनगर में रहती हैं। अवधेश सोमवार दोपहर करीब दो बजे घर में अकेली थीं। दोपहर में दरवाजे की कुंडी खटखटाने के बाद जैसे ही अवधेश ने दरवाजा खोला कि तभी नकाबपोश दो बदमाश उन्हें धक्का देते हुए घर में घुस गए।

बदमाशों ने उन्हें चारपाई पर लिटाकर हाथ-पैर बांध दिए। जब उन्होंने विरोध किया तो ईंट से उनके चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। अवधेश के मुताबिक दोनों बदमाशों ने उनसे चाबी छीन ली और घसीटते हुए दूसरे कमरे में ले गए। जब चाबी से अलमारी नहीं खुली तो उन्हें दूसरे कमरे में बंद कर दिया। महिला को कमरे में बंद कर बाहर बरामदे को खंगाला। अवधेश ने कमरे की खिड़की खोलकर शोर मचाया तो भीड़ आते देख बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाश उनके घर से सोने की चेन, कुंडल समेत करीब तीन तोले सोने के जेवर और 10 हजार रुपये की नकदी लूटकर ले गए हैं।



पीड़ित परिवार से घटना के बारे में पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### करीबियों पर पुलिस को शक

थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि जिस तरीके से लूट की वारदात की गई है, उससे साफ लग रहा है कि इसमें बुजुर्ग महिला का कोई करीबी शामिल है। वह घर में अकेली रहती हैं यह हर किसी को पता नहीं होगा। लूटपाट करने वाले बदमाशों की उम्र 25 साल से 30 साल तक लग रही है और उनके चेहरे पर दाढ़ी थी। पुलिस आसपास के लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों की पहचान कर रही है।

## शंटिंग कार्यों के कारण 40 मिनट देरी से चली इंटरसिटी एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** 14315 इंटरसिटी एक्सप्रेस के बरेली जंक्शन से चलने का समय सुबह 4 बजकर 55 मिनट है, लेकिन करीब आधा घंटा तक ट्रेन जंक्शन से नहीं चली तो यात्रियों ने रेल प्रशासन से शिकायत की। सुल्तान अहमद नाम के शख्स ने एक्स पर इसकी शिकायत की। करीब 40 मिनट बाद ट्रेन को चलाया गया। रेल प्रशासन ने बताया कि बरेली जंक्शन पर शंटिंग कार्यों किए जा रहे थे। जंक्शन से ट्रेन को लेट चलाया गया।

## सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता के प्लॉट पर कब्जे की कोशिश

**बरेली, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता के प्लाट पर तीन दबंगों ने फर्जी कागजात तैयार कर कब्जे की कोशिश की। आरोपियों ने विरोध करने पर प्लाट की चारदीवारी तोड़ दी और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। इज्जतनगर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के प्रभात नगर निवासी राजेश गिरी गोस्वामी के मुताबिक उन्होंने आशुतोष सिटी, पीर बहोड़ा में 24 अगस्त 2011 को सरोज अरोड़ा से एक प्लाट खरीदा था। आरोप है कि प्लाट का फर्जी बैनामा कल्लू ने सलमान और मुन्ने बख्श के नाम 10 जुलाई 2018 को करा दिया। इसमें फर्जी गवाही तसलीम खान और मोहम्मद आसिफ निवासी पीर बहोड़ा ने दी। जनवरी 2021 में साथियों के साथ प्लाट पर कब्जे की कोशिश की और तोड़फोड़ की। 4 अप्रैल को एयरफोर्स गेट के पास सड़क पर दो लोगों ने धमकी दी कि प्लाट खाली कर दो नहीं तो जान से मार देंगे और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी।

# ईडी का अधिकारी बता महिला डॉक्टर को किया डिजिटल अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नवाब मलिक के मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की दी धमकी
- डॉक्टर ने आईजी से की शिकायत साइबर थाना पुलिस को सौंपी जांच

**अमृत विचार :** साइबर ठगों ने खुद को ईडी का अधिकारी बताकर महिला डॉक्टर को मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी देकर दो घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर लिया। ठगों ने रुपये ऐंठने की कोशिश की और न देने पर जेल भेजने की धमकी दी। महिला डॉक्टर ने सोमवार को आईजी डॉ. राकेश सिंह से मामले की शिकायत की। आईजी ने मामले की जांच साइबर थाना पुलिस को सौंपी है।

कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गार्डन निवासी महिला डॉ. चीना गर्ग का आरोप है कि रविवार को उनके फोन पर एक कॉल आई। जब उन्होंने कॉल रिसीव की तो फोन करने वाले ने खुद को लखनऊ में ईडी का अधिकारी बताया। उनसे कहा कि उनका मोबाइल नंबर नवाब मलिक के मनी लॉन्ड्रिंग केस में इस्तेमाल हुआ है। उसने रुपये के लेनदेन में फंसाकर जेल भेजने की धमकी भी। उसने करीब दो घंटे तक उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया। डॉक्टर ने फोन काट कर उसका नंबर ब्लाक कर दिया और मामले की शिकायत आईजी से की। साइबर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म

दुनका, अमृत विचार : एक महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसएसपी से की है। थाना शाही क्षेत्र की महिला ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले युवक ने 22 मई को घर में घुसकर दुष्कर्म किया। जब उसने शोर मचाने की कोशिश की तो तमंचे से धमकाया। बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत थाने में की मगर कार्रवाई नहीं हुई।

# बिजली संकट से ड्राइविंग लाइसेंस बनने भी हुए ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विकास भवन के आसपास दोपहर 12 से 2 बजे तक गुल रही बिजली
- किला क्षेत्र में पूरा दिन बनी रही लो वोल्टेज की समस्या

**अमृत विचार :** विकास भवन के आसपास बिजली संकट होने की वजह से ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में ड्राइविंग लाइसेंस के काम नहीं हो सके। बिजली कटौती के अलावा सर्वर की भी दिक्कत पूरे दिन बनी रही। इसके अलावा किला में बिजली संकट बना रहा।

सोमवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक सिविल लाइंस और विकास भवन के आसपास लोकल फाल्ट की वजह से बिजली गुल हो गई। इसकी वजह से ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में लाइसेंस से संबंधित काम नहीं हो सके और आवेदकों को परेशान होना पड़ा। वहीं किला उपकेंद्र के कई फीडरों पर एक फेस नहीं होने से लो वोल्टेज की समस्या पूरे दिन बनी रही। स्टेशन रोड और कचहरी क्षेत्र में भी सुबह के समय बिजली आपूर्ति एक से दो घंटे तक बाधित रही। इसके अलावा सराय तल्फी सब स्टेशन पर पांच एमवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की वजह से करगैना, करेली, महेशपुर ठाकुरान, इटौआ सुखदेवपुर, बेनीपुर, बिरिया नारायण पुर, ऊंचा गांव में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

पुरानी जेल के पास ट्रांसफार्मर का बुश फट जाने की वजह से सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं सुभाषनगर की इफको कॉलोनी, विवेक विहार, मारुति विहार, बीडीए कालोनी, ग्रीन वैली, तिरुपति विहार, गंगानगर में ट्रिपिंग की समस्या रही।



जेल रोड पर लगा ट्रांसफार्मर हुआ खराब।

"शहर में बेहतर बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है। लोकल फाल्ट होने की सूचना मिलने पर कर्मचारियों को मौके पर भेजकर उसे ठीक कराया जा रहा है।
–अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता

**मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में ही ट्रिपिंग :** बिजली विभाग को जिले में बेहतर आपूर्ति करनी है लेकिन उसके ही कार्यालयों में ट्रिपिंग की समस्या से अधिकारी और कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। सोमवार को सर्किट हाउस स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में भी दिन में ट्रिपिंग की समस्या रही।

# शहरी क्षेत्र के कनेक्शनों पर बिजली विभाग ने बढ़ाया 2650 किलोवाट का लोड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिना लोड बढ़वाए एसी जैसे उपकरणों के इस्तेमाल के खिलाफ चला अभियान
- ओवरलोडिंग की वजह से किला और सुभाषनगर में हो रहे थे ताबड़तोड़ फाल्ट

**अमृत विचार :** कनेक्शन पर बिना लोड बढ़वाए लोग एसी-कूलर जैसे उपकरणों का जमकर इस्तेमाल कर रहे है। इससे लाइनों और ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त लोड पड़ने से ट्रिपिंग और लोकल फाल्ट बढ़ गए हैं। मई में ओवरलोडिंग पर काबू पाने के लिए अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर शहर में अभियान चलाकर कनेक्शनों पर करीब 2650 किलोवाट का लोड बढ़ाया गया है।

भीषण गर्मी में बिजली की खपत का लोड बढ़ने से अधिकारियों की तैयारी रखी रह गई। ओवरलोडिंग के कारण लगातार ट्रांसफार्मर में खराबी और बंच केबिल में आग लगने के मामले सामने आ रहे हैं। इससे बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। अधिकारियों का कहनाहै कि लोड के हिसाब से ही सबस्टेशनों के फीडरों पर ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। अब ओवरलोडिंग की वजह जानने के लिए घर-घर जाकर कनेक्शनों पर बिजली का लोड चेक किया गया तो पता चला कि लोगों ने बिना लोड बढ़वाए एसी समेत कई उपकरण लगा लिए।

मई की शुरुआत से किला और सुभाषनगर क्षेत्र में ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर फुंकने और केबिल में आग लगने के साथ लोकल फाल्ट से बिजली आपूर्ति बाधित होने लगी। लगातार बिजली गुल रहने पर सुभाषनगर उपकेंद्र का लोगों ने तीन बार घेराव कर सड़क पर जाम तक लगा दिया।

इसके बाद अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में कनेक्शन के लोड की जांच के लिए अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में कमेटी बनाई गई। टीमों ने घर-घर जाकर जांच करने के बाद शहरी क्षेत्र के पहले डिविजन में 850 किलोवाट, दूसरे डिविजन में 1200 किलोवाट, तीसरे डिविजन में 1100 और चौथे डिविजन में 580 किलोवाट का लोड़ बढ़ाया है। इसी आधार पर ओवरलोडिंग रोकने के लिए अब ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जा रही है।



"ओवरलोडिंग से लगातार फाल्ट के बाद कनेक्शनों पर लोड चेक कराया गया। जिन कनेक्शनों पर बिजली की ज्यादा खपत होती पाई गई, उनका लोड बढ़ा दिया गया है।
– अंबा प्रसाद वशिष्ठ, अधीक्षण अभियंता

### आचार संहिता हटने के बाद बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर की जाएगी कार्रवाई

- बिजली चोरी की वजह से लाइन लॉस हो रहा अधिक लोकल फाल्ट भी बढ़े

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद विभाग टीमें गठित कर बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाएगा। लाइन लॉस अधिक होने की वजह से आए दिन फाल्ट हो रहे हैं। आचार संहिता लगे होने की वजह से चेकिंग पर रोक लगी हुई है। दो महीने से बिजली विभाग और विजिलेंस का अभियान बंद होने की वजह से लोग बिजली चोरी कर रहे हैं। इसकी वजह से शाहदाना, जगतपुर, चक चुंगी और किला क्षेत्र के साथ अन्य कई इलाकों में लाइन लॉस बढ़ गया है। इसकी वजह से लोकल फाल्ट हो रहे हैं। सीओ विजिलेंस मीनाक्षी शर्मा ने बताया कि चुनाव की वजह से थानों की फोर्स भी बाहर डयूटी पर गई है। आचार संहिता हटने के बाद बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# पारा 43.8, सीजन का सबसे गर्म दिन-रात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- न्यूनतम रहा 29.6 डिग्री सेल्सियस आज भी वार्म नाइट का अलर्ट
- दो दिन पारा 42 डिग्री रहने का पूर्वानुमान, जून में चढ़ेगा तापमान

**अमृत विचार :** जिले में दिन के साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं। इस सीजन में रविवार को दिन और रात का अब तक सबसे अधिक तापमान रिकार्ड गया। मौसम विभाग ने दो दिन और तापमान बढ़ने का पूर्वानुमान जताया है और वार्म नाइट का भी येलो अलर्ट जारी किया है।

रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 43.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले छह दिनों में दिन के तापमान में करीब छह डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार को सुबह हवा में 53 प्रतिशत और शाम को 29 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अधिकतम तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28-29 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। उन्होंने बताया कि 30 मई के बाद गर्मी से लोगों को हल्की राहत मिलेगी, लेकिन बारिश की संभावना नहीं है। 1 जून के आसपास मानसून केरल के तट पर आ सकता है, जिससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जून के पहले सप्ताह में गर्मी से राहत मिल सकती है।

### लू व गर्म रातों से दिक्कतें

- छोटे बच्चों, वृद्ध और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं
- मजूदरों, किसानों और धूप में देर तक काम करने वालों को लू लगने की संभावना
- पशुधन और बागबानी फसलों पर प्रभाव पड़ेगा

### यह करें बचाव

- दोपहर के समय लंबे समय तक धूप में न रहें
- हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े पहनें
- डिहाइड्रेशन से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ पिएं
- फसलों की बार-बार सिंचाई करें
- दोपहर में जानवरों को चराने से बचें और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं

# शहर के 44 अस्पताल और 49 होटलों पर 10-10 हजार का लगाया जुर्माना

दिग्विजय मिश्रा, बरेली

- दिल्ली में हुए अग्निकांड के बाद सख्त हुआ अग्निशमन विभाग
- कई नोटिसों का जवाब नहीं दिया था इन व्यावसायिक संस्थानों ने

**अमृत विचार :** दिल्ली के बेबी केयर सेंटर में हुए अग्निकांड के बाद बरेली अग्निशमन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। अग्निशमन विभाग ने 44 निजी अस्पतालों और 49 होटल संचालकों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना ठोका है जिसे जल्द जमा न करने पर विभाग आगे कार्रवाई करेगा। जिन अस्पतालों, होटलों और बरातघरों पर जुर्माना लगाया गया है, उन्हें दो साल में कई बार नोटिस जारी किया जा चुका है। इन नोटिसों पर कोई जवाब तक नहीं दिया गया।

कुछ दिन पहले महिला अस्पताल के एसएनसीयू में आग लग गई थी। यहां से रेफर करने के दौरान बच्चे की मौत भी हो गई थी। शहर में इस तरह के कई हादसे हुए हैं। इसके बावजूद कई भवनों में अग्नि सुरक्षा के इंतजाम नहीं हैं। इस कारण अग्निशमन विभाग ने ऐसे 165 व्यावसायिक भवनों को चिह्नित कर नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब देने को कहा है। इनमें निजी अस्पताल, शॉपिंग मॉल, बड़े शोरूम समेत व्यावसायिक गतिविधियां वाले भवन शामिल हैं।

बता दें कि जिन निजी अस्पतालों, होटलों और बरातघरों पर अग्निशमन विभाग ने जुर्माना ठोका है, इन सभी को दो साल में चार से सात बार नोटिस जारी किया जा चुका है। लगातार रिमाइंडर के बाद भी किसी से कोई जवाब न मिलने पर अग्निशमन विभाग ने जुर्माना लगाया है। अगर ये जुर्माना नहीं भरते हैं तो इनकी संपत्ति कुर्क करने के साथ रिपोर्ट भी दर्ज कराई जाएगी। अन्य अस्पतालों और होटलों का भी ब्योरा जुटाया जा रहा है।

### 2022 के नए एक्ट में मिली ताकत

2022 में उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवा एक्ट आने के बाद अग्निशमन विभाग को नई ताकत मिली है। इसके तहत विभाग अब ऐसे संस्थानों पर जुर्माना लगा सकता है। इसके पहले विभाग के पास वाद दायर करने व नोटिस जारी करने के अलावा कोई ताकत नहीं थी।

### पहले नोटिस के बाद हर दिन एक हजार का अतिरिक्त जुर्माना

अग्निशमन विभाग के अनुसार जिन निजी अस्पतालों, होटलों बरातघरों को नोटिस दिया गया है, उन्हें जिस दिन पहला नोटिस जारी किया गया था, उसी दिन से रोज एक हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना देना होगा। जो दस हजार रुपये का जुर्माना लगा है, वह एक बार के लिए ही होगा। इस तरह अग्निशमन विभाग जुर्माने के रूप में लाखों का राजस्व भी जुटाएगा। जिले भर में करीब चार सौ निजी अस्पताल हैं जिसमें 235 के पास ही फायर एनओसी है।

### सरकारी अस्पतालों पर मेहरबान

जहां 44 प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ अग्निशमन विभाग ने नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया है, वहीं सरकारी अस्पतालों पर पूरी तरह मेहरबानी दिखाई है। सरकारी अस्पतालों के बारे में भी विभाग ने सीएमओ से पत्राचार कर अवगत कराया था। उसके बाद रिमाइंडर भी भेजा लेकिन कार्रवाई नहीं की।

### जांच के लिए तीन टीमें रोज मुख्यालय भेज रही रिपोर्ट

मुख्य अग्निशमन अधिकारी चंद्रमोहन शर्मा ने बताया कि तीन टीमें गठित की गई हैं जो रोज अपने क्षेत्रों में अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट और बरातघरों का निरीक्षण कर रही हैं। फायर सेफ्टी से एनओसी तक जांच कर रही हैं। हर दिन की रिपोर्ट टीम शाम को उन्हें देती हैं जिसे वह रोज मुख्यालय भेजते हैं। टीम को 10 दिन का टारगेट दिया गया है जो जांच कर एक फाइनल रिपोर्ट भी उन्हें देंगी। यह रिपोर्ट भी मुख्यालय भेजी जाएगी।

"44 निजी अस्पतालों, 49 होटल और बरातघरों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इन सभी को जिस दिन पहला नोटिस दिया गया था, उसी दिन से रोज एक हजार रुपये जोड़कर अतिरिक्त देना होगा। जिले में तीन टीमें इस तरह के प्रतिष्ठानों और संस्थानों की जांच कर रही है। जल्द अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
– चंद्रमोहन शर्मा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी

# कारखाना अंडरपास पर शंटिंग लाइनों को काटकर रखे सेगमेंट बॉक्स

- बुधवार से इज्जतनगर भोजीपुरा मेन लाइन पर ब्लॉक शुरू होगा
- मंडल में पहली बार पुश तकनीक से रखे जा रहे हैं सेगमेंट बॉक्स

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल यांत्रिक कारखाना के पास अधर में लटका अंडरपास का निर्माण शुरू हो चुका है। सोमवार को शंटिंग लाइनों को काटकर सेगमेंट बॉक्स रखने का काम किया गया। 29 मई से पांच जून तक मेन लाइन पर ब्लॉक लेकर सेगमेंट बॉक्स रखे जाएंगे। रेल अधिकारियों के मुताबिक मंडल में पहली बार पुश तकनीक के जरिए सेगमेंट बॉक्स रखे जा रहे हैं। मेनलाइन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को कॉशन देकर निकाला जा रहा है।

जहां अंडरपास का निर्माण चल रहा है। वहां से तीन शंटिंग लाइनें गुजरती हैं। जिनपर ब्लॉक शनिवार को शुरू हो गया था। अंडरपास डीआरएम कार्यालय रोड और दूसरे छोर पर रोड नंबर चार के नीचे से होकर वाइशेप में बनाया जाएगा। इज्ज्तनगर से भोजीपुरा को जाने वाली मेनलाइन पर काम बुधवार को शुरू होगा। सोमवार को गर्डर लगाने का काम किया गया। शंटिंग लाइनों को यह गर्डर सपोर्ट देंगे। जिससे शंटिंग कार्य होते रहेंगे और रेल प्रशासन का समय भी बचेगा। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि अंडरपास में सेगमेंट बॉक्स को पुश तकनीक से रखे जाएंगे। इसके लिए हाईटेक क्रेन और मशीनें बाहर से मंगाई गई हैं।



शंटिंग लाइन काटकर रखे जा रहे सेगमेंट बॉक्स। ● अमृत विचार

### हाईवे के नीचे रखेंगे सेगमेंट बॉक्स

रेल अधिकारियों के मुताबिक पहले रेलवे लाइन के नीचे और फिर नैनीताल रोड पर सेगमेंट बॉक्स रखने का काम किया जाएगा। रोड नंबर चार की तरफ से सेगमेंट बॉक्स रखने शुरू किए जाएंगे। जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह के अनुसार हाईवे की एक-एक लेन पर काम होगा, जिससे की रास्ता बाधित नहीं होगा।

# हसनी मियां का उर्स आज से

- खानकाह-ए-नियाजिया में दूर दराज के फनकार पेश करेंगे कलाम

**बरेली, अमृत विचार :** हजरत शाह मोहम्मद हसनैन उर्फ हसनी मियां का दो दिवसीय उर्स खानकाह-ए-नियाजिया में मंगलवार को शुरू होगा। देश विदेश से हाजिरी देने आने वाले फनकार अपनी अकीदत खानकाह में पेश करेंगे।

खानकाह-ए-नियाजिया के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी ने बताया कि खानकाह के बानी हजरत शाह नियाज अहमद के पांचवें जानशीन हसनी मियां नियाजी का दो दिवसीय उर्स 28 और 29 मई को सज्जादानशीन मेहंदी मियां की सरपरस्ती में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महफिल-ए-समां में फनकार कलाम पेश करेंगे। 29 मई को बड़ा कुल होगा। साथ ही खास दस्तरख्वान का आयोजन होगा। इशा की नमाज के बाद महफिल-ए-सिमां होगी। दोपहर 2:10 बजे कुल की रस्म अदा होगी। कड़का होगा, जिसमें रंग पढ़ा जाएगा। अजमेर, दिल्ली, कलियर, रामपुर आदि खानकाहों से सज्जादानशीन उर्स में शामिल होने आ रहे हैं।

# स्मार्ट सिटी : हवा का झोंका भी नहीं झेल पा रही हैं फैंसी लाइटें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोल समेत हो रही हैं धराशायी गुणवत्ता पर खड़ा हो रहा है सवाल

**अमृत विचार:** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों खर्च कर शहर भर में लगाई गईं फैंसी लैंप लाइटें कमजोर होने के कारण हवा का झोंका तक नहीं झेल पा रही हैं। इस कारण लगने के कुछ समय बाद ही उनके पोल गिरकर टूट जा रहे हैं। उन्हें फिर सही कराने में 15 दिन से ज्यादा समय लग जा रहा है।

करीब दो माह पहले नॉवल्टी चौराहे के पास दो जगहों पर फैंसी लाइटें लगाई गई थीं जो दो दिनों से गिरी हुई हैं। दुकानदारों ने बताया कि दो दिन से खंभा गिरा पड़ा है। इसी चौराहे पर फरवरी में बड़ी फैंसी लाइट अचानक झुक गई थी जिससे हादसा होने से बचा था। कुछ दूरी पर पुराने रोडवेज के पास करीब पांच माह पहले दो जगहों पर लगी लाइटें गिर गई थीं। अब भी टीबी अस्पताल के पास एक फैंसी लाइट का पोल झुका हुआ है जिसे ठीक नहीं किया गया है। इससे फैंसी लाइटें के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा हो रहा है। इतना बजट खर्च करने के बाद भी लोगों को इसका फायदा नहीं मिल पा रहा है। लोगों का कहना है कि अभी यह हाल है तो आंधी और बारिश के दिनों में फैंसी लाइटों का क्या होगा।



नॉवल्टी चौराहा पर टूटा पड़ा खंभा और फैंसी लाइट। ● अमृत विचार

### 55 फैंसी लाइटें हो चुकी है चोरी

बरेली : फैंसी लाइटों के पोल और सरिया कमजोर होने का फायदा चोर भी उठा रहे है। लाइटों के चोरी होने की शिकायत भी विभाग के पास पहुंच रही है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब साढ़े छह करोड़ की लाइटें लगाई गई थीं। चोर इन लाइटों और पोल को चोरी कर रहे है। अब तक विभाग के पास करीब 55 लाइटों का सामान चोरी की सूचना पहुंची है। बरेली स्मार्ट सिटी कंपनी के एसीईओ एसके यादव ने बताया कि चोरी होने की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाती है।

## सार-संक्षेप

### मेयर की एक साल की उपलब्धियों की सराहना



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्र जागरण उद्योग व्यापार मंडल ने मेयर डॉ. उमेश गौतम का सफलता पूर्वक कार्यकाल एक साल पूरा होने और शहर का तेजी से विकास कराए जाने पर उन्हें बधाई दी। महानगर अध्यक्ष विशाल मेहरोत्रा ने कहा कि मेयर का यह एक वर्ष शहर और व्यापारियों के लिए सफल रहा। इस एक साल में शहर को आदिनाथ चौक और महादेव सेतु जैसे बड़े प्रोजेक्ट मिले। युवा मंडल महामंत्री और उपसभापति सर्वेश रस्तोगी ने कहा कि मेयर के नेतृत्व में एक साल विकास कार्य के लिए समर्पित रहा। अमित भारद्वाज, विपिन अग्रवाल, संजू गुप्ता जीतू देवनानी, राजू मिश्रा, नीरज रस्तोगी, मुनेंद्र यादव, अजय चौहान, पार्षद नरेंद्र सिंह आदि ने मेयर को बधाई दी है।

### कर्मचारियों को दी भविष्य निधि योजना की जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आठ जिलों में निधि आपके निकट– 2.0 कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नियोक्ता एवं कर्मचारियों को भविष्य निधि योजना की जानकारी दी गई। बरेली स्थित कार्यालय में लेखाधिकारी रमेश चंद्र ने पेंशनधारकों को ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र के नवीनीकरण करने, ई–नोमीनेशन कराने के प्रति जागरूक किया। समस्याओं का त्वरित निपटारा किया गया। लंबित शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज किया गया।

### इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन के अखिल अध्यक्ष और मुकेश सचिव बने



**बरेली, अमृत विचार :** इन्कम टैक्स बार एसोसिएशन की वर्ष 2024–25 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन बरेली क्लब में एल्डर कमेटी के निर्देशन में हुआ, जिसमें अखिल रस्तोगी को अध्यक्ष, मुकेश मिश्रा को सचिव, गगन मेहरोत्रा को उपाध्यक्ष, विवेक शर्मा को संयुक्त सचिव, रोहन गर्ग को कोषाध्यक्ष और विनीश अरोड़ा को ऑडिटर चुना गया। सभी वरिष्ठ सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई दी। अध्यक्ष और सचिव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### बीए की भूगोल और इतिहास की मौखिकी 28-29 को

**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में बीए षष्टम सेमेस्टर की भूगोल और इतिहास की मौखिकी की तिथि निर्धारित कर दी गई है। भूगोल विषय की मौखिकी 28 को और इतिहास की 29 मई को होगी।

### पुण्य तिथि पर जवाहरलाल नेहरू को दी श्रद्धांजलि



**बरेली, अमृत विचार :** महानगर कांग्रेस कमेटी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सोमवार को कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। महेश पंडित, योगेश जौहरी, फिरोज खान, नदीम, ताहिर, गौहर, शनि भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, आशीष भारद्वाज, गौरव भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

### सैमसंग गैलेक्सी एफ सीरीज की लांचिंग



**बरेली, अमृत विचार :** पटेल चौक स्थित सैमसंग स्टोर एसआर कम्युनिकेशन पर सैमसंग गैलेक्सी एफ सीरीज की लांचिंग हुई। इसमें कंपनी के अधिकारी और स्टोर के ओनर शिवम अग्रवाल मौजूद रहे। सैमसंग ने शानदार फीचर्स के साथ इसे लांच किया। इस फोन का लाइव डेमो स्टोर पर उपलब्ध है।

### पीपीएफ खाते खुलवाने के लिए किया जाएगा जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** डाक विभाग में पीपीएफ खाता खुलवाने के लिए ग्राहकों को जागरूक किया जाएगा। विभाग 1 से 15 जून तक अभियान चलाएगा। इस संबंध में डाक विभाग निदेशालय ने अफसरों को निर्देश दिए हैं। जन संपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि डाकिया और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मी मिलकर यह अभियान चलाएंगे।

# प्रो. जेटली की पेंशन-जीपीएफ राशि रोकने पर कमिश्नर ने वित्त अधिकारी से मांगी रिपोर्ट

## रुविवि : शासन को भी इस मामले में वित्त अधिकारी को निर्देश जारी करने को लिखा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




- प्रो. जेटली ने कुलपति पर कई आरोप लगाते हुए कमिश्नर से की थी शिकायत

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर एके जेटली की पेंशन का 20 प्रतिशत और जीपीएफ राशि रोकने के मामले में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने वित्त अधिकारी को जरूरी निर्देश देने के लिए शासन को लिखा है। इसके साथ विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी से भी रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में कुलपति के खिलाफ प्रो. जेटली की शिकायत के बाद कमिश्नर ने अपर आयुक्त वित्त से मामले की जांच कराई थी। उधर, विश्वविद्यालय ने प्रो. जेटली आरोपों को गलत बताते हुए कोर्ट के आदेश पर उनकी पेंशन और जीपीएफ रोकने की बात कही है।

सरस्वती विहार निवासी प्रो. एके जेटली ने 12 मार्च को कमिश्नर से शिकायत की थी कि उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चल रही है जिसमें उन्हें अभी कोई दंड नहीं दिया गया है। इसके बावजूद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने नियमविरुद्ध ढंग से उनकी 20 प्रतिशत पेंशन और जीपीएफ की धनराशि रोक दी है। कमिश्नर ने इस शिकायत पर अपर आयुक्त वित्त से जांच कराई। अपर आयुक्त ने 22 अप्रैल को रिपोर्ट दी कि कुलपति ने 24 दिसंबर 2021 को जीपीएफ के पूर्ण और अनंतिम पेंशन के 80 प्रतिशत के मासिक भुगतान की स्वीकृति दी। जीपीएफ के ब्याज की धनराशि और 20 प्रतिशत पेंशन का अंश किन परिस्थितियों में रोका गया, यह साफ नहीं है। विश्वविद्यालय की इस बारे में स्थिति स्पष्ट कर सकता है।

इसके बाद कमिश्नर ने 9 मई को विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी को प्रो. जेटली की पेंशन और जीपीएफ रोकने के संबंध में रिपोर्ट मांगी है और इसका कारण स्पष्ट करने को कहा है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा को भी पत्र लिखकर से विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी को इस मामले में कार्यवाही के लिए निर्देश देने का आग्रह करते हुए पत्र लिखा है।

### प्रोफेसर खुद को बचाने के लिए बना रहे दबाव

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह ने बताया कि प्रो. जेटली ने 27 अप्रैल को कुलपति पर गंभीर आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पर शिकायतें की थीं। इसमें उन पर पंतनगर विश्वविद्यालय से अवकाश स्वीकृत न होने के बावजूद कुलपति बने रहने, प्रोफेसरों और कर्मचारियों की नियुक्तियों में गड़बड़ी, गोपनीय कार्य के लिए 50 करोड़ रुपये लेकर समायोजित न करने जैसे कई आरोप थे। विश्वविद्यालय के आईजीआरएस प्रभारी की ओर से दिए जवाब में प्रो. जेटली के सभी आरोपों को गलत बताया गया। कहा गया कि प्रो. जेटली 30 जून 2021 को सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वह अकादमिक और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के बाद नौ महीने निलंबित रहे। तत्कालीन कुलपति की ओर से नामित जांच अधिकारी (एचजेएस) जिला जज की रिपोर्ट में पाया गया कि प्रो. जेटली ने दो शोध बिना प्रकाशित किए गलत प्रोन्नति ली। हाईस्कूल के अंकों में हेराफेरी के साथ क्रीड़ा विभाग में जिम के लिए सामान खरीद में भी गड़बड़ी की। डॉ. अमित ने बताया कि प्रो. जेटली हाईकोर्ट गए थे। कोर्ट के आदेश पर ही पेंशन और जीपीएफ राशि रोकी गई है। राज्यपाल के निर्देश पर विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत कुलपति की कोर्ट में मामला विचाराधीन है।

# बरेली कॉलेज में दो घंटे ही जमा होंगी प्रवेश फार्म की हार्ड कापियां



बरेली कॉलेज में प्रवेश परीक्षा फार्म के संबंध में जानकारी लेतीं छात्राएं।

- बीए, बीएससी और बीकॉम की 4440 सीटों के सापेक्ष 1937 हुए पंजीकरण

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज ने विधि की परीक्षाओं की वजह से प्रवेश पंजीकरण की हार्डकॉपी जमा करने का समय निर्धारित कर दिया है। सेमिनार कक्ष में अब सिर्फ दो घंटे ही हार्ड कापियां जमा होंगी। स्नातक की बीए, बीएससी और बीकॉम की 4440 सीटों के सापेक्ष अभी 1937 पंजीकरण हुए हैं।

मुख्य प्रवेश नियत्रंक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि प्रवेश फार्म की हार्डकॉपी सुबह 10:30 से 12:30 तक जमा होंगी। पहले समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे प्रवेश समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं और किसी भी दलाल के चक्कर में न पड़ें।

### बीएससी जीव विज्ञान में सीटों के करीब पहुंचे पंजीकरण

बरेली कॉलेज में बीएससी जीव विज्ञान प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए सीटों के सापेक्ष आवेदन पहुंच गए हैं। अभी 9 जून तक पंजीकरण होंगे। ऐसे में सीटों के सापेक्ष अधिक आवेदन होने की वजह से मेरिट हाई रह सकती है। प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीएससी जीव विज्ञान में 720 सीटों के सापेक्ष अब तक 516 आवेदन आ चुके हैं। इसके अलावा बीए की 1840 सीटों के सापेक्ष 939, बीकॉम की 1040 के सापेक्ष 293, बीएससी गणित की 840 सीटों के सापेक्ष 189 पंजीकरण हुए हैं। इसके अलावा बीबीए में 131, बीसीए में 166 और बीकॉम ऑनर्स में 97 पंजीकरण हुए हैं।

# बरेली कॉलेज में 1334 छात्र देंगे एलएलबी की परीक्षा

- विश्वविद्यालय ने अलग-अलग जिलों में 43 केंद्र बनाए, कई अन्य पाठ्यक्रमों की भी आज से परीक्षाएं

**बरेली, अमृत विचार :** एलएलबी, बीएएलएलबी, एलएलएम समेत कई पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं मंगलवार से 43 केंद्रों पर शुरू होंगी। बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत चार केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन कॉलेज में सिर्फ एलएलबी के छात्रों की परीक्षा होगी, जिसमें 1334 छात्र शामिल होंगे।

सोमवार को चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे और परीक्षा नियंत्रक डॉ. बीनम सक्सेना ने परीक्षा की तैयारी की। चीफ प्रॉक्टर ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड को परीक्षा के दौरान सख्ती बरतने के निर्देश दिए। डॉ. बीनम ने बताया कि मंगलवार को तृतीय पाली में दोपहर 3 से 6 बजे तक 1334 छात्रों की एलएलबी की परीक्षा होगी। परीक्षा में बरेली कॉलेज के अलावा क्लासिक लॉ कॉलेज के छात्र शामिल होंगे। इसके अलावा मैस्कॉट कॉलेज का सिर्फ एक छात्र परीक्षा में शामिल होगा। नए परीक्षा भवन समेत अन्य कक्षों में परीक्षा होगी।

### बीफार्मा के छात्रों ने परीक्षा आगे बढ़ाने की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बीफार्मा के छात्रों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में इंटरनल परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि गर्मी में पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्रों ने कहा कि बिजली संकट से भी दिक्कत हो रही है। छात्रों ने उप कुलसचिव से मामले की शिकायत की है। बीफार्मा प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के मुताबिक उनकी आंतरिक परीक्षा 1 जुलाई से शुरू होंगी, जबकि पहले 25 जून से हो रही थीं। अभी उनका कोर्स पूरा नहीं हुआ है, ऐसे में जल्द परीक्षा से दिक्कत होगी।

### 11 माह में लिए 33 औषधियों के सैंपल, एक की भी जांच रिपोर्ट नहीं आई

**बरेली, अमृत विचार :** 11 माह पहले आयुर्वेदिक दवाओं के 33 सैंपल लेकर लैब जांच के लिए लखनऊ भेजे गए, लेकिन अभी तक एक भी सैंपल की जांच रिपोर्ट नहीं आई है। जबकि नया वित्तीय वर्ष शुरू हो चुका है। औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों से पांच तरह के चूर्ण, 16 तरह के सीरप, दो तरह के तेल, सात वटी, आयुर्वेदिक कैप्सूल, आई ड्रॉप समेत कई दवाओं के सैंपल लिए थे।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अमरदीप नायक के मुताबिक जांच के लिए नियमित रूप से सैंपल लिए जाते हैं, लेकिन रिपोर्ट आने में कितना समय लगेगा, इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता है। तीन माह पहले आयुर्वेदिक दवाओं में एलोपैथिक तत्वों के होने पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारियों को जांच का आदेश दिया गया था। कई दवाओं में मिलावट होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसमें विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल, पेननिल चूर्ण, एज–फिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, स्लीमेक्स चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकन गोल्ड कैप्सूल, डायबियंट शुगर टेबलेट जैसी आयुर्वेदिक औषधियों के नाम शामिल थे।

# आईआईए 15 मेगावाट के रूफ टॉप पैनल लगाकर बिजली उत्पादन करेगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



मंथन बैठक में मौजूद आईआईए के सदस्य। • अमृत विचार

- उद्यमियों ने बैठक कर बिजली बचत और उत्पादन पर किया मंथन

**अमृत विचार :** आईआईए उद्यमियों के लिए 15 मेगावाट के रूफ टॉप पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन करेगा, जो उद्यमियों को कामर्शियल बिजली के बढ़ते दामों से राहत दिलाएगा और उनके व्यवसाय को बढ़ाने में सहायक होगा। सोमवार को मंथन बैठक में उद्यमियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की और इंडस्ट्री और कामर्शियल एरिया में सोलर पैनल से बिजली बनाने के संबंध में जानकारी साझा की।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन बरेली चैप्टर की ओर से स्टेशन रोड स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में चैप्टर चेयरमैन तनुज भसीन ने बताया कि सोलर पैनल लगाकर हम अपनी इंडस्ट्रीज या कामर्शियल एरिया में बिजली का उत्पादन कर उसको प्रयोग करने के साथ बची हुई बिजली ग्रिड में भेजकर धन अर्जित कर सकते हैं।

बताया कि आईआईए ने एक कार्यक्रम बनाया है, जिसमें वह रूफटॉप के माध्यम से कम से कम 15 मेगावाट की बिजली उत्पादन का प्रयास कर रहे हैं। इस संबंध में उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। सोलर ऊर्जा प्लांट लगाने के लिए एक कंपनी की निदेशिका गुंजन भारद्वाज और निदेशक अंकुर अग्रवाल ने सस्ते दर पर ऋण उपलब्ध होने की जानकारी दी। उद्यमियों ने सोलर पैनल लगाने को लेकर रूचि दिखाई है। तनुज भसीन के मुताबिक संस्थान 10 दिन में कम से कम 5 मेगावाट का डाटा कलेक्ट कर चार से पांच अलग अलग सर्विस प्रोवाइडर से एक उचित मूल्य निकलवाएगी और इस दिशा में काम किया जाएगा। संचालन चैप्टर सचिव मयूर धीरवानी ने किया। कोषाध्यक्ष रजत मेहरोत्रा ने आभार जताया। वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, सुरेश सुन्दरानी, हर्षवर्धन, चंद्र भूषण सक्सेना, अशोक मित्तल, तेजेन्द्र सिंह, सुनीत मूना, रवि खंडेलवाल, राकेश धीरवानी, धनंजय विक्रम सिंह, विनीत सक्सेना, रिषभ दीक्षित, राजेश अग्रवाल, चानदीप सिंह, अंकित बंसल, मोहित ऐरन, अभय जयसौरिया, अभिनव कटरू, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# फुटबॉल : दोनों वर्गों में जीता आर्मी पब्लिक स्कूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सेक्रेड हार्ट स्कूल में मेडल के साथ करन सिंह मेमोरियल इंटर फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। • अमृत विचार

- करन सिंह मेमोरियल इंटर फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 और अंडर- 19 का फाइनल

**अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित करन सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मैचों में आर्मी पब्लिक स्कूल की टीमें विजेता रहीं। आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम ने अंडर 14 में सेक्रेड हार्ट एक की टीम को 2-0 से और अंडर 19 में सेक्रेड हार्ट ए की टीम को टाई ब्रेकर में 3-1 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।

इससे पहले अंडर-19 वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल कृष्णा पब्लिक स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स ए टीम के बीच खेला गया। जिसमें सेक्रेड हार्ट्स ए ने 3-0 से जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच आर्मी पब्लिक स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स ए टीम के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमें अंत तक बराबर पर रहीं जिससे मैच का परिणाम निकालने के लिए टाई ब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल की टीम ने 3-1 से विजय प्राप्त कर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले के दौरान मुख्य अतिथि निदेशिका राधा सिंह रहीं। इस दौरान कार्यकारी निदेशक निर्भय बेनीवाल, प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी हरवंश सिंह बिष्ट, चंद्र कुमार यादव, अविनाश शर्मा, मनोज कुमार, रिंकू गोम्स, शाहनवाज खान, सुभाष चन्द्र भगत, राज, सुनील, अनुपम आदि शामिल रहे।

# पीलिया से पांच माह के बच्चे की थम गईं सांसें

- रविवार देर रात परिजनों ने जिला अस्पताल में कराया था भर्ती

**बरेली, अमृत विचार :** परिजनों ने गंभीर हालत में पांच माह के बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बच्चा पीलिया, डायरिया के साथ गंभीर सांस रोग से ग्रसित था। सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई।

पीलीभीत जिले के गजरौला निवासी अरविंद का पांच माह का बेटा दिव्यांश कई दिन से बीमार था। पहले घरवालों ने पास के अस्पताल में बच्चे को दिखाया, लेकिन कोई आराम नहीं मिला। इसपर परिजनों ने उसे रविवार रात 12 :30 बजे जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती कराया। जांच में बच्चा डायरिया के लक्षण के साथ गंभीर पीलिया से भी ग्रसित मिला। बच्चे की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार देकर स्टाफ ने हायर सेंटर रेफर किया, लेकिन सोमवार सुबह 4 बजे बच्चे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### छह माह बाद वार्ड में बच्चे की मौत

जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में करीब 6 माह बाद किसी बच्चे की मौत हुई है। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक बच्चे की हालत पहले से ही काफी गंभीर थी। रेफर करने के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

### डीएम ने मतगणना के संबंध में दिए निर्देश



**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में मतगणना की तैयारियों को लेकर कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। इसको लेकर अफसरों को दिशा निर्देश दिए। इससे पहले डीएम की अध्यक्षता में मतगणना को संपन्न कराने के लिए ईटीबीपीएस की ट्रेनिंग हुई। इस दौरान डीएम ने प्रशिक्षण में सीडीओ जग प्रवेश से मतगणना सुपरवाइजरों की उपस्थित के बारे में जानकारी ली। अपर जिलाधिकारी प्रशासन दिनेश, उपनिदेशक मंडी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर उदित पवार आदि मौजूद रहे।

# थानों में सुनवाई नहीं, एसएसपी कार्यालय में फरियादियों की भीड़

प्रदीप यादव, बरेली

- एसएसपी ने दिए थे फरियादियों को न लौटाने के निर्देश, थानों पर असर नहीं
- भीषण गर्मी में जिले के कोने-कोने से शिकायतें लेकर पहुंचते हैं तमाम लोग

**अमृत विचार :** एसएसपी की फरियादियों को किसी भी हालत में थाने से निराश न लौटाने के निर्देश का कितना असर हुआ, इसकी गवाही खुद उनके कार्यालय पर फरियादियों की रोज जुटने वाली भीड़ दे रही है। कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद दिन शुरू होते ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का मेला लगना शुरू हो जाता है। न्याय की आस में जिले के कोने-कोने से लोग फरियाद लेकर यहां पहुंचते हैं।

सोमवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे कई लोगों ने बताया कि थानों में उनकी शिकायत तो ले ली जाती है लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। गर्मी में थाने के कई-कई चक्कर कटवाने के बाद थानों के अधिकारी हर बार फोर्स की कमी का हवाला देकर उन्हें लौटा देते हैं। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान रोज 2 बजे तक कार्यालय में फरियादें सुनते हैं, इस बीच उनके दफ्तर के बाहर लगातार फरियादियों की कतार लगी रहती है। एसएसपी कार्यालय पर फरियादियों की बढ़ती भीड़ साफ इशारा कर रही है कि थानों में आम जनता की नहीं सुनी जा रही है।

### जमीन विवाद, घरेलू हिंसा के मामले ज्यादा

एसएसपी के पास आने वाली शिकायतों में ज्यादातर मामले जमीन के विवाद और घरेलू हिंसा से जुड़े हैं। जमीन के विवाद पुलिस राजस्व विभाग पर टाल देती है। पीड़ितों को लगता है कि पुलिस उन्हें जानबूझकर टाल रही है। इसी तरह घरेलू हिंसा और ठगी जैसे मामलों में भी पुलिस के कार्रवाई न करने की तमाम शिकायतें हैं।

> जनपद में लोकसभा चुनाव के दौरान फरियादियों की शिकायतों में बढ़ोतरी हुई थी। चौथे चरण का चुनाव होने के बाद फोर्स वापस लौट आया है। अब जनपद के थानों में पुलिस फोर्स की कमी नहीं है।
>
> – **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

### रिपोर्ट दर्ज करने से साफ मना कर देती है पुलिस

- स्टॉक मार्केट में ऑनलाइन पैसे लगाया था। 30 अप्रैल को 2.23 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। इसकी शिकायत थाना आंवला में की तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इन्कार कर दिया। थाने के 8–10 चक्कर काटने पर भी रिपोर्ट नहीं लिखी तो एसएसपी कार्यालय आया हूं। **– सतेंद्र, आंवला**
- जमीन में हिस्सा मांगने पर सौतेली मां ने 17 मई को लाठी–डंडों से पीटा था, एक हाथ और सिर में चोट लगी है। थाना बिथरी चैनपुर में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। चार दिन चक्कर काटने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई करने से इन्कार कर दिया। **–किशन गोपाल, बिथरी चैनपुर**
- मेरी गाय पड़ोसी रामपाल के घर में घुस गई थी। इसी बात पर भड़के रामपाल ने दिव्यांग होने के बावजूद मेरे साथ बेरहमी से मारपीट की। शिकायत लेकर थाना भुता गया तो पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से साफ मना कर दिया। अब 20 किमी दूर शिकायत करने आना पड़ा है। **– मिश्री लाल, भुता**
- 18 मई को जमीन को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया था। थाना मीरगंज में शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट तो दर्ज कर ली लेकिन आगे कोई कार्रवाई नहीं की। चार दिन थाने के चक्कर काटने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई तो न्याय की उम्मीद लेकर एसएसपी कार्यालय आया हूं। **– विनीत, मीरगंज**

### श्री रामायण मंदिर में भजनों से बांधा समा

**बरेली, अमृत विचार :** माधोबाड़ी स्थित श्री रामायण मंदिर में षष्ठी पूर्ति महोत्सव में सोमवार को वृंदावन के पारस लाड़ला और माधवी शर्मा ने हमारी राधारानी, हमारी राधारानी... ये चमक यह धमक फुलवन में महक... करुणा भरी नजर से निहारो ना लाड़ली... शुक्र तेरा, शुक्र तेरा आदि भजनों से समा बांध दिया।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अनिल अरोड़ा के मुताबिक यह आयोजन मंदिर के साठ वर्ष पूर्ण होने पर किया गया है। नवीन अरोड़ा, भूषण अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, बृज लाल अरोड़ा, विपिन गांधी, सक्षम गांधी, काकाजी राम अरोड़ा, मिक्की अरोड़ा आदि मौजूद रहे।


### तलाश गुमशुदा



मेरी पत्नी आरती देवी उम्र 48 वर्ष जो दिनांक 26.05.2024 समय 22.30 बजे पारिवारिक क्लेश के कारण घर बिना बताये कहीं चली गयी। आपसी लोगों एवं रिश्तेदारों से फोन करके जानकारी ली किन्तु उनका अभी तक कुछ पता नहीं चला है। **उनका हुलिया रंगः– गेहुआ कदः– 5 फिट 2 इंच साड़ी गोल्डन काला।** यदि अपहर्ता आरती देवी के बारे में कोई सूचना/जानकारी प्राप्त होती है नीचे लिखे मो. नम्बरों पर सूचित करने का कष्ट करें। **दीपक कुमार (पूर्व सैनिक) पुत्र स्व. हीरा सिंह नि. मो. अनुपम नगर पो. सुभाषनगर बरेली मो. 8279322456।**

# अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम से व्यापारियों की नोकझोंक

## कुतुबखाना पुल के नीचे से फड़ हटाने की मांग, टीम ने फड़ वालों का सामान जब्त किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नगर निगम की टीम ने सोमवार को कुतुबखाना पुल के नीचे दुकानदारों का अतिक्रमण हटाया। इस दौरान टीम की व्यापारियों से जमकर नोकझोंक हुई। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुल के नीचे फड़ वालों का अतिक्रमण हटाने की मांग करते हुए टीम का घेराव कर लिया। काफी देर के हंगामे के बाद टीम ने अतिक्रमण हटाया।

नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते के प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना की अगुवाई में टीम सोमवार दोपहर में कोतवाली रोड पर पहुंची। टीम ने सबसे पहले कुतुबखाना पुल के नीचे दुकानदारों का अतिक्रमण हटाया और सामान जब्त कर नगर निगम भेज दिया। टीम ने कुछ देर बाद कुमार टॉकीज के पास दुकानों के बाहर लगे काउंटर, ठेले, कुर्सी आदि सामान को अपने कब्जे में लेना शुरू कर दिया। इसके बाद जिला अस्पताल रोड, घंटाघर, इंदिरा मार्केट और जिला पंचायत रोड तक अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों में खलबली मची रही। सभी अपने-अपने सामान समेट कर इधर उधर भागने में जुट गए। इसी दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी नेता मनोज अरोड़ा, शोभित सक्सेना, दानिश जमाल, राजा सेठ आदि मौके पर पहुंच गए। व्यापारी नेताओं ने अफसरों के वाहन को घेर लिया और पुल के नीचे के मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग करने लगे। व्यापारी नेताओं ने कहा कि फड़ वालों को अस्थाई जगह दी जाएं, तभी समस्या का स्थाई निदान हो पाएगा। प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना ने बताया कि व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया गया। हैं। टीम ने कई जगहों से अतिक्रमण हटाया है। अभी अभियान जारी रहेगा। अगर फिर से अतिक्रमण किया तो जुर्माना लगाया जाएगा और सामान भी जब्त किया जाएगा।


कुतुबखाना रोड पर अतिक्रमण हटाकर सामान जब्त करती नगर निगम की टीम।


निगम की टीम को घेरकर व्यापारियों ने जताया विरोध।

# फलस्तीन दूतावास पहुंचकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने जताई हमदर्दी


फलस्तीनी काउंसलर से मिले शहाबुद्दीन।

**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी और सचिव मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित फलस्तीन दूतावास में हमदर्दी का इजहार किया। मौलाना ने कहा कि तमाम मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर हर रोज जंग बंदी के लिए दुआएं की जा रही हैं। भारत सरकार ने मानवीयता के आधार पर सबसे पहले फलस्तीन को मदद भेजी। उन्होंने बताया कि इस पर फलस्तीन दूतावास के काउंसलर बेसम फहमी हेलिस ने सरकार और मुसलमानों का आभार व्यक्त किया। कहा कि जल्द जंग बंद होनी चाहिए। सचिव मौलाना मुजाहिद हुसैन कादरी ने कहा कि भारत सरकार अगर जंग बंदी के लिए पहल करती है तो इसके अच्छे नतीजे निकलेंगे।

## दीवार में नकब लगाकर जेवर किए चोरी

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** दीवार में नकब लगाकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवर और सामान चोरी कर लिया। बिशारतगंज के भिंडौरा गांव निवासी सियाराम दिवाकर ने बताया है कि वह रविवार रात गर्मी की वजह से घर के बाहर सो रहे थे। रात में चोरों ने खेत की तरफ से कमरे की दीवार में नकब लगाकर संदूकों के ताले तोड़कर तीन लाख के जेवर चुरा ले गए। सुबह चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने 112 पर फोन करके सूचना दी। सियाराम ने पुलिस पर तहरीर में फेरबदल करने का भी आरोप लगाया है। इससे पहले भी भिंडौरा गांव में कई ट्यूबवेलों में भी चोरी हो चुकी है जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई है लेकिन कोई खुलासा नहीं हुआ है। इस मामले में एसआई अरविंद सिंह ने बताया कि चोरों के विरुद्ध तहरीर मिली है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जानलेवा हमला के मामले में तीन लोगों को 10 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** प्रापर्टी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अभय श्रीवास्तव ने थाना शाही दुनका निवासी धर्मेन्द्र शर्मा, राज कुमार उर्फ कल्लू और मीरगंज के ढिरिया खुर्द निवासी लीलाधर को 10 वर्ष कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सरकारी वकील अनूप कोहरवाल ने बताया कि राजेन्द्र नगर निवासी अमरपाल की पत्नी प्रेम सखी ने थाना मीरगंज में तहरीर देकर बताया कि आरोपियों से उनके पति का प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा था। 19 दिसंबर 2018 की शाम 7 बजे राज कुमार उर्फ कल्लू, धर्मेन्द्र शर्मा, लीलाधर ने मीरगंज स्थित टायर एजेंसी के पास पति को घेरकर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस ने मामले में विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

## किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी की दूसरी जमानत अर्जी निरस्त

**विधि संवाददाता, बरेली, :** किशोरी को बहलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी कैंट ग्राम चनहेटी निवासी आसिफ की दूसरी जमानत अर्जी भी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट प्रथम ने खारिज कर दी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया कि 5 अगस्त 2023 की रात 8 बजे आसिफ पुत्री को बहलाकर ले गया था। पीड़िता ने बयान में आसिफ के मौसा-मौसी द्वारा निकाह करवाने। आसिफ के साथ संबंध बनने की बात कबूली थी।

## गवाही देने पर दुष्कर्म पीड़िता को हत्या की धमकी

**बरेली, अमृत विचार :** न्यायालय में विचाराधीन चल रहे दुष्कर्म के मामले में गवाही देने पर आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी ब्लैकमेल कर बयान वापस लेने का दबाव बना रहा है। पीड़िता के भाई की शिकायत पर बिथरी चैनपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र की युवती ने एक साल पहले कैंट इलाके के दलमेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के मुताबिक कोर्ट में मामला विचाराधीन है। 21 मई को उसने कोर्ट में आरोपी के खिलाफ गवाही दी थी।

## मोर का शिकार करने वाले पर रिपोर्ट, गिरफ्तार

**अलीगंज, अमत विचार :** अलीगंज थाना क्षेत्र में मोर के शिकार का वीडियो वायरल होने पर वनविभाग की जांच में पाया कि जो वीडियो वायरल हुई है वह 20 दिन पुरानी है। सोमवार को वनविभाग की टीम ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर कर देर शाम उसे पकड़ लिया। वनविभाग के डिप्टी रेंजर अवनेश गंगवार ने बताया की विभाग की तरफ से सैफ अली पुत्र तौकीर निवासी गैनी थाना अलीगंज बरेली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं, देर शाम उसे दबोच लिया।

# होटल में छत से व्यापारी को फेंकने वाले फरार

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में होटल में पहली मंजिल की छत से दवा कारोबारी को नीचे फेंकने वाले आरोपी अभी पुलिस गिरफ्त से दूर हैं। पुलिस आरोपियों के खिलाफ धारा 82 की कार्रवाई कर चुकी है। अब एक महीने में आरोपी हाजिर नहीं हुए तो उनकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

20 अप्रैल की रात राजेंद्रनगर निवासी व्यापारी सुरक्षा फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और दवा कारोबारी संजय अग्रवाल के बेटे सार्थक अग्रवाल को जनकपुरी निवासी कपड़ा व्यापारी सतीश अरोड़ा और उसके बेटे रिदिम ने झगड़े के बाद पहली मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू भी जारी किया था। उसके बाद भी हाजिर न होने पर कोर्ट ने दोनों को फरार घोषित कर दिया है। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। 82 की कार्रवाई की जा चुकी है। ऐसे में एक महीने में आरोपी हाजिर नहीं होते हैं तो संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।


समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
Neat & Clean Hygiene Clinic Activity
Fast Appointment
for Maximum 25 Minute only Offline, Online
Justdial
PHIMOSIS (फिमोसिस) संक्रमण
पोस्ट हाइटिस, बैलानो हाइटिस मधुमेह के कारण भी हो सकता है।
Foreskin Panis Not Open, No Eract
कभी-कभी यौन सम्बन्ध नहीं बनाते एवं नामर्दी के शिकार हो जाते हैं (नपुसंका)
Phimosis and Paraphimosis Adult ED
शीघ्रपतन से पीड़ित हो सकते हैं।
Adult Circumcision Buried Penis
व्यस्कों जवान युवाओं की स्कीन पूरी खुल नहीं पाती जिसके कारण यौन सम्बन्ध नहीं बना पाते दर्द होता है और हर समय दर्द बना रहता है जिसके कारण वह मानसिक तनाव से ग्रसित रहते हैं।
नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist





रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :



भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071





डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव





डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें
मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।
मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।
मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।
मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।
मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।
क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic
Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
बरेली
मालियों की पुलिया
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता
के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें
विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।
शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।
नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार
09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# प्रेमनगर में बुजुर्ग केयर टेकर का घर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पोस्टमार्टम में सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में शाहबाद में घर में बुजुर्ग केयर टेकर का शव मिला। पुलिस ताला तोड़कर घर में दाखिल हुई। फील्ड यूनिट ने जांच में पाया कि बुजुर्ग के सिर में चोट का निशान है। पोस्टमार्टम में सिर में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है।

शाहबाद पुलिस चौकी से करीब 500 मीटर दूर कब्रिस्तान के पास आगरा निवासी आसमां का मकान है। आसमां ने पुलिस को बताया कि मॉडल टाउन में उनके पति अंसार की गत्ते की फैक्ट्री थी। जिसमें लखनऊ निवासी नोमान जलील (60) काम करते थे। उनके पति के 2012 में निधन के बाद फैक्ट्री बंद हो गई और वह परिवार के साथ आगरा में रहने लगीं। उन्होंने नोमान को मकान में केयर टेकर रखा था। जब उन्होंने नोमान के रविवार रात फोन किया तो नहीं उठा। सोमवार दोपहर को दोबारा से फोन किया फिर भी फोन नहीं उठा। इस पर पड़ोसियों को फोन कर घर में जाकर देखने के लिए कहा। पड़ोसियों ने खिड़की से देखा कि घर का अंदर से दरवाजा बंद है और वह फर्श पर गिरे पड़े थे और उनके मुंह से खून निकल रहा था।


मौके पर जुटी लोगों की भीड़।

पुलिस जांच में सामने आया है कि हालही में कुछ लोगों ने आसमां के एक प्लाट पर कब्जा करने की कोशिश की थी। इसको लेकर नोमान से विवाद भी हुआ था। शनिवार को लोगों ने उन्हें घर के बाहर टहलते देखा था। थाना प्रभारी आशुतोष रघुवंशी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## एसटीएफ के हेड कांस्टेबल पर लगे आरोपों की जांच करेंगे सीओ

**बरेली, अमृत विचार :** स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) में तैनात हेड कांस्टेबल पर दरोगा की वर्दी पहनकर घूमने और रौब झाड़ने के लगे आरोपों की जांच सीओ एसटीएफ अब्दुल कादिर करेंगे। सीओ हेड कांस्टेबल के बयान और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करेंगे। कासगंज के सहावर गेट के रहने वाले मोहन वर्मा ने एडीजी पीसी मीना से शिकायत की है कि हेड कांस्टेबल बरेली एसटीएफ में तैनात है। वह दरोगा की वर्दी पहनकर बरेली से कासगंज के बीच ट्रेन में चलता है। मोहन ने एडीजी को दरोगा की वर्दी में फोटो भी भेजी है। आरोप लगाया कि हेड कांस्टेबल कासगंज और एटा में अवैध गतिविधियों में भी संलिप्त रहता है। विरोध पर लोगों को मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देता है। एसटीएफ सीओ अब्दुल कादिर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला व्यक्तिगत कारणों से फंसाने का लग रहा है। फिलहाल बयान दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

## युवक का नहर में मिला शव

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र स्थित मोरनिया में नहर में सोमवार सुबह एक युवक का शव मिला। युवक की पहचान अहलादपुर निवासी राम अवतार उर्फ सोनू (26) के रूप में हुई। पुलिस को परिजनों ने बताया कि सोनू 25 मई को घर से नहाने की बात कहकर निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं आया। सोमवार सुबह 10 बजे नहर में उसका शव नहर में मिलने की सूचना मिली। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी।

## दबंगों ने युवक को जमकर पीटा

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र में युवक की दबंगों ने जमकर पिटाई की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। संजय नगर निवासी अनुज के मुताबिक वह 19 मई को अपने घर के बाहर अकेले खड़े थे। कुछ देर बाद कॉलोनी के ही रहने वाले राजीव, धीरज, दुर्भल और लल्ला आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने अपने और साथियों को बुला लिया और उनके साथ मारपीट की। अनुज की शिकायत पर बारादरी पुलिस ने राजीव, धीरज, दुर्भल और लल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना पुलिस ने रविवार देर रात सेटेलाइट बस अड्डे से तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 12 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। सोमवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडे के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर सेटेलाइट बस अड्डे के पास से ढकनी फरीदपुर निवासी करन कठेरिया को किया गया।

## जेवर और नकदी लेकर किशोरी प्रेमी संग फरार

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र में किशोरी घर से जेवर और 45 हजार रुपये लेकर फरार हो गई। किशोरी के भाई ने प्रेमी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी का प्रेम प्रसंग पड़ोस की कॉलोनी के रहने वाले पवन से चल रहा है। किशोरी के परिजनों ने इसका विरोध किया तो नाराज होकर किशोरी बुधवार को घर से चली गई।

## सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी शुभम प्रताप सिंह को सुभाषनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। आरोपी पर एक अधिवक्ता के घर में घुसकर तोड़फोड़ और धमकी देने का भी आरोप लग चुका है। मढ़ीनाथ निवासी शुभम प्रताप सिंह का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह मुख्यमंत्री के लिए अपशब्द बोल रहा था। शुभम के पिता नागेंद्र प्रताप सिंह हाइडिल में ठेकेदार हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र अनस सकलैनी उर्फ सोनू को उसके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे वह अपने कृत्य, लेन-देन आदि के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का वास्ता न होगा । **रफीक पुत्र प्यारे मियां निवासी- 191, 102 मौलानगर मिसकी शाह बाबा की दरगाह के पास, थाना प्रेमनगर, बरेली ।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र गजेन्द्र व उसकी पत्नी ज्योति को उनके गलत आचरण, दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य मे अपने कृत्य, लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का वास्ता न होगा । **जगदीश यादव पुत्र बिहारी लाल निवासी- रोठा, सी.बी. गंज, बरेली ।**

NOTICE
This is to be notify that I Angel Emmanual Rustam Want's to correct my name in school from Angel E Rustam to Angel Emmanual Rustam. **Firoz Rustam Masih S/o Emanuel Rustam Masih R/o 106, Civil Lines, Semnary Compound Bareilly.**

आवश्यकता है
एक लड़की या महिला की हास्टल की देखभाल, खाना बनाने हेतु
आकर्षक वेतन (रहना, खाना)
गाँधी नगर, बरेली।
संपर्क करें- 9634260005, 9412148721

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र इमरान ने परिवार के मर्जी के बिना सहमति के शबीना पुत्री शराफत नि. मो. जोगी नवादा थाना बारादरी जिला बरेली से प्रेम विवाह किया है तथा वह दोनों हमसे अलग घर में रह रहे हैं। मैंने अपने पुत्र इमरान व उसकी पत्नी शबीना को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नाजमा पत्नी मिसरेयार खाँ निवासी पीरबहोड़ा, बैरियर नं. 2 के पास, थाना इज्जतनगर, जिला बरेली (उ.प्र.)।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



## अपना दल (एस) की अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जीत की हैट्रिक में कई चुनौतियों से पड़ रहा जूझना

# जाति-बिरादरी के जाल से वोट बैंक बचाने की चुनौती

- भाजपा से सपा में आए सांसद रमेश बिंद से मिल रही है कड़ी चुनौती तो बसपा ने भी लगा रखा है ब्राह्मण चेहरे पर दांव
- बहन पल्लवी पटेल अपने प्रत्याशी के जरिए कुर्मी वोटों में सेंध लगाने की कोशिश में, राजा भैया ने भी बढ़ा रखी है मुसीबत

**मिर्जापुर लोकसभा सीट**

मनोत्र त्रिपाठी



रमेश बिंद।



अनुप्रिया पटेल।

**अमृत विचार।** अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर संसदीय सीट पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार जीत की हैट्रिक लगाना बहुत आसान नजर नहीं आ रहा है। इसकी वजह यह है कि मिर्जापुर में सबसे ज्यादा पटेल मतदाता हैं। इसके बाद ब्राह्मण और बिंद मतदाताओं की बहुलता है। अब हुआ यह है कि अनुप्रिया पटेल को यहां अपनी बहन के कारण अगर पटेल जाति के प्रत्याशी का सामना करना पड़ रहा है, तो सपा ने उनके सामने भाजपा के बिंद बिरादरी के सांसद को उतार दिया है। इन सबके बीच बसपा के ब्राह्मण जाति के उम्मीदवार ने वोटों का जातीय समीकरण और उलझा रखा है। ऐसे में माना जा रहा है कि मिर्जापुर में त्रिकोणीय और कई इलाकों में चतुष्कोणीय संघर्ष के बीच अनुप्रिया पटेल को इस बार मोदी और योगी के नाम और काम के सहारे जातीय बिसात के जाल से बाहर निकलने की चुनौती से जूझना पड़ रहा है।

मिर्जापुर लोकसभा सीट पर भाजपा से टिकट कटने के बाद भदोही के सांसद रमेश बिंद मिर्जापुर में सपा की साइकिल पर सवार होकर अनुप्रिया को चुनौती दे रहे हैं, तो बसपा ने यहां ब्राह्मण मनीष तिवारी को उतार रखा है। इस लड़ाई में अनुप्रिया की विधायक बहन पल्लवी पटेल ने अपना दल कमेरावादी से दौलत सिंह पटेल पर दांव लगाकर पटेल वोटों में सेंध लगा दी है।

हालांकि अनुप्रिया के लिए राहत की बात यह है कि लोकसभा क्षेत्र की सभी पांचों विधानसभा सीटों पर एनडीए का कब्जा है। 2022 में मिर्जापुर सदर, चुनार और मड़िहान में भाजपा जीती थी। मझवां सीट निषाद पार्टी और छानबे सीट अपना दल के पास है। पिछले चुनाव में अनुप्रिया के साथ एनडीए का कोर वोट बैंक ब्राह्मण, क्षत्रिय और कुर्मी साथ था। लेकिन इस बार हर जगह ऐसा नहीं दिख रहा है। कुर्मी वोट बैंक में दौलत पटेल सेंध लगाने की दौड़भाग कर रहे हैं। ब्राह्मणों के एक वर्ग का रुख बसपा की तरफ झुकता नजर आ रहा है। राजा भैया पर बयान देने से क्षत्रिय मतदाताओं में नाराजगी है। मिर्जापुर में डेढ़ लाख से ज्यादा ब्राह्मण और एक लाख क्षत्रिय मतदाता हैं। कुर्मी मतदाता पौने तीन लाख माने जाते हैं। इस वोट बैंक को संभालने में अनुप्रिया को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है।

### बहन की चुनौती पड़ रही भारी

- अनुप्रिया पटेल को पारिवारिक विरासत की जंग में अपनी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की विधायक पल्लवी पटेल की चुनौती परेशान कर रही है। अनुप्रिया की हार के लिए पल्लवी पूरा जोर लगा रही हैं तो अनुप्रिया यह साबित करने में जुटी हैं कि पिता सोनेलाल पटेल की वास्तविक वारिस वही हैं। पल्लवी ने अपने पीडीएम फार्मूले के तहत ही यहां दौलत सिंह पटेल को मैदान में उतारा है। वे कुर्मी मतदाताओं में सेंधमारी करने में जुटे हैं।

**2019 का जनादेश**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपना दल-एस | अनुप्रिया पटेल | 5,91,564 | 53.34 |
| सपा | राम चरित्र निषाद | 3,59,556 | 32.42 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 91,501 | 8.25 |

**2014 का परिणाम**

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| अपनादल-एस | अनुप्रिया पटेल | 4,36,536 | 43.32 |
| बसपा | समुद्र बिंद | 2,17,457 | 21.58 |
| कांग्रेस | ललितेश पति त्रिपाठी | 1,52,666 | 15.15 |
| सपा | सुरेंद्र सिंह पटेल | 1,08,859 | 10.80 |

### कोल-भील और कुर्मी मतदाताओं के साथ मोदी-योगी के नाम का सहारा

2014 और 2019 में बड़े अंतर से जीतीं अनुप्रिया पटेल को बदले समीकरणों ने कठिन लड़ाई की तरफ धकेल दिया है। सपा ने पहले यहां राजेंद्र एस बिंद को उतारा था, लेकिन बाद में भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को चुनावी मैदान में उतार कर निषाद, केवट मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के साथ ही यादव, मुस्लिम समीकरण को मजबूत किया है। सपा और भाजपा गठबंधन के पिछड़ी जाति के दांव को फेल करने के लिए बसपा ने मनीष तिवारी के जरिए अगड़ी जाति का दांव खेला है। इससे पार पाने के लिए भाजपा ने बड़े ब्राह्मण नेताओं को यहां लगाया है। वैसे कुर्मी मतदाता अनुप्रियाके पक्ष में लामबंद नजर रहे हैं। इसके साथ ही जनजातीय श्रेणी में आने वाले कोल और भील मतदाताओं को भी वह अपने पाले में करने की कोशिश में कामयाब दिख रही हैं। वह यह बताने में जुटी हैं कि उन्होंने राबर्ट्सगंज से दूसरी बार कोल उम्मीदवार को मैदान में उतारकर उनका मान बढ़ाया है।

### राजपूत मतदाता सपा के लिए गोलबंद कर रहे राजा भैया

- अनुप्रिया पटेल को मोदी की गारंटी के सहारे जीत का भरोसा तो है पर रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भइया की नाराजगी से पार पाना आसान नजर नहीं आ रहा है। राजा भइया जहां उनके विरुद्ध राजपूत बिरादरी के मतदाताओं को गोलबंद करके सपा के रमेश बिंद के पक्ष में करने को प्रयत्नशील नजर आ रहे हैं। अनुप्रिया पटेल की राजा भइया पर की गई टिप्पणी को भुनाने की सपा की कोशिश नाकाम करने के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व अन्य राजपूत नेताओं का सहारा लिया है।

# पहली बार महिला चेहरा उतार पुरानी लड़ाई दिलचस्प बनाई

**राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट**

दिग्विजय सिंह



रिंकी कोल।



छोटेलाल खरवार।

**अमृत विचार।** पहाड़ियों पर बसे उत्तर प्रदेश के अंतिम जिले सोनभद्र का मुख्यालय है राबर्ट्सगंज और इसी नाम से लोकसभा सीट है। कोयला, बालू और वन संपदा से समृद्ध इस जिले की पहचान खनन के साथ विद्युत उत्पादन को लेकर होती है। ऊर्जांचल के नाम से मशहूर यह प्रदेश का अकेला जिला है, जो चार राज्यों बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से सटा है। राबर्ट्सगंज सुरक्षित लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की विधायक रिंकी कोल और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सपा उम्मीदवार पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने में आ रहा है। छोटेलाल खरवार साल 2014 में राबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा से चुनाव जीते थे, लेकिन 2019 में भाजपा द्वारा यह सीट समझौते में अपना दल (एस) को दे दिए जाने से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। इस बार भी सीट अपना दल के खाते में ही रहने पर छोटेलाल भाजपा को छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। हालांकि दोनों गठबंधनों के बीच अपना दल (एस) और सपा प्रत्याशियों के सीधे संघर्ष में तीसरा कोण बसपा के प्रत्याशी धनेश्वर गौतम भी हैं। वह मिर्जापुर मंडल में बसपा के प्रभारी है और मिर्जापुर की ही छानबे विधानसभा सीट से 2017 और 2022 में चुनाव भी लड़ चुके हैं।

राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट पर यह पहला मौका है, जब किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। रिंकी कोल अपना दल (एस) के मौजूदा सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू हैं। हालांकि पकौड़ी लाल का टिकट काटकर उनकी बहू को देने की घोषणा से परिवार में पहले खींचतान नजर आई थी। लेकिन अब यह शांत हो चुकी है। दरअसल, सांसद पकौड़ी लाल तीसरी बार स्वयं चुनाव लड़ने या अपने छोटे बेटे को टिकट दिलाने के इच्छुक थे, लेकिन अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, जो खुद बगल की मिर्जापुर सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रही हैं, ने जातीय समीकरणों के लिहाज से रिंकी कोल पर भरोसा जताया। रिंकी मिर्जापुर जिले की छानबे विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे अपने पति राहुल प्रकाश कोल की मृत्यु के बाद पिछले साल ही उपचुनाव में विधायक चुनी गई थीं। उनका कोल जाति से होना ही प्रत्याशी चयन की प्रमुख वजह है। राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र में कोल जाति के करीब 80 हजार मतदाता हैं, मिर्जापुर लोकसभा क्षेत्र में कोल मतदाताओं की संख्या इससे अधिक मानी जाती है। हर चुनाव में यह निर्णायक भूमिका में भी रहते हैं।

रिंकी कोल को इस वर्ग में सहानुभूति का लाभ मिलने की भी उम्मीद है। यह सीट 2019 में रिंकी के ससुर पकौड़ी लाल कोल ने 54 हजार वोटों से जीती थी, 2014 में भाजपा से छोटेलाल खरवार, 2009 में सपा से लड़े पकौड़ी लाल कोल और 2004 में बसपा प्रत्याशी लाल चन्द्र कोल ने जीती थी।

- अपना दल (एस) ने सांसद पकौड़ी लाल कोल की बड़ी बहू विधायक रिंकी कोल पर लगाया है दांव
- सपा ने 2014 में भाजपा से जीते छोटेलाल खरवार को उतार कर दिलचस्प बना दिया है चुनावी मुकाबला

**2019 का जनादेश**

| | | |
|---|---|---|
| अपना दल (एस) | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 35,269 |

**2014 का परिणाम**

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | छोटेलाल | 3,78,211 |
| बसपा | शारदा प्रसाद | 1,87,725 |
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 1,35,966 |
| कांग्रेस | भगवती प्रसाद चौधरी | 86,235 |
| भाकपा | अशोक कुमार कनौजिया | 24,363 |

**2009 का आंकड़ा**

| | | |
|---|---|---|
| सपा | पकौड़ी लाल कोल | 2,16,478 |
| बसपा | रामचंद्र त्यागी | 1,66,219 |
| भाजपा | राम शकल | 1,04,411 |
| कांग्रेस | राम आधार | 55,809 |

### पांचों विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र राबर्ट्सगंज, ओबरा, दुद्धी, घोरावल, और चकिया हैं। इसमें चकिया विधानसभा सीट चंदौली जिले में है, और बाकी चारों विधानसभा सीटें सोनभद्र जिले का हिस्सा है। इन सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का कब्जा है।
- एक अनुमान के मुताबिक राबर्ट्सगंज में अनुसूचित जाति के करीब चार लाख, अनुसूचित जनजाति के 1.75 लाख मतदाता हैं। यादव मतदाताओं की संख्या 1.25 लाख और ब्राह्मण 1.5 लाख हैं। एक लाख कुशवाहा, 80 हजार पटेल और इतने ही कोल मतदाताओं के अलावा 40 हजार राजपूत हैं। मुस्लिम मतदाता यहां करीब 60 हजार माने जाते हैं।



**हाथ का साथ** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र में मीटिंग की। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगा।



**मांगा समर्थन** कोलकाता नार्थ सीट से टीएमसी उम्मीदवार संदीप बंदोपाध्याय के समर्थन में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान बचाने के लिए संदीप को वोट दें।

# पंजाब में आधा दर्जन सीटों पर भाजपा ने लगाई उम्मीद

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** पंजाब में भाजपा ने 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा तीन सीटें जीती थीं। लेकिन इस बार पार्टी अगर राज्य की सभी 13 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, तो दूसरे दल भी बिना किसी गठबंधन के अपनी सियासी जमीन मजबूत करने के लिए अकेले ही ताल ठोंक रहे हैं। एक ओर जहां भाजपा और शिरोमणि अकाली दल की दशकों पुरानी जुगलबंदी टूट चुकी है, वहीं दिल्ली और हरियाणा में साथ-साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी यहां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इस तरह अधिकतर सीटों पर मुकाबला चतुष्कोणीय है, लेकिन पांच सीटों पर बसपा और अन्य प्रत्याशियों के कारण संघर्ष बहुकोणीय भी हो रहा है। भाजपा ऐसे ही कड़े मुकाबले वाली जालंधर, संगरूर, बाठिंडा के अलावा आनंदपुर साहिब, खडूर साहिब जैसी सीटों पर अपनी जीत की राह तलाश रही है।

**राम मंदिर के सहारे हिंदुओं का समर्थन लेने की कोशिश:** भाजपा राज्य में इस बार शिरोमणि अकाली दल जिसे सिखों की पार्टी कहा जाता है, से अलग होकर अपनी हिंदुओं की पार्टी की छवि को चमकाने की रणनीति बनाई है। इस काम में पार्टी को राम मंदिर की स्थापना और शहरी क्षेत्र में पहले से ही मिलने वाले समर्थन से बड़ी उम्मीद है। राज्य में हिंदुओं की आबादी 39 प्रतिशत है। भाजपा इसी पर फोकस करने के साथ सिखों का दिल जीतने का भी भरसक प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए हम मौके पर खास प्रयास किए हैं। पार्टी ने तमाम कद्दावर सिख नेताओं को शामिल भी किया है।

**2019 का वोट शेयर**

| पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| कांग्रेस | 08 | 40.1 |
| अकाली दल | 02 | 27.4 |
| भाजपा | 02 | 9.6 |
| आप | 01 | 7.4 |

- राज्य में चतुष्कोणीय और बहुकोणीय संघर्ष के बीच जीत की राह तलाश रही पार्टी

### जालंधर, लुधियाना पटियाला और होशियारपुर में मजबूत चुनौती

- जालंधर में आम आदमी पार्टी के टिकट को धता बताकर सांसद सुशील रिंकू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, तो लुधियाना में कांग्रेस के तीन बार के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। इसी तरह चार बार की कांग्रेस सांसद परनीत कौर को भाजपा ने पटियाला के रण में उतार रखा है। अमृतसर में पार्टी ने अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह पर दांव लगा रखा है। होशियारपुर सीट भाजपा पिछले दो बार से जीत रही है, इस बार पार्टी ने यहां केंद्रीय मंत्री सोम प्रकाश की पत्नी अनिता सोम प्रकाश को उतारा है, जो भाजपा को तीसरी जीत दिलाने के लिए मेहनत कर रही हैं। उधर, अभिनेता विनोद खन्ना और सनी देओल के सहारे दो बार से गुरदासपुर में जीत रही भाजपा ने स्थानीय दिनेश सिंह बब्बू को उतारकर लोगों की नाराजगी साधने का प्रयास किया है।

# राजग गढ़ बचाने तो महागठबंधन किला ढहाने की जुगत में

**बिहार में अंतिम चरण**

चुनाव डेस्क



मुख्यमंत्री नितीशकुमार।



राजद नेता तेजस्वी यादव।

- अंतिम चरण की सभी आठ सीटें भाजपा गठबंधन के पास
- महागठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं

**अमृत विचार।** अंतिम चरण में एक जून को बिहार की आठ सीटों पर मतदान होना है। इस चरण की सभी सीटों पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) का कब्जा है। भाजपा और उसके सहयोगी दल जहां अपने गढ़ को बचाने में जुटे हुए हैं तो वहीं महागठबंधन में शामिल पार्टियां भाजपा और उसके सहयोगियों के किले को ढहाकर अपना झंडा बुलंद करने के लिए चक्रव्यूह को और मजबूत बनाने में जुटी हैं। जातीय गोलबंदी के साथ ही महंगाई और भ्रष्टाचार के साथ ही संविधान और आरक्षण बचाने के नाम पर मतदाताओं को गोलबंद करने का प्रयास उनके द्वारा किया जा रहा है। संविधान बचाने के नाम पर दलित मतदाताओं को ये अपने साथ लाने की कोशिश कर रहे हैं।

पांच सीटों सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार मैदान में हैं तो नालंदा और जहानाबाद सीट पर जदयू लड़ रही है। काराकाट सीट जदयू ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के लिए छोड़ा है। इंडिया महागठबंधन से भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट पर उम्मीदवार उतारे हैं तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से प्रत्याशी दिया है। आरा सीट पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह हैट्रिक लगाने को आतुर दिख रहे हैं। उन्हें मोदी के नाम और अपने काम पर भरोसा है तो नालंद सीट पर जीत का चौका लगाने को जदयू के कौशलेंद्र ने पूरी ताकत झोक रखी है। जहानाबाद सीट को बचाने के लिए जदयू हरसंभव प्रयास कर रही है। पटना साहिब और सासाराम सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। पटना साहिब सीट पर दूसरी जीत के लिए उतरे पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां कांग्रेस ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के पुत्र अंशुल अविजित उम्मीदवार हैं।

कांग्रेस यहां दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे रविशंकर प्रसाद को हराने का गणित लगा रही है। भाजपाई मोदी की गारंटी के सहारे जीत को पक्की मान रहे हैं। इस सीट पर कायस्थ मतदाता निर्णायक हैं। रविशंकर प्रसाद भी इसी जाति से आते हैं।

### काराकाट में फंसे नजर आ रहे उपेंद्र कुशवाहा

- काराकाट सीट पिछली बार जदयू जीती थी। इस बार यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा राजग के उम्मीदवार हैं। उन्हें निर्दलीय भाजपा के बागी पवन सिंह से चुनौती मिल रही है। यही वजह है कि महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह को अपनी जीत सुनिश्चित नजर आ रही है।

### लगातार दो चुनाव हार चुकीं मीसा को जीत की आस

- पाटिलपुत्र सीट से भाजपा के रामकृपाल यादव लगातार दो बार से सांसद हैं। रामकृपाल ने 2014 और 2019 में लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती को हराया था। इससे पहले 2009 में लालू प्रसाद यादव भी यहां जदयू के रंजन प्रसाद यादव से हार चुके हैं। मीसा को उम्मीद है कि वह संविधान बचाने की दुहाई देकर इस बार मैदान मार लेंगी। इसलिए यहां दलित मतदाताओं को यह बताया जा रहा है कि बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए वे उनके साथ आएं। जबकि कभी लालू प्रसाद के खासमखास रहे रामकृपाल लगातार लाभार्थियों पर फोकस कर रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा ने बदला चेहरा

- भाजपा ने सासाराम से शिवेश राम को उतारा है। इससे पहले लगातार पार्टी के छेदी पासवान यहां से सांसद बने थे। शिवेश राम को कांग्रेस के बसपा से आए प्रत्याशी मनोज भारती से टक्कर मिल रही है। पुराने कांग्रेसी को टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नाराज नजर आ रहे हैं। भाजपा ने बक्सर सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट दिया है। उनके बदले में मिथिलेश तिवारी को चेहरा बनाया है। इससे चौबे के समर्थक नाराज हैं। इसका असर परिणाम पर पड़ सकता है। नाराजगी दूर करने की कोशिश लगातार हो रही है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# एक बड़ी जीत

बौद्धिक संपदा, आनुवंशिक संसाधनों (जीआर) और संबंधित पारंपरिक ज्ञान (एटीके) पर विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) की संधि, वैश्विक दक्षिण के देशों और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है। यह संधि सामूहिक विकास हासिल करने और स्थायी भविष्य का वादा पूरा करने की यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है, जिसका भारत ने सदियों से समर्थन किया है। यह संधि न केवल जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण करेगी, बल्कि पेटेंट प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ाएगी और नवाचार को मजबूत करेगी। यह संधि भारतीय आनुवंशिक संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करेगी। हालांकि ये वर्तमान में भारत में संरक्षित हैं, लेकिन उन देशों में इनके दुरुपयोग की संभावना है, जहां प्रकटीकरण दायित्व नहीं हैं। वर्तमान पेटेंट कानून में ऐसा कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं है जिसके तहत पेटेंट आवेदकों से उस स्थिति में उत्पत्ति के देश या स्रोत का खुलासा करने की अपेक्षा की जाती हो जहां आविष्कार आनुवंशिक संसाधनों पर आधारित हो। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को कहा कि इस संधि के लिए विकसित देशों सहित अनुबंध करने वाले पक्षों को पेटेंट आवेदकों पर मूल दायित्वों के प्रकटीकरण को लागू करने के लिए अपने मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव लाने की जरूरत होगी। गौरतलब है कि डब्ल्यूआईपीओ एक संयुक्त राष्ट्र विशेष एजेंसी है जिसे 1967 में बौद्धिक संपदा (आईपी) संरक्षण को बढ़ावा देने और दुनिया भर में रचनात्मक गतिविधि को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया था। डब्ल्यूआईपीओ मूल रूप से आईपी नीति, सेवाओं, सूचना और सहयोग के लिए एक वैश्विक मंच है।

भारत 1975 में डब्ल्यूआईपीओ में शामिल हुआ। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक रैंकिंग (जीआईआई) में भारत 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। हाल के वर्षों में भारत ने जीआईआई में छलांग लगाई है। 2019 जीआईआई में भारत 52वें स्थान पर था। जीआईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने-अपने देशों में नवाचार-आधारित सामाजिक और आर्थिक बदलावों का आकलन करने का एक विश्वसनीय साधन है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार का श्रेय अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत काम को जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीतिगत उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की ओर भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है। वास्तव में यह संधि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण जीत है, जो पारंपरिक ज्ञान और बुद्धिमत्ता की प्रचुरता के साथ जैव विविधता वाले केंद्रों का केंद्र है।

# क्लिक कल्चर के प्रतिवाद में पंडित नेहरू



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है।

नई डिजिटल कल्चर 'क्लिक कल्चर' है। 'क्विक' कल्चर है। इसने 'पुसबटन' और इमेज को महान और लोकतांत्रिक मूल्यों और विचारों को खोखला और निरर्थक बनाया है। संप्रति टीवी से लेकर फेसबुक तक अनेक संगठन और नेता इसके शैतान खिलाड़ी के रुप में खेल रहे हैं और भारत की मासूम युवा पीढ़ी को इमेजों के जरिए दिग्भ्रमित करने में लगे हैं। 'क्लिक कल्चर' ने युवाओं के विवेक पर सीधे हमला बोला हुआ है। कहा जा रहा है 'क्लिक' इमेज ही सत्य है, विचार तो बकबास होते हैं, बोर करते हैं, कमाना मूल्यवान काम है, सोचना फालतू चीज है, व्यवहारवादी बनो, जनवादी मत बनो, धर्मनिरपेक्षता फालतू चीज़ है, लोकतंत्र में रहो लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के बिना। लोकतांत्रिक मूल्य तो बोझा हैं, वोट दो, लेकिन विवेकवाद के आधार पर सोचो मत, सार्थक है सिर्फ चुनाव जीतना। इस 'क्लिक कल्चर' के नायक इन दिनों पंडित नेहरू का भी 'क्लिक संस्कार' करने में मशगूल हैं।

उल्लेखनीय है पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के सामान्य प्रधानमंत्री नहीं थे, वे सामान्य राजनेता भी नहीं थे। आमतौर पर लोकतंत्र में नेता आते हैं और जाते हैं। औसत नेता ही लोकतंत्र की संपदा के रुप में नजर आते हैं, भारत में अनेक औसत नेता प्रधानमंत्री बने, लेकिन आधुनिक विचारवान विरल प्रधानमंत्री तो एकमात्र पंडितजी ही थे। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके पास आधुनिक भारत का विज़न था, आधुनिक विचार थे, आधुनिक जीवन शैली थी और इन सबसे बढ़कर अपने विचारों के लिए जोखिम उठाने का साहस था।

नेहरू को पूजना आसान है, उनकी विरासत को समझना और उनके विचारों की दिशा में जोखिम उठाकर चलना बहुत मुश्किल काम है। खासकर वे लोग जो आधुनिक विचारों, वैज्ञानिक सचेतनता, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के मर्म से अनभिज्ञ हैं या जो लोग आए दिन इनकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम करते हैं,उनके लिए नेहरू को पाना बेहद मुश्किल है। नेहरू 'क्लिक कल्चर' की देन नहीं थे, वे तो संस्कृति की देन थे। नेहरू को पाने के लिए भारत की संस्कृति के पास जाना होगा। संस्कृति का मार्ग बेहद जटिल और जोखिम भरा है, वह फेसबुक की वॉल पर लिखी 'क्विक' इबारत नहीं है, नेहरू कोई किताब नहीं है, कोई कुर्सी नहीं है या मूर्ति नहीं है जिसके साथ खड़े होकर फोटो क्लिक करो और नेहरू की पंक्ति में शामिल हो जाओ! नेहरू कुर्सी नहीं बल्कि देश का आधुनिक विज़न हैं। नेहरू के आधुनिक विज़न को सचेत रुप से अर्जित करना होगा तब ही सही मायने में नेहरू की रुह को स्पर्श किया जा सकता है। महसूस किया जा सकता है।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है ''शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं।

नेहरू को महान जिस चीज ने बनाया वह था जीवन के प्रति उनका विवेकवादी नजरिया। नेहरू के लिए साधन और साध्य एक थे। उन्होंने लिखा है "शुरु में जिंदगी के मसलों की तरफ़ मेरा रुख़ कमोबेश वैज्ञानिक था, और उसमें उन्नीसवीं सदी और बीसवीं सदी के शुरु के विज्ञान के आशावाद की चाशनी भी थी। एक सुरक्षित और आराम के रहन-सहन ने और उस शक्ति और आत्म-विश्वास ने, जो उस समय मुझमें था, आशावाद के इस भाव को और बढ़ा दिया था।'' हमारे नेताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में एक बड़ा अंश है जो अंधविश्वासी और धर्म का अंधपूजक है। वे धर्म को आलोचनात्मक विवेक की आंखों से देखते ही नहीं हैं। जबकि नेहरू में ये चीजें एकदम नहीं थीं। नेहरू ने लिखा है, 'मजहब में- जिस रुप में मैं विचारशील लोगों को भी उसे बरतते और मानते हुए देखता था, चाहे वह हिन्दू-धर्म, चाहे इस्लाम या बौद्ध-मत या ईसाई-मत-मेरे लिए कोई कशिश न थी। अंध-विश्वास और हठवाद से उनका गहरा ताल्लुक था और जिंदगी के मसलों पर ग़ौर करने का उनका तरीक़ा यक़ीनी तौर पर विज्ञान का तरीक़ा न था। उनमें एक अंश जादू-टोने का था और बिना समझे-बूझे यकीन कर लेने और चमत्कारों पर भरोसा करने की प्रवृत्ति थी।'

'फिर भी यह एक जाहिर-सी बात है कि मज़हब ने आदमी की प्रकृति की कुछ गहराई के साथ महसूस की हुई जरुरतों को पूरा किया है और सारी दुनिया में, बहुत ज्यादा कसरत में, लोग बिना मज़हबी अकीदे के रह नहीं सकते। इसने बहुत-ऊंचे किस्म के मर्दों और औरतों को पैदा किया है, और साथ ही तंग-नज़र और ज़ालिम लोगों को भी। इसने इन्सानी ज़िन्दगी को कुछ निश्चित आंकें दी हैं और अगरचे इन आंकों में से कुछ आज के ज़माने पर लागू नहीं हैं, बल्कि उसके लिए नुकसानदेह भी हैं, दूसरी ऐसी भी हैं, जो अख़लाक़ और अच्छे व्यवहार लिए बुनियादी हैं।'

नेहरू ने लिखा है "असल में मेरी दिलचस्पी इस दुनिया में और इस जिंदगी में है, किसी दूसरी दुनिया या आनेवाली जिंदगी में नहीं।" पंडितजी पुनर्जन्म की धारणा में यकीन नहीं करते थे, अंधविश्वासों के विरोधी थे। दिमागी अटकलबाजी में यकीन नहीं करते थे। वे चीजों, घटनाओं, व्यक्तियों, समुदाय और वस्तुओं को वैज्ञानिक नजरिए से देखने में विश्वास करते थे। उन्होंने माना "मार्क्स और लेनिन की रचनाओं के अध्ययन का मुझ पर गहरा असर पड़ा और इसने इतिहास और मौजूदा जमाने के मामलों को एक नई रोशनी में देखने में बड़ी मदद पहुंचाई इतिहास और समाज के विकास के लंबे सिलसिले में एक मतलब और आपस का रिश्ता जान पड़ा और भविष्य का धुंधलापन कुछ कम हो गया।'

1964 में 27 मई को मौत के बाद जवाहरलाल नेहरू का यश इतिहास की थाती है। उनका अनोखापन बेमिसाल है। नेहरू में दोष भी ढूंढ़े जा सकते हैं। नेहरू विस्मृति के अंधेरे में भी जुगनू की तरह दमकते ही रहते हैं वे अकेले हैं जो दक्षिणपंथ के हमले का शिकार हैं। आजाद़ी की जद्दोजहद में तिलक, गांधी, नेहरू और सुभाष उत्तरोत्तर पड़ाव हैं। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के बाद नेहरू ने गांधी का सम्मान करते भी उनकी आदर्शवादिता को अव्यावहारिकता कहकर ठुकरा दिया। उन्हें कठोर पत्र भी लिखे। उन्होंने गांधी की मुखालफत करते भगतसिंह के पक्ष में करीब आधी कांग्रेस को खड़ा भी किया। सुभाष बोस के साथ भगतसिंह के मुकदमे की पैरवी की।

नेहरू में कवि और दार्शनिक था। उनकी इतिहास दृष्टि में नदियां, हवाएं और तरंगें बहती हैं। नेहरू की गंगा सुदूर अतीत से भविष्य के महासागर तक संस्कारों का सैलाब लिए अनंतकाल तक बहती रहेगी। उनकी गंगा वसीयत से बेहतर वसीयत संसार में कहीं नहीं है। असाधारण बौद्धिक सांसद हीरेन मुखर्जी ने कहा था। मैं ऐसी वसीयत लिखने वाले की हर गलती माफ कर सकता हूं। यहां तक कि खराब सरकार को भी।

## प्रसंगवश

# इस बार का चुनाव

मैं यह क्या सुन रहा हूं? इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश के कई निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों ने इस डर से कि भाजपा सरकार यदि फिर से आई तो संविधान बदल दिया जाएगा, साईकिल पर मुहर लगाई है। यह मात्र अफवाह भी हो सकता है। असली स्थिति तो नतीजों के बाद ही स्पष्ट होगी। अब भला लोगों को यह कहां गवारा होगा कि 'कोई बाबा साहब का बनाया संविधान' बदल दे। उनके लिए तो बाबा साहब आराध्यदेव हैं। वे ऐसा न होने देने के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं और इन्हें बरगलाना भी आसान है।



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

संप्रति वोटों का जो सामाजिक समीकरण चल रहा है उसमें हाथी अनुसूचित जाति की ओर साईकिल निर्विवाद एम वाई फैक्टर की है। मगर दोनों में बड़ी दूरी रही है। यहां तक कि एकदा बहन जी के साईकिल का साथ देने के बावजूद अनुसूचित जातियों के वोट साईकिल को ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। और साईकिल पंचर हो गई थी। क्या इस बार संविधान बदलने के चुनावी ब्रह्मास्त्र ने एक असंभव सी बात को संभव कर दिखाया है? सहज विश्वास नहीं होता। मगर खबरें ऐसी ही आ रही हैं। और सचमुच यदि ऐसा हुआ है तो कई लोकसभा क्षेत्रों के अनपेक्षित परिणाम आएंगे। बयानबाजों ने फिजां बदल दी-यही मानना होगा। यह अफवाह कुछ चतुर चालाकों ने फैलाई और भाजपा के तमाम खंडन के बाद भी वातावरण में फैलती रही। चुनाव प्रारंभ होने तक सत्ता विपक्षी दल जहां अस्त पस्त था, मतदान के बढ़ते चरणों के साथ झूठ मूठ के दावे और अफवाहों का सहारा लेकर मजबूती पाता गया दिखा है। साईकिल वाले नेता जी जहां जहां जनसभाओं में गए हैं, संविधान बदलने वाली बात को पुरजोर तरीके से उठाया। मतदान का आखिरी चरण अब आ पहुंचा है। इस बार का लोकसभा का सामान्य निर्वाचन अनेक छल कपट और झूठ प्रपंच के लिए जाना जाएगा। वाला तीर सही निशाने पर लगा तो हाथी वाली पार्टी का समूल सफाया तय है और कमल भी कुम्हलाएगा। साईकिल और सरपट निकलेगी।

# मिजोरम सीमा को सील करने पर बढ़ा बवाल

म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को खत्म करने के केंद्र के फैसले के बीच मिजोरम सरकार ने घोषणा की है कि 1,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी म्यांमार सेना से जुड़े सशस्त्र संघर्ष से भागकर सीमा पार कर आ गए हैं। इस आमद ने एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है क्योंकि मिजोरम सरकार ने म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्रीय गृह मंत्रालय के कदम का विरोध किया है।

40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और युद्धग्रस्त पड़ोसी देश के साथ एफएमआर समझौते को समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ एक सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाया है। एफएमआर समझौता दोनों देशों के बीच 1,643 किलोमीटर की सीमा पर निवासियों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक यात्रा करने और सीमित अवधि के लिए रहने की अनुमति देता है।

अधिकारियों ने कहा कि नवीनतम आमद के साथ पूर्वोत्तर राज्य में शरणार्थियों की संख्या 36,500 से अधिक हो गई है। मिजोरम में शरण लेने वाले म्यांमार के नागरिक ज्यादातर चिन समुदायों से हैं, जो मिज़ो के साथ जातीय संबंध साझा करते हैं।

मुख्यमंत्री लालदुहावमा ने केंद्रीय गृह मंत्रालय या राज्य अधिकारियों के साथ पूर्व परामर्श के बिना म्यांमार और मिजोरम के बीच मैत्री पुल को एकतरफा बंद करने के बारे में म्यांमार सीमा की रक्षा करने वाले असम राइफल्स के समक्ष चिंता जताई है। मिजोरम के चम्फाई, सियाहा, लांग्टलाई, हनाथियाल,



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी।

सेरछिप और सैतुअल जिले-म्यांमार के चिन राज्य के साथ 510 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं।

5 मई के बाद से 2,000 से अधिक म्यांमार शरणार्थी मिजोरम में प्रवेश कर चुके हैं। अधिकांश राहत शिविरों के बाहर, रिश्तेदारों या दोस्तों के साथ या किराए के मकानों में रह रहे हैं, जबकि अन्य सात जिलों में 149 राहत शिविरों में रहते हैं।

भारत और म्यांमार के बीच मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को मिजोरम में कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दिनों म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवाजाही समझौते को रद करने के भारत सरकार के कदम के खिलाफ रैलियों के लिए मिजोरम में हजारों लोग एकत्र हुए।

ज़ो री-यूनिफिकेशन ऑर्गनाइजेशन (ज़ोरो) द्वारा आयोजित, चम्फाई जिले के ज़ोखावथर और वाफई गांवों में शांतिपूर्ण रैलियां हुईं, जो म्यांमार के साथ सीमा साझा करती है। एक ज़ोरो नेता के अनुसार, म्यांमार के प्रतिनिधियों ने भी इन रैलियों में भाग लिया। ज़ोरो एक मिज़ो समूह है जो भारत, बांग्लादेश और म्यांमार में विभिन्न जनजातियों को एक ही प्रशासन के तहत पुनः एकीकृत करने की वकालत करता है।

यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि मिजोरम के मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने भी हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ इस मुद्दे को उठाया है और उनसे निर्णय वापस लेने का आग्रह किया है।

फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार के चिन राज्य के 34,000 से अधिक लोग वर्तमान में मिजोरम के विभिन्न हिस्सों में शरण ले रहे हैं। मिजोरम विधानसभा ने 28 फरवरी को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें भारत-म्यांमार सीमा बाड़ और एफएमआर उन्मूलन के संबंध में केंद्र के फैसले का विरोध किया गया।

मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि केंद्र सरकार म्यांमार के साथ मौजूदा फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर) को बरकरार रखेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से इस चिंता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष उठाया था और उनसे एफएमआर को रद न करने का आग्रह किया था।

मिजोरम सरकार, नागरिक समाज संगठनों और छात्र निकायों के साथ, दोनों देशों के जातीय समुदायों के बीच घनिष्ठ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के डर से, केंद्र की योजनाओं का कड़ा विरोध करती है।

## सोशल फोरम

# खखरी और पोचा

सुजला, सुफला, शस्यश्यामला। पता नहीं, कवि (बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, आनंदमठ में) ने सुदूर विगतकाल का वर्णन किया था, या तत्कालीन स्थिति का वर्णन किया था, या वर्णित स्थिति के भविष्य में आने की कामना की थी। एक सौ चालीस वर्ष गुजर गए आनंदमठ के। तब क्या होता था, कौन बतलाए? हां, जो कवि ने दर्शाया है वह बंगाल का दुर्भिक्ष काल था, कवि ने माता के उस रूप की कल्पना की होगी जो बेड़ियों के कटने के बाद होगी, या बेड़ियों के लगने के पहले की होगी। मेरे परदादे का जमाना-बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का जमाना। वन्दे मातरम।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

मैं, बंकिमचंद्र का परपोता, क्या देख रहा हूं? पृथ्वीमाता के अनगिनत परपोतों, प्रपरपोतों की भीड़-बेरोज़गार बच्चों की भीड़, ख़ानदान की परंपरा और इज्ज़त को तार-तार करने के लिए हुहुआती भीड़, किसको कहां और कैसे लूट लें का मौक़ा ढूंढती भीड़, माता की गरिमा पर कीचड़ उछालने को उत्सुक भीड़, अपनी संस्कृति को लतियाती भीड़, भेड़ियों की भीड़, भेड़ों की भीड़, दलालों की भीड़, कंगालों की भीड़, फटे-हालों की भीड़। धान के पौधे पला गए। पुआल ही पुआल-दाने नहीं लगे। बुद्धिमान लोग चारा खा सकते हैं, उन्हें पुआल की जरूरत है, पुआल-पोचा फ़सल बेशकीमती है–जहां चाहेंगे लगा देंगे - एक जून का खाना देकर-जय बोलेंगे, प्रदर्शन करेंगे, धरना देंगे, लाठी खाएंगे, टांग तुड़वा कर घर लौट आएंगे, इंकलाब करते हुए खेत आएंगे, ख़ून की खाद दे देंगे। खखरी - केवल भूसा, दाना नहीं। ओसाओ, फटको तो सब उड़ जाएंगे। हां, तब भी काम में आएंगे-चूल्हे-भाड़ में झोंकने के काम आएंगे-गाय-गोरू को खिलाने के काम आएंगे। भारतमाता की औलाद - खखरी। डिग्री भी देते हैं और अनइम्प्लॉयेबल (निकम्मा, रोज़गार के अयोग्य) भी कहेंगे। कुछ खखरी अपने को बुद्धिजीवी कहने लगे हैं। खखरी, पोचा। दादा बंकिमचंद्र जी, आपके परपोते और उनकी औलाद खर-पतवार हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# रिटायरमेंट के बाद



अनूप शुक्ल
कानपुर

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

25 दिन हो गए सरकारी सेवा से रिटायर हुए। तमाम काम सोचे थे करने के लिए कि ये करेंगे, वो करेंगे। बस एक बार रिटायर भर हो जाएं। सारे के सारे काम, सिवाय निठल्लेगीरी के, उलाहना दे रहे हैं कि हम पर अमल नहीं हुआ, हमारे साथ 'इरादाखिलाफ़ी' हुई। कोई-कोई तो यह भी कह रहा है कि तुम भी बदल गए। हमें तुम से ये उम्मीद नहीं थी।

काम जो सोचे थे उनमें से एक था घूमने का। सोचा तो यह था कि रिटायर होते ही कहीं घूमने निकल जाएंगे। भूटान, बांगलादेश, श्रीलंका, यूरोप मतलब कहीं भी। देश में भी तमाम जगहें हमारे घूमने की लिस्ट में हैं। लेकिन कहीं निकलना हुआ नहीं। इस मामले में नूर साहब के शेर बहुत सहारा देते हैं : मैं रोज़ मील के पत्थर शुमार (गिनती) करता था,/ मगर सफ़र न कभी एख्तियार (शुरू) करता था।

तमाम काम अधूरे पड़े रहे मेरे/ मैं ज़िंदगी पर बहुत ऐतबार (भरोसा) करता था।

पिछले दिनों मेरा बेटा अपने कजाकिस्तान गया था। वहां के किस्से, फ़ोटो, विडीयो लगाए अपने यहां तो किया कि फ़ौरन निकल लें। पहुंच जाएं कजाकिस्तान। घूमें आसपास। बग़ल में समरकंद है जहां से बाबर आए थे। लेकिन फिर आलस्य ने और बगलिया के रोक लिया। सोचा जाएंगे तसल्ली से। कौन समरकंद और कजाकिस्तान कहीं भागे जा रहे हैं।

पढ़ने के लिए तमाम किताबें सोची थीं कि एक-एक कर पढ़ी जाएंगी। अभी तक शुरुआत नहीं हुई है। रिटायरमेंट पर तमाम दोस्तों ने किताबें भेंट की हैं। कुछ पहले की पढ़ी, कुछ नई, कुछ पसंदीदा। कुछ मित्रों ने मुझे रामायण, गीता भी भेंट की। कई प्रतियां हों गईं। उन दोस्तों की शायद सलाह यही होगी कि लोक की बात ख़त्म हुई, अब परलोक सुधारने के प्रयास किया जाए।

इरादा यह भी थी कि उर्दू और स्पेनिश सीखेंगे। उर्दू सीखने की तमन्ना तो वर्षों से है। तमाम बार अलिफ, बे, ते लिखना सीखा भी लेकिन फिर छूट गया अभ्यास। स्पेनिश सीखने का चस्का पिछले साल तब लगा था जब मारखेज साहब की 'एकांत के सौ वर्ष' पढ़ी। डूओलिंगो एप से कई दिन स्पेनिश का अभ्यास भी किया। लेकिन बाद में वह भी ठहर गया। डुओलिंगो एप काफ़ी दिन तक हमारी बेवफ़ाई के संदेशे भेजता रहा। बाद में आजिज़ आकर वह भी शांत हो गया। दोनों इरादों पर से धूल झाड़कर अमली जामा पहनाने का विचार है अब।

लिखाई-पढ़ाई के तमाम छूटे हुए काम तय किए थे पूरे करने के लिए। अमेरिकी यात्रा के संस्मरण पर किताब 'कनपुरिया कोलंबस' फ़ाइनल कई बार चुके हैं। अब बस छपानी है। अलावा इसके कश्मीर, लेह-लद्धाख और दीगर घुमक्कड़ी के किस्से छांटकर/लिखकर छपाने का इरादा है। 'व्यंग्य की जुगलबंदी' के सिलसिले में लिखे गए तमाम दोस्तों के लेख भी छांटकर प्रकाशित करने का मन बनता है अक्सर। सबको इकट्ठा करना भी बड़ा काम है। देखते हैं कितना हो पाता है। किताब छपाने के तमाम हसीन लफड़े होते हैं। उनसे गुजरना भी रोचक अनुभव होता है।

अपने सेवाकाल के अनुभव भी लिखने के मन है। जिन लोगों के साथ काम किया उनके बारे में लिखने का विचार है। इस विचार पर अमल करने में हिचक भी है। पता नहीं कौन अपनी 'तारीफ़' पर ख़फ़ा हो जाए। समाज सेवा में भी कुछ योगदान करने का मन है। कैसे कर पाते हैं, कितना कर पाते हैं -समय बताएगा।

सरकारी सेवा से रिटायर भले हो गए हैं लेकिन जड़त्व के नियम के हिसाब से सेवा की मनःस्थिति से अलगाव पाने में समय लगेगा। विनोद श्रीवास्तव जी की कविता याद आती हैः जैसे तुम सोच रहे साथी,/ वैसे आज़ाद नहीं हैं हम/ पिंजड़े जैसी इस दुनिया में / पंछी जैसा ही रहना है/भरपेट मिले दाना-पानी/ लेकिन मन ही मन दहना है।/जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे संवाद नहीं हैं हम/ जैसे तुम सोच रहे साथी/वैसे आज़ाद नाहीं हैं हम।

सरकारी सेवा में 36 साल बिताने के बाद पिंजड़ा खुल गया है लेकिन आदतन अभी भी मन उसी हिसाब से बना हुआ है। सोच के स्तर पर उससे मुक्त होने में कुछ समय लगेगा। लेकिन यह तय है कि सेवाकाल पूरा करने की बहुत ख़ुशी है। आने वाले समय में तमाम नए काम काम करने की तमन्ना है। ज़िंदगी जितनी हसीन अभी तक रही, आगे की उससे भी खूबसूरत होगी ऐसा मुझे लगता है।

रिटायरमेंट के मौक़े पर हुई विदाई पार्टी के विडियो हमने यूट्यूब पर अपलोड किए हैं। इनमें हमारे कुछ मित्रों के और हमारे परिवार के लोगों और अपन के भी उद्गार हैं।

# मेहनतकश अब अपना हिस्सा मांगेंगे

अभी कुछ ही दिन पहले एक राजनीतिक पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में आर्थिक असमानता दूर करने के लिए बड़े पूंजीपतियों से धन ले कर गरीबों को से देने की बात कही थी जिस पर काफी दिनों तक विवाद बना रहा, आर्थिक असमानता को ले कर टीवी चैनलो पर भी काफी चर्चा हुई है और अखबारों में भी बराबर छपता रहता है। यह असमानता पिछले कुछ सालों में लगातार बढ़ी है जहा हमारे देश में रू 6000 प्रति माह पर गुजर करने वाले 72 करोड़ लोग है, तो



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वही धन संचय कर नए अरबपति बढ़ रहे हैं देश की संपत्ति का 40 प्रतिशत हिस्सा मात्र 1 प्रतिशत, पूंजीपतियों के पास है जाने माने अर्थशास्त्री थॉमस पी केटी ने एक रिसर्च पेपर के द्वारा सुझाया है कि 10 करोड़ से अधिक के मालिकों पर भारत में 2प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स तथा 33प्रतिशत नियमित कर लगाया जाना उचित होगा। ऐसा सुझाव देने के पीछे उनकी मंशा बढ़ती आर्थिक असमानता है।

"प्रपोजल फोर ए वेल्थ टैक्स पैकेज टू टेकेल एकस्टीम इनइक्वल्टीज इन इंडिया" नाम इस पेपर में अति बड़े घरानों से संबंधित टेक्स प्लान का सुझाव है। फिलहाल अमीरी गरीबी की बढ़ती असमानता पर चर्चा शुरू हो चुकी है, लेबर लॉस,जीएसटी और महंगाई बेरोजगारी की सबसे ज्यादा मार झेलने वाला गरीब है और वही सरकार से तमाम तरह से लाभ और राहत उठा कर, बढ़ रहा अमीर है, देखना यह है की निकट भविष्य में गरीबों को क्या मिलता है, वरना वो दिन दूर नही जब मेहनतकश समाज से अपना हिस्सा मांगने लगे यह मेहनतकश भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहा पूंजीपति बढ़ रहे हैं,क्योंकि क्रोनी केपिटालिजम को ही विकास नही माना जा सकता।

## सनातन संस्कृति का अपमान करते हैं इंडी गठबंधन के लोग

• मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंडिया गठबंधन को बताया झूठ का पुलिंदा


**पाटलीपुत्र (बिहार)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग सनातन संस्कृति का अपमान करते हैं। वह पाटलीपुत्र लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के समर्थन में मानेर, पटना, साहिब लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद के समर्थन जनसभा को संबोधित कर रहे थे। काला दिनारा एवं बख्तियारपुर के टेका बीघा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सफाई से झूठ बोल रहे, बाकी साथ दे रहे हैं। सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास सिर्फ बोलने के लिए नहीं, करके दिखाने के लिए है और ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करके दिखाया है। इंडी गठबंधन के लोग सनातन संस्कृति का अपमान करते हैं। इस अवसर पर लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी उपस्थित रहे। डॉ. यादव ने कहा कि एक तरफ भाजपा ने जो कहा करके दिखाया तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी और उसके घमंडिया गठबंधन के नेता झूठ पर झूठ परोस रहे हैं। इंडिया गठबंधन झूठ का पुलिंदा है।

# अभी मैं जिंदा हूं, 3 घंटे तक चबूतरे पर बैठाया गया

• इरफान सोलंकी कोर्ट में बोले, इतनी गर्मी में भी पानी तक पीने नहीं देते

• आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला नौवीं बार टला, 3 जून की तारीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



इरफान सोलंकी से गले मिलकर फफक पड़ीं उनकी मां।

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी पर आगजनी मामले में सोमवार को आने वाला फैसला एक बार फिर टल गया। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से दाखिल की गई लिखित बहस को पढ़ कर समायोजित करने में समय लग रहा है, जिस कारण अगली सुनवाई की तिथि तीन जून निर्धारित की गई। सुनवाई के दौरान सपा विधायक को महाराजगंज जेल से कोर्ट में पेश किया गया। पेशी की दौरान सपा विधायक ने तल्खी जाहिर करते हुए कहा कि अभी मैं जिंदा हूं...। तीन घंटे तक पुलिस लाइन में पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठाया गया है। इंसाफ होकर रहेगा।

एमपीएमएलए सेशन सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत 12 आरोपियों के खिलाफ मामला विचाराधीन है। इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, मो. शरीफ, इजरायल आटेवाला का बीते एक मार्च को ट्रायल पूरा हो चुका है। सोमवार को कोर्ट में निर्णय सुनाना था, जिसके लिए सपा विधायक समेत सभी आरोपियों को तलब किया गया था। सपा विधायक को दोपहर करीब 12 बजे पुलिस शहर लेकर पहुंची, लेकिन कोर्ट ने तीन बजे के बाद सुनवाई का निर्देश दिया। दोपहर तीन बजे इरफान कोर्ट परिसर पहुंचे, उनको देखते ही पत्नी नसीम सोलंकी व मां खुर्शीदा उनके गले लग कर रोने लगीं। इसके बाद इरफान बेटी का हाथ पकड़ कर कोर्ट पहुंचे। मीडिया कर्मियों के सवाल के दौरान सपा विधायक ने कहा कि अभी मैं जिंदा हूं... इंसाफ होकर रहेगा। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि अभियोजन व बचाव पक्ष की ओर से कुल 75 पन्नों की लिखित बहस दाखिल की गई है।

### पानी तक नहीं पीने देते

इरफान सोलंकी ने कोर्ट के सामने अपना दर्द बयां किया। उन्होंने कहा कि करीब साढ़े चार सौ किलोमीटर के रास्ते में पुलिसकर्मी इस भीषण गर्मी में उन्हें पानी तक नहीं पीने देते है। तीन-तीन घंटे तक पुलिस लाइन में बैठा कर रखते है, परिवार वालों से मिलने तक नहीं देते। विधायक के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहा कि सपा विधायक ने पेशी के दौरान पुलिस के खराब व्यवहार का कोर्ट में जिक्र किया, जिसे कोर्ट ने अमानवीय करार देते हुए उचित व्यवहार करने के निर्देश दिए।

## फैसले के समय मामले में नए वकील के पैरवी करने पर जताई नाराजगी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

• इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बार काउंसिल, बार एसो. को इस स्थिति पर विचार करने के लिए कहा

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तर्क पूरे होने के बाद ठीक फैसले के वक्त नए वकील की पैरवी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह परंपरा वकालत जैसे सम्मानजनक पेशे के लिए कलंक है।

उक्त तल्ख टिप्पणी के साथ ही न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकलपीठ ने गौतमबुद्ध नगर के शिवकुमार वर्मा की याचिका खारिज कर दी, साथ ही बार काउंसिल और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को इस शर्मनाक स्थिति पर गंभीरता से विचार करने और अंकुश लगाने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा कि एक वकील की ओर से बहस पूरी करने और अदालत के मंतव्य को भांप कर दूसरे वकील का मुकदमा अपने हाथ में लेना विधि व्यवसाय की विश्वसनीयता और गरिमा को ठेस पहुंचाने के समान है। यह आचरण व्यावसायिक परंपरा के लिए कलंक है। इससे निपटने के लिए बार काउंसिल और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को संयुक्त रूप से मंथन करना चाहिए। इस परंपरा को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। याची और विपक्षी के बीच व्यावसायिक लेनदेन के दौरान चेक का आदान-प्रदान हुआ था। याची की ओर से विपक्षी को दिया गया आठ लाख का चेक बाउंस हो गया था। आरोप है कि चेक बाउंस की सूचना देने पहुंचे विपक्षी को याची ने रुपये देने से इन्कार करने के साथ ही उसके साथ बदसलूकी भी की। इस पर विपक्षी ने लीगल नोटिस भेजा था, जिसका याची ने न जवाब दिया और न ही पैसे लौटाए। इस पर विपक्षी ने जिला अदालत में वाद दाखिल किया था।

## एक नजर

### 1.92 करोड़ रुपये के सोने के साथ पांच उज्बेक नागरिक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.92 करोड़ रुपये मूल्य के करीब तीन किलोग्राम सोने की तस्करी करने के आरोप में पांच उज्बेक नागरिकों को हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि बृहस्पतिवार को मुंबई से यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर पहुंचने के बाद आरोपियों को पकड़ लिया गया। बयान में कहा गया है कि तलाशी और उनके सामान की जांच के बाद 2.8 किलोग्राम वजन की सोने की नौ चेन मिलीं। बयान के मुताबिक, बरामद सोने की कुल कीमत 1.92 करोड़ रुपये है। बयान में कहा गया है कि सोना जब्त कर लिया गया और सभी पांच यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजस्थान के भरतपुर में दो युवक कुएं में डूबे

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले के बयाना थाना क्षेत्र में रविवार की रात दो युवकों की कुएं में गिरने से मौत हो गयी। पुलिस का कहना है कि ये युवक कुएं पर लगी पट्टी के टूटने से उसमें गिर गए और डूब गए। थानाधिकारी बाबूलाल ने बताया कि संजय (22) और राजवीर (28) खेत में पानी देने के बाद खेत पर बने 50 फीट गहरे कुएं के ऊपर लगी पट्टी पर बैठकर नहा रहे थे। अचानक पट्टी के टूट जाने से दोनों कुएं में जा गिरे और दोनों की पानी में डूबने से मौत हो गई।

### दुष्कर्म मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास

**दुमका।** झारखंड में दुमका की अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषी दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। दुमका के प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश रमेश चंद्रा की अदालत में सोमवार को सरैयाहाट थाना में जून 2018 में दर्ज मामले की सुनवाई हुई। सरकार की ओर से लोक अभियोजक चंपा कुमारी ने बहस की तथा 14 गवाह पेश किये और प्रति परीक्षण कराया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने सरैयाहाट थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार सिंह और धर्मेन्द्र कुमार राय को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास और 25-25 हजार रुपए जुर्माना की सजा सुनायी।

# एसएमएस से जालसाजी करने वाली आठ इकाइयों पर शिकंजा


## डीओटी ने एमएचए के सहयोग से काली सूची में डाला

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने एसएमएस के जरिये जालसाजी पर नकेल कसते हुए पिछले तीन माह में 10,000 से अधिक धोखाधड़ी संदेश भेजने में इस्तेमाल किए गए एसएमएस हेडर के पीछे की आठ प्रमुख इकाइयों को काली सूची में डाल दिया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने गृह मंत्रालय (एमएचए) के सहयोग से संचार साथी पहल के जरिये नागरिकों को संभावित एसएमएस धोखाधड़ी से बचाने के लिए आठ इकाइयों के खिलाफ यह निर्णायक कार्रवाई की है।

एसएमएस के जरिये ग्राहकों को वाणिज्यिक संदेश भेजने वाली व्यावसायिक या कानूनी संस्थाओं को दूरसंचार जगत की भाषा में प्रमुख इकाई कहा जाता है। वहीं हेडर का आशय वाणिज्यिक संचार भेजने के लिए प्रमुख इकाई को आवंटित एक विशिष्ट शृंखला से है जिसमें अंक एवं अक्षर दोनों होते हैं। गृह मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने साइबर अपराध के इरादे से धोखाधड़ी वाले संदेश भेजने के लिए आठ एसएमएस हेडर के दुरुपयोग के बारे में जानकारी मुहैया कराई। यह पाया गया कि पिछले तीन महीनों में इन आठ हेडर का इस्तेमाल करते हुए 10,000 से अधिक धोखाधड़ी वाले संदेश भेजे गए थे। इन आठ एसएमएस हेडर का स्वामित्व रखने वाली प्रमुख संस्थाओं को काली सूची में डाल दिया गया है।

### टेलीमार्केटिंग के लिए मोबाइल नंबरों के उपयोग की अनुमति नहीं




आठ प्रमुख संस्थाओं के साथ उनके स्वामित्व वाले 73 एसएमएस हेडर और 1,522 एसएमएस सामग्री टेम्पलेट को भी काली सूची में डाल दिया गया है। अब इनमें से किसी भी प्रमुख संस्था, एसएमएस हेडर या टेम्पलेट का इस्तेमाल एसएमएस भेजने के लिए नहीं किया जा सकता है। दूरसंचार विभाग ने इन संस्थाओं को काली सूची में डालकर नागरिकों के संभावित उत्पीड़न को रोका है, और साइबर अपराध के खिलाफ नागरिकों की सुरक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। इसके साथ ही विभाग ने चेतावनी दी कि टेलीमार्केटिंग गतिविधियों के लिए मोबाइल नंबरों के उपयोग की अनुमति नहीं है। यदि कोई उपभोक्ता प्रचारात्मक संदेश भेजने के लिए अपने टेलीफोन कनेक्शन का इस्तेमाल करता है, तो पहली शिकायत पर उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा और उसका नाम एवं पता दो साल की अवधि के लिए काली सूची में डाला जा सकता है।

## नाबालिग ने बोनट पर युवक को लिटाकर बीएमडब्ल्यू चलाई

**ठाणे।** ठाणे के कल्याण में भीड़भाड़ वाली सड़क पर एक नाबालिग द्वारा बोनट पर एक व्यक्ति को लिटाकर बीएमडब्ल्यू कार चलाने का वीडियो सोशल मीडिया में प्रसारित होने के बाद पुलिस ने इस संबंध में एक मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार नाबालिग बिना लाइसेंस कार चला रहा था। यह घटना पुणे में नाबालिग द्वारा पोर्श कार चलाने और दो आईटी पेशेवरों के कुचलने के बाद सामने आई है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने बोनट पर लेटे व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है जिसकी पहचान शुभम मित्तल के तौर पर की गई है और घटना के समय कार चला रहे 17 वर्षीय लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी किशोर का पिता सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी है, जिसकी कार है। उन्होंने बताया कि किशोर ठाणे जिले में कल्याण शहर के व्यस्त शिवाजी चौक पर शनिवार को कार चला रहा था। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश ने बताया, किशोर सोशल मीडिया रील से प्रभावित था और उसके पिता ने पांच लाख रुपये में पुरानी बीएमडब्ल्यू कार खरीदी थी जिसे किशोर बिना लाइसेंस चला रहा था। कार मालिक को नोटिस जारी किया गया है।

## चार वर्षीय बच्चे की हत्या के आरोप में पिता गिरफ्तार

• आंगन में पहले मुर्गे का रेता गला फिर बेटे की कर दी हत्या

**बलरामपुर, एजेंसी** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में चार वर्षीय बच्चे की गला रेतकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के महुआडीह गांव में पुलिस ने कमलेश नगेशिया (26) को अपने पुत्र अविनाश की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। कमलेश के परिजनों ने जानकारी दी कि शनिवार को कमलेश अचानक अजीब हरकत करने लगा। पुलिस ने बताया कि वह परिवार के सदस्यों से कहने लगा कि उसे अजीब सी आवाज सुनाई दे रही है और उसे किसी की बलि चढ़ाने के लिए कहा जा रहा है। परिजनों ने उसकी बातों पर ध्यान नहीं दिया और रात में भोजन के बाद सभी सोने चले गए। कमलेश की पत्नी भी अपने दो बेटों को लेकर अपने कमरे में सोने चली गई। उन्होंने बताया कि रात में कमलेश अचानक उठा और उसने घर के आंगन में एक मुर्गे का गला रेत दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बाद में वह अपने बड़े बेटे अविनाश को उठाकर आंगन में ले आया और गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने कमलेश को पकड़ लिया और बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### लॉरेंस बिश्नोई के दो गुर्गे गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब के पटियाला में पुलिस ने राजपुरा से लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन पिस्तौल, 15 कारतूस और एक कार बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों की पहचान हरजिंदर सिंह उर्फ लाडी और सुबीर सिंह उर्फ सुबी के तौर पर हुई है। उन्होंने बताया कि लाडी 2017 में पंचकुला में मीत बाउंसर की हत्या में शामिल शूटरों में से एक था और सितंबर 2020 में जमानत पर रिहा हुआ था। गिरफ्तार किये गये गुर्गों को विदेश में रहने वाले गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने संभाला था, जो फरार आतंकवादी गोल्डी बराड़ का सहयोगी था। गोल्डी ढिल्लों इसी साल जनवरी में चंडीगढ़ के सेक्टर 5 में हुई गोलीबारी की घटना में शामिल था। उन्होंने बताया कि पकड़े गये दोनों अपराधियों को प्रतिद्वंद्वी गिरोह द्वारा हाल ही में खरड़ में अपने गिरोह के सदस्य की हत्या के प्रतिशोध में दो लक्षित हत्यायें करने का काम सौंपा गया था।

## पटना विवि के छात्र की कॉलेज परिसर में पीट-पीटकर हत्या

**पटना।** पटना विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज परिसर में कुछ अज्ञात हमलावरों ने स्नातक अंतिम वर्ष के एक छात्र की सोमवार को कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मृतक की पहचान पटना विश्वविद्यालय के बीएन कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र हर्ष राज (22) के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार यह घटना तब हुई जब राज दोपहर में परीक्षा देकर बाहर आ रहा था। सूचना मिली थी कि सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के लॉ कॉलेज परिसर में स्नातक की परीक्षा देने गये एक छात्र को कुछ अज्ञात लोगों ने पीट-पीटकर घायल कर दिया है। पुलिस पीड़ित को अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। वारदात के बाद परिसर के अंदर सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, आरोपी नकाब पहने हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक जब पीड़ित परीक्षा कक्ष से बाहर आ रहा था, तभी आरोपियों ने पीड़ित पर हमला कर दिया और उसे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## पौने दो करोड़ की धोखाधड़ी में बैंक मैनेजर गिरफ्तार

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के कुरूद एचडीएफसी बैंक में किए धोखाधड़ी के मुख्य आरोपी बैंक प्रबंधक श्रीकांत टेनेटी को गिरफ्तार किया गया है। आठ मई को पीयुष राठौर शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक शाखा कुरूद ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि एचडीएफसी बैंक कुरूद शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक श्रीकांत टेनेटी और उसके सहयोगी तेजेन्द्र साहू ने मिलकर बैंक के संपत्ति का दुरुपयोग, बैंक एवं बैंक के खाता धारकों के खाते से 1,84,04151 रुपये निकाल लिए। आरोपी श्रीकांत टेनेटी का हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया गया है।



चिलचिलाती गर्मी में लोगों के साथ ही पशु-पक्षी भी व्याकुल हैं। दिल्ली के चिड़ियाघर में वन्य जीवों को गर्मी से राहत देने के लिए सोमवार को पानी का छिड़काव हुआ तो कुछ हिरण आकर खड़े हो गए। • एजेंसी

## युवक ने ब्लैकमेल कर रही पूर्व महिला मित्र की हत्या की

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक व्यक्ति द्वारा पीजी में अपनी पूर्व महिला मित्र की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। महिला ने व्यक्ति पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद पुलिस को शनिवार रात को घटना को अंजाम देने की सूचना दी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 32 वर्षीय मृतका महाराष्ट्र से आरोपी के गुरुग्राम स्थित पीजी (छात्रावास) में मिलने आई थी। आरोपी सूरज वर्मा (28) ने दावा किया कि महिला ने उसके खिलाफ 2023 में दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था और समझौता होने के बाद वह जमानत पर जेल से बाहर था। पुलिस ने वर्मा के हवाले से बताया कि महिला आरोपी को ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रही थी।

## सरकारी मशीनरी में तोड़फोड़ में पूर्व सपा विधायक दोषी

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार



• वर्ष 2008 में बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान पत्थरबाजी का मामला

समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक राधेश्याम जायसवाल को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। वर्ष 2008 में बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान हुई पत्थरबाजी और सरकारी कार्य में अवरोध उत्पन्न करने के आरोप में कोर्ट ने पूर्व विधायक को दोषी करार देते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया है। मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक को सजा सुनाई जाएगी।

बताते चले सदर सीट से पूर्व सपा विधायक रहे राधेश्याम जायसवाल पर बसपा शासन काल के दौरान ईओ नगर पालिका सीतापुर निहाल चंद्र ने लालबाग बाजार में अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के दौरान सरकारी कार्य में बाधा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। वर्ष 2008 में राधेश्याम जायसवाल सदर सीट से सपा विधायक थे। आरोप था कि जब नगर पालिका की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो सपा विधायक राधेश्याम जायसवाल अपने समर्थकों के साथ लालबाग बाजार पहुंचकर अतिक्रमण हटाओ अभियान का विरोध दर्ज कराया। आरोप था कि राधेश्याम जायसवाल और उनके समर्थकों ने सरकारी सम्पत्ति में तोड़-फोड़ कर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर टीम को बैरंग ही वापस लौटा दिया। तत्कालीन ईओ पालिका ने तत्कालीन विधायक राधेश्याम को नामजद करते हुए 10 से 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। पुलिस ने विवेचना के दौरान अज्ञात लोगों को नाम हटाकर तत्कालीन विधायक राधेश्याम जायसवाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,353 और 427 का आरोपी बनाकर चार्जशीट दाखिल की थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में सोमवार को न्यायाधीश राजेंद्र सिंह ने फैसला सुरक्षित कर लिया।

### झूठी गवाही के आरोप में नगर पालिका के 4 कर्मियों को नोटिस

बताया जाता है कि एमपी-एमएलए कोर्ट ने मामले में चार नगर पालिका कर्मचारियों को नोटिस भेजी गई है। इन कर्मचारियों में तत्कालीन संपत्ति लिपिक राकेश मिश्रा, सुशील श्रीवास्तव सहित दो कर्मी शामिल है। बताया जाता है कि इन कर्मियों ने न्यायालय में झूठी गवाही देकर गुमराह करने का प्रयास किया था।

## सिद्धरमैया ने मोदी पर कसा तंज पूछा क्या वह ईश्वरीय अवतार हैं

• बोले-चुनावी रैलियों में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे भाषण का इस्तेमाल करते हैं प्रधानमंत्री

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कथित भगवान का भेजा हुआ टिप्पणी को लेकर उन पर कटाक्ष किया और हैरानी जताई कि क्या वह ईश्वरीय अवतार हैं। उन्होंने कहा कि इतने विविधता वाले इस देश को हिंदू राष्ट्र में बदलने का दावा संभव नहीं है। मुख्यमंत्री प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सिद्धरमैया ने पूछा, नरेन्द्र मोदी अब कहते हैं कि उन्हें भगवान ने भेजा था। विडंबना देखिए, वह कहते हैं भगवान ने मुझे 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए भेजा है। क्या वह भगवान के अवतार हैं? उन्होंने कहा, एक भी दिन उन्होंने गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और बेरोजगारों के लिए कोई कार्यक्रम शुरू नहीं किया। सभी के बीच समानता होनी चाहिए और सभी के लिए समान अवसर होना चाहिए। क्या उन्होंने इसे हासिल करने के लिए प्रयास किए हैं? मुख्यमंत्री ने कहा, अपनी हार से पूरी तरह वाकिफ नरेन्द्र मोदी वही बोल रहे हैं जो उनके मुंह से निकल रहा है। वह जानबूझकर वोट की खातिर हिंदू और मुस्लिमों को बांटकर ऐसा कर रहे हैं। वह वोटों के ध्रुवीकरण के लिए ऐसा कर रहे हैं। सिद्धरमैया ने कहा, मीडिया से बात करते हुए, वह कहते हैं कि वह सभी लोगों के लिए खड़े हैं, लेकिन चुनावी रैलियों के दौरान वह मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरे भाषण का इस्तेमाल करते हैं।

## कोर्ट में हाजिर हुए सांसद संजय सिंह वारंट रिकॉल

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर:** सजा के खिलाफ दायर अपील में जारी वारंट पर सांसद संजय सिंह सोमवार को अदालत पहुंचे। न्यायाधीश एकता वर्मा ने वारंट निरस्त कर मामले की सुनवाई 28 मई को नियत की है।

बिजली-पानी की समस्या को लेकर सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह समेत चार को लोअर कोर्ट ने तीन माह की सजा सुनाई थी, जिसे सेशन कोर्ट में चुनौती दी गई है। सजा पर सेशन कोर्ट ने रोक लगा दी थी। सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं आ रहे सांसद संजय सिंह पर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। सोमवार को अपने अधिवक्ता मदन सिंह के जरिए कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट ने उनका वारंट रिकॉल कर लिया। मामले में पूर्व से मंगलवार को सुनवाई नियत है।

# मंत्रियों को बचाने के लिए झूठ बोलने को किया मजबूर

**केरल आबकारी नीति विवाद**

• कांग्रेस ने पर्यटन निदेशक के दावे को किया खारिज

तिरुवनंतपुरम/कोझिकोड, एजेंसी

कांग्रेस ने सोमवार को केरल पर्यटन निदेशक के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि विभाग द्वारा हाल ही में आयोजित हितधारकों की बैठक का सरकार की शराब नीति से कोई लेना-देना नहीं है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मंत्रियों को बचाने के लिए अधिकारियों को झूठ बोलने के लिए मजबूर किया गया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आबकारी नीति में संशोधन का निर्णय 21 मई को पर्यटन विभाग द्वारा बुलाई गई बैठक के दौरान लिया गया था।

विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीसन ने दावा किया कि बार मालिकों ने एर्नाकुलम में बैठक की और उस बैठक के बाद अपने पक्ष में आबकारी नीति बनवाने के लिए धन जुटाने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि एक बार मालिक के कथित ऑडियो क्लिप में उसे यह कहते हुए स्पष्ट रूप से सुना जा सकता है कि अगर पैसा नहीं मिला तो कुछ नहीं होगा। सतीसन ने आरोप लगाया कि विपक्ष के हमलावर होने के तुरंत बाद पर्यटन निदेशक ने मीडिया में बयान जारी किया। कांग्रेस ने इस मामले पर पर्यटन और आबकारी मंत्रियों द्वारा झूठ बोलने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पर्यटन निदेशक द्वारा बुलाई गई जूम मीटिंग के लिंक का विषय आबकारी नीति समीक्षा था। विपक्ष के नेता ने यह भी जानना चाहा कि क्या पर्यटन निदेशक के नाम से जारी किया गया बयान पर्यटन मंत्री के कार्यालय में तैयार किया गया था?

## मंत्री आलमगीर की ईडी रिमांड तीन दिन और बढ़ी

**रांची।** रांची की एक विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने सोमवार को कथित धन शोधन मामले में झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम की ईडी हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ा दी। यह जानकारी उनके वकीलों ने दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो दिन की पूछताछ के बाद 15 मई को आलम को हिरासत में ले लिया था। पीएमएलए अदालत ने शुरुआत में आलम को 17 मई से छह दिन की हिरासत में भेजा था और बाद में 22 मई को उनकी हिरासत पांच दिन के लिए बढ़ा दी गई। आलम के वकील किसलय प्रसाद ने कहा कि ईडी ने आगे की पूछताछ के लिए हिरासत की अवधि तीन दिन बढ़ाने का निवेदन किया, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया। आलमगीर आलम राज्य के संसदीय मामलों के मंत्री हैं और वह पाकुड़ सीट से विधायक हैं।

### सड़क हादसे में दंपती समेत चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के गंगानगर जिले के राजियासर थाना क्षेत्र में रविवार को सड़क हादसे में दंपती समेत चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गयी। पुलिस ने बताया कि चूरू से गंगानगर जा रहा वाहन (स्कार्पियो) राष्ट्रीय राजमार्ग 62 पर सूरतगढ़ के पास आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गया। कार में सवार लोकेश गुरेजा (37) उसकी पत्नी अनु गुरेजा (36) और उनकी सात साल की बेटी और गगनदीप (36) की मौत हो गई जबकि गगनदीप की पत्नी घायल हो गई। कार में सवार सभी लोग सालासर बालाजी के मंदिर से गंगानगर लौट रहे थे। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिक्षकों के अभाव में नहीं चल सकेंगे मेडिकल कॉलेज

## एमबीबीएस पढ़ाना है तो शिक्षकों की संख्या रखनी होगी मानक अनुरूप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज, आगामी सत्र में बिना शिक्षकों की संख्या पूरी किये नहीं चल सकेंगे। उन्हें मानक के अनुरूप शिक्षकों के साथ ही सीनियर रेजीडेंट्स, जूनियर रेजीडेंट्स, व ट्यूटर आदि के पद हर हाल में भरने होंगे। ये मानक दो माह में पूरे करने के निर्देश नेशनल मेडिकल कमीशन(एनएमसी) ने दिये हैं।

प्रदेश में निजी मेडिकल कॉलेज ही नहीं, तमाम सरकारी मेडिकल कॉलेज भी एनएमसी द्वारा निर्धारित मानकों को धता बताते हुए संचालित हो रहे हैं। एनएमसी के निरीक्षण दौरान दूसरे कॉलेज से शिक्षकों को बुलाकर मानक पूरे किये जाते हैं। यह स्थिति अधिकांश सरकारी मेडिकल कॉलेजों की है। चिकित्सा शिक्षा विभाग और कॉलेजों की यह तिकड़मबाजी अब नहीं चलेगी।

एनएमसी ने पहली बार ऑन लाइन मानकों का न केवल निरीक्षण किया बल्कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस की गहनता से जांच की, भारी लापरवाही मिलने पर अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड के दायरे में राजधानी के केजीएमयू, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ दो दर्जन से ज्यादा सरकारी मेडिकल कॉलेज आ चुके हैं, जिन पर कम से कम दो लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है।

### शाहजहांपुर सहित 5 कॉलेजों को मिले स्थाई प्रधानाचार्य

**लखनऊ।** मानक पूरे न होने से मेडिकल कॉलेजों पर नेशनल मेडिकल कमीशन( एनएमसी )द्वारा लगाए जुर्माने के बाद, कॉलेज प्रशासन के साथ ही चिकित्सा शिक्षा विभाग भी सक्रिय हो गया है। सोमवार को विभाग ने कार्यवाहक प्रधानाचार्य के भरोसे चलने वाले प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेजों में प्रधानाचार्य नियुक्त कर दिये हैं। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि मेरठ मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर को पीलीभीत स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) का प्रधानाचार्य नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार बस्ती के प्रोफेसर डॉ.मनोज कुमार को उसी कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ.राजेश कुमार को शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में और गुजरात के मेडिकल कॉलेज के डॉ.राजेश मोहन को सिद्धार्थनगर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य बनाया गया है। इसके अलावा बहराइच मेडिकल के प्रधानाचार्य डॉ.संजय खत्री को, उसी कॉलेज में अगले तीन साल के लिए पुन: नियुक्त कर दिया गया है। कई मेडिकल कॉलेज कार्यवाहक प्रधानाचार्यों के भरोसे संचालित हो रहे हैं।

## अमौसी एयरपोर्ट पर यात्री से पकड़ा गया लाखों रुपये का सोना

**लखनऊ, अमृत विचार :** सरोजनीनगर स्थित चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर सोमवार को जांच के दौरान कस्टम अधिकारियों ने एक यात्री के पास से लाखों रुपये कीमत का सोना बरामद किया। कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर पकड़े गए यात्री को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो सोमवार को अबू धाबी से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई 1416) से उतरे यात्रियों की जांच पड़ताल की जा रही थी। तभी कस्टम अधिकारियों को एक यात्री पर संदेह हुआ और उन्होंने उसे अलग बुलाकर उससे पूछताछ की। लेकिन पूछताछ में उसने कुछ भी नहीं बताया। बाद में जब कस्टम अधिकारियों ने उसकी बारीकी से जांच पड़ताल की तो उसके पास से मलाशय में छुपा कर लाया गया करीब 793 ग्राम सोना बरामद हुआ। अधिकारियों के मुताबिक यह सोना बिना सीमा शुल्क चुकाए ही विदेश से चोरी छुपे लाया गया था।

## बेटे ने सिर कुचल कर माता-पिता को मार डाला

**गोरखपुर, एजेंसी :** जिले के गोला थाना क्षेत्र के फत्तेपुर गांव में एक नशेबाज बेटे ने अपने बुजुर्ग माता-पिता की सिर कुचल कर सोमवार को हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि गोला थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेपुर के दलित बस्ती निवासी राजपति (75) व पत्नी मुराती देवी (70) घर पर गहरी नीद में सो रहे थे कि उसका छोटा बेटा दयानंद कहीं से भोर में घर आया और हैंडपंप से हत्था निकाल कर गहरी नींद में सो रहे माता.पिता के सिर पर कई बार वार कर मौत के घाट उतार दिया। बताया जाता है कि घर के अन्य परिवार किसी रिश्तेदार में किसी समारोह में गये हुए थे। परिजनों के अनुसार दयानंद सभी प्रकार के नशे का आदी था। वह नशे के लिए दिहाड़ी मजदूरी करता था। गोला थाना प्रभारी मधुपनाथ मिश्र ने बताया की परिजन द्वारा तहरीर दे दी गयी है जिसके आधार पर दयानंद के ऊपर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से

## कोर्ट को अभ्यर्थी के अंकों में सुधार का अधिकार

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा (सिविल जज) जूनियर डिवीजन परीक्षा, 2022 में उत्तर का सुधार कर अभ्यर्थी को अतिरिक्त अंक देने के मामले में अपनी विशेष टिप्पणी में कहा कि अगर न्यायालय इस आवश्यक सुधार से बचता है तो यह केवल लापरवाही को अनुमति देने के समान होगा तथा भ्रष्ट आचरण के विकास के लिए द्वार भी खोलेगा, इसलिए जहां आयोग जैसे विशेषज्ञ ने उत्तर प्रतिक्रिया का मूल्यांकन न करने की गलती की हो, वहां कोर्ट द्वारा मापा हुआ आवश्यक सुधार करना न्याय संगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि दिए गए अंकों में हस्तक्षेप करना उचित नहीं है, लेकिन जहां परीक्षक सही उत्तर को आंकने में विफल रहा है, वहां कोर्ट को सुधार की पेशकश करने का अधिकार है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने शिवम सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया, साथ ही याची का नियुक्ति पत्र भी जारी करने का निर्देश दिया और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि अगर छात्र द्वारा दिया गया उत्तर संदेह से परे सही है तो उत्तर कुंजी के अनुसार उत्तर न देने के लिए छात्र को दंडित नहीं किया जा सकता है। मामले के अनुसार याची ने यूपीपीसीएस (जे), 2022 की प्रारंभिक और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की, उसे साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। हालांकि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा अंतिम परिणाम घोषित किए जाने पर याची का चयन नहीं हुआ। इससे व्यथित होकर याची ने सामान्य ज्ञान परीक्षा के लिए अपनी उत्तर प्रति की जांच करने की मांग की।

## अफजाल के मामले की सुनवाई 3 जून को

**प्रयागराज, अमृत विचार:** हाईकोर्ट में गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सोमवार को अफजाल अंसारी के साथ ही प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की अर्जियों पर एक साथ सुनवाई हुई। अफजाल की सुनवाई सोमवार को पूरी हो गई। हालांकि अफजाल के वकीलों ने कृष्णानंद राय के परिवार की तरफ से सजा को बढ़ाए जाने की मांग को लेकर दाखिल की गई अर्जी पर आपत्ति जताने के लिए पांच दिनों की मोहलत मांगी। कोर्ट ने मामले को आगामी 3 जून 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया है।

## अब्बास अंसारी के करीबी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में रंगदारी, मारपीट, गुंडागर्दी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल अब्बास अंसारी के गिरोह के सक्रिय सदस्य शहबाज आलम खान को राहत देते हुए उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद कर दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने पारित किया।

मामले के अनुसार प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार पांडेय ने अब्बास अंसारी,शहबाज आलम खान सहित तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत चित्रकूट में 29 जनवरी 2024 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि अब्बास अंसारी ने चित्रकूट जेल में रहते हुए एक नया गिरोह बनाया है, जिसका सक्रिय सदस्य शहबाज आलम अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर आर्थिक लाभ हेतु लोगों से रंगदारी वसूलता है। इस गिरोह का आम लोगों में इतना भय और आतंक है कि उनके विरुद्ध कोई रिपोर्ट दर्ज करने का साहस नहीं कर पाता।

## चुनाव प्रभावित करने के आरोप में एडीएम पर कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आयोग ने अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह को हटाया

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग ने चुनाव प्रभावित करने के आरोप में दो अधिकारियों को उनकी वर्तमान तैनाती से हटा दिया है। इनमें से एक फिरोजाबाद के अपर जिलाधिकारी अभिषेक सिंह हैं और दूसरे इसी जिले में जसराना के पुलिस क्षेत्राधिकारी श्यामजीत प्रमिला सिंह हैं। इतना ही नहीं आयोग ने निर्देशित किया है कि इन दोनों को किसी भी सूरत में चुनाव संबधी कोई ड्यूटी न सौंपी जाए।

4 जून को होने जा रही मतगणना की तैयारी करा रहे फिरोजाबाद के एडीएम पर हुई इस कार्रवाई से अन्य बड़े अफसरों में भी खलबली मच गई है। फिलहाल दोनों को प्रतीक्षारत रखा गया है, नयी तैनाती तक दोनों लखनऊ मुख्यालय से अटैच रहेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शीघ्र ही इन दोनों पदों पर नए अधिकारियों की तैनाती कर दी जाएगी। दरअसल, फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर तीसरे चरण यानि सात मई को मतदान हुआ था। जिसमें सपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों पर गड़बड़ी करने और मतदाताओं को वोट न डालने देने की शिकायत चुनाव आयोग से की थी।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले की सुनवाई जारी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में सोमवार को लगातार 5 घंटे तक चली सुनवाई के दौरान मस्जिद के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष रखा। मुकदमे की पोषणीयता के बिंदु पर अधिवक्ताओं ने मथुरा कोर्ट में दाखिल वाद को खारिज करने की मांग की। हालांकि हिंदू पक्षकारों के अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया। समयाभाव के कारण सुनवाई पूरी न होने पर न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को 28 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग भी वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश में संचालित किए जा रहे हैं 75 वृद्धाश्रम

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों को पेंशन योजना का लाभ मिलने लगा है। पेंशन दिए जाने के समाज कल्याण निदेशालय के प्रस्ताव पर शासन की मंजूरी के बाद करीब चार हजार बुजुर्गों को पेंशन बन गई है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत इन बुजुर्गों को पहली तिमाही की तीन हजार रुपये पेंशन जून में उनके खातों में पहुंच जाएगी।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में वृद्धाश्रम चलाए जा रहे हैं। जहां बेसहारा बुजुर्गों को आश्रय दिया जाता है। इन 75 वृद्धाश्रमों में लगभग 65 सौ बुजुर्ग रह रहे हैं। उनके जीवन का स्तर सुधारने के लिए समाज कल्याण निदेशालय की ओर से उन्हें वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने का प्रस्ताव तैयार कर फरवरी में शासन को मंजूरी के लिए भेजा गया था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत के अनुसार पेंशन देने के प्रस्ताव को शासन से स्वीकृति मिलने के बाद वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की पेंशन बनवाने का काम तेजी से शुरू हो चुका है। अब तक करीब चार हजार बुजुर्गों की पेंशन बन चुकी है।

## अपराधी को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी पुलिस की

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस की जिम्मेदारियों पर एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पुलिस अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे आरोपी व्यक्तियों का पता लगाएं और उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करें, चाहे वे भारत में कहीं भी रहते हों।

वारंट की तामील न होना यह दर्शाता है कि पुलिस वारंट की तामील करने में रुचि नहीं रखती। ऐसी स्थिति को कायम नहीं रखा जा सकता है।पुलिस अधिकारी न्यायालय के समक्ष यह बयान नहीं दे सकते हैं कि आरोपी व्यक्तियों का पता नहीं लग पा रहा है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने सीआरपीसी की धारा 482 के तहत विद्या सिंह द्वारा दायर याचिका पर विचार करते हुए की। याची ने तर्क दिया कि मामले में आरोपी व्यक्ति गैर-जमानती वारंट जारी करने और सीआरपीसी की धारा 82 और 83 के तहत कार्यवाही शुरू करने के बावजूद कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत नहीं हो रहे हैं। कोर्ट से अप्रैल में हुई सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से उपस्थित अपर शासकीय अधिवक्ता ने अनुरोध किया कि वह यह स्पष्ट करें कि गैर-जमानती वारंट के तहत आरोपियों को कोर्ट के समक्ष क्यों नहीं प्रस्तुत किया जा रहा है। मामले की सुनवाई 28 को होगी।

# धर्म दर्शन

## परम पुनीता सरयू नदी

यह एक पौराणिक ऐतिहासिक सत्य है कि भारत ही नहीं वरन् विश्व के करोड़ों राम भक्तों की दृष्टि में आधुनिक अयोध्या नगरी सहसा अत्यंत आकर्षण का केंद्र बन गई है। अयोध्या पुरी की सुसंपन्नता और सुरक्षा में पुण्यतोया सरयू का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निम्नलिखित पंक्तियों में सरयू नदी के सांस्कृतिक-साहित्यिक इतिहास का अति संक्षिप्त रेखांकन वर्णित है-



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

ऋग्वेद (4/13/18) में देवराज इन्द्र द्वारा सरयू के तट पर अपने दो प्रतिद्वंद्वियों के वध का उल्लेख है। ऋग्वेद(4/30/18; 5/53/9 तथा 5/53/9) इसका नाम आया है। यदु और तुर्वससु के द्वारा इस नदी को पार करने का उल्लेख हुआ है। पाणिनि की अष्टाध्यायी (6/4/174) में भी इसका उल्लेख हुआ है। यों तो भौगोलिक दृष्टि से इसके सरयू, शारदा, काली, घाघरा कई नाम हैं, किंतु प्रारम्भ और अंत का 'सरयू' नाम ही अधिक लोक श्रुति है। हमारे प्राचीन साहित्य में सरयू नाम ही बहुप्रचलित या प्रयुक्त हुआ है। हिमालय की उपत्यका में आधुनिक उत्तरांचल के बागेश्वर जनपद में इसका उद्गम स्थल है। बाद में उत्तर प्रदेश से कटकर उत्तरांचल राज्य बनने के बाद पिथौरागढ़ में ही उसके अतिरिक्त बागेश्वर और चंपावत दो और नए जनपद बन गए हैं। बागेश्वर से निकलकर उत्तर प्रदेश के जनपद बलिया में गंगा नदी में विलीन हो जाने वाली लगभग 350 किलो मीटर लंबी इस नदी के तटवर्ती उत्तर प्रदेश के बहराइच, सीतापुर, गोंडा, अयोध्या, सुल्तानपुर, दोहरीघाट तथा बलिया जनपद या शहर स्थित हैं। अचिरवती अथवा राप्ती नदी इसकी प्रमुख सहायक नदी है। यह नदी आधुनिक देवरिया जनपद के बरहज नामक स्थान पर स्वयं को सरयू में विलीन कर देती है। इसके पूर्व अचिरवती या राप्ती अपने में आमी और जाहन्वी नदियों को स्वयं में समाहित कर चुकी होती है। आदि महाकवि वाल्मीकि कृत रामायण में सरयू तीरे स्थित धन-धान्य (अन्न-धन) से सुसंपन्न, सुविस्तृत कोसल नामक महान जनपद की राजधानी अयोध्यानगरी को बसाने का श्रेय स्वयं मानवेन्द्र मनु महाराज को दिया गया हैः 'कोसलोनाम मुदितः स्फीतो जनपदो महान,

निविष्टः सरयू तीरे प्रभूत धन-धान्यवान्।
अयोध्या नाम नगरी तत्र सील्लोक विश्रुता,
मनुना मानवेंद्रेण या पुरी निर्मिता स्वयम्।।
(वाल्मीकि रामायण, 5.19)


वाल्मीकि रामायण (अयोध्या कांड 63,20-21-36) में ही अयोध्या के निकटवर्ती वन में शिकार खेलने गए राजा दशरथ के द्वारा भ्रम वश अंधे माता-पिता के लिए सरयू जल लाने गए, मातृ-पितृभक्त श्रवण कुमार के वध और शापित होने का वर्णन है। संस्कृत साहित्य के महाकवि कालिदास के 'रघुवंश' महाकाव्य (13/63) में भगवान श्रीराम, सरयू नदी को अपनी जन्मदात्री मां के समान पूजनीय मानते हैं। काल की गति विचित्र होने के साथ ही सर्वव्यापी एवं सर्वशक्तिमान तथा सतत परिवर्तनशील है। कतिपय भू वैज्ञानिकों की मान्यता है कि यदि समय रहते विशेष ध्यान नहीं दिया गया तो सरयू नदी का अस्तित्व ही खतरे में है।

## आत्म- बोध



सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः प्रतिधीयते।
अथास्यायमितर आत्मा कृतकृत्यो वयोगतः प्रैति। स इतः प्रयन्नेव पुनर्जायते तदस्य तृतीयं जन्म।।

पुत्र पिता का ही आत्मस्वरूप होता है। यह पुत्र जब कार्य करने योग्य हो जाता है, तब पिता उसको अपना प्रतिनिधि बना देता है। गृहस्थी का पूरा दायित्व उस पर छोड़ कर अपने को कृतकृत्य समझता है। तदनंतर इसका यही पितृरूप आत्मा वृद्धावस्था मे पहुंचकर शरीर छोड़कर विदा होता है। इसके बाद वह कर्मानुसार जहां जिस योनि मे जन्म लेता है, वह इसका तीसरा जन्म है।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

इस प्रकार संसरण करता हुआ अर्थात् संसार मे उत्पन्न होता हुआ, जन्म मरण रूप परंपरा पर आरूढ़ हुआ, जन्म-जन्मांतर मे जिस समय जिस किसी अवस्था मे वह अपनी आत्मा को जान लेता है, उसी समय वह संसार के संपूर्ण बंधनों से मुक्त होकर कृतकृत्य हो जाता है।

यही बात ऋषि ने भी कही है। ऋषि वामदेव को गर्भ मे रहते हुए माता के उदर मे ही यथार्थ ज्ञान प्राप्त हो गया था। उन्होंने वहीं कहा था, अहो! कितने आश्चर्य और आनंद की बात है कि गर्भ मे रहते रहते मैंने इन अंतः करण और इंद्रिय रूप देवताओं के अनेक जन्मों का रहस्य भलीभांति जान लिया। मैंने इस बात को भी जान लिया कि यह जन्म वाक् एवं अग्नि आदि इंद्रिय और अंतः करण के ही होते हैं, आत्मा के नहीं। इस रहस्य को समझने के पहले मुझे लोहे के समान सैकड़ों कठोर शरीरों ने अवरुद्ध कर रखा था। इन शरीरों मे मेरी ऐसी अहंता हो गई थी कि शरीर बोध से छूटना मेरे लिए कठिन हो रहा था। अब मैं जाल को काटकर वेग से उड़ जाने वाले बाज पक्षी के समान आत्मज्ञान जनित सामर्थ्य के द्वारा उस शरीर बोध से निकलकर बाहर आया हूं। वामदेव ऋषि ने गर्भ मे शयन करते समय ऐसा ही कहा था।

## वर्ग पहेली-83

**बाएं से दाएं**

1. 1. बाण चलाने का एक अस्त्र, बांस या धातु आदि के छड़ को निर्धारित मात्रा में झुकाकर उसके दोनों सिरों के बीच डोरी बांधकर बनाया हुआ विशेष अस्त्र 2. धनुष, धनु, कमान, चाप, कोदंड, शरायुध।

3. सिर पर पहनने का एक आभूषण, सिरबंदी।

5. 1. रुपए-पैसे का लेन-देन करने वाला व्यक्ति, साहुकार 2. अमीर व्यक्ति 3. श्रेष्ठ व्यक्ति 4. जनसमूह

6. दांतों की तरह उभरी कंघी

7. 1. दुर्घटना 2. वृत्तांत, हाल 3. समाचार, ख़बर।

8. शव ले जाने का लकड़ी का बनाया गया चौकोर ढांचा, अरथी।

9. दुहिता,पुत्री, बेटी।


**ऊपर से नीचे**

2. 1. पवित्र, शुद्ध, पाक 2. पवित्र तथा अच्छे आचरण वाली स्त्री।

3. 1. दीन-दयालु 2. बंदों पर अनुग्रह करने वाला 3. नौकरों और आश्रितों पर कृपा करने वाला 4. भक्तवत्सल।

4. 1. काम या बात को पूरा न करने के लिए कहा जाने वाला झूठ 2. हीला, टालमटोल, बनावटी बात 3. अपना बचाव या किसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए कही गई झूठी बात 4. कारण, हेतु, वजह, निमित्त 5. नाममात्र का कारण।

5. 1. दौरा करने का रास्ता, भ्रमणमार्ग 2. आधार, आश्रय 3. निर्भरता 4. ग्रहों का भ्रमण मार्ग, कक्षा।




### वर्ग पहेली -82 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वे | ■ | 2 अ | 3 प | क | र् | ष |
| शा | ■ | ■ | रि | ■ | ■ | ■ |
| 4 ख | ट | रा | ग | ■ | ■ | 5 ना |
| ■ | ■ | ■ | ण | ■ | 6 घं | ट |
| 7 अ | खु | ट | ना | ■ | ■ | क |
| श | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | घ |
| 8 नि | शा | ने | बा | ज़ी | ■ | र |

## सुडोकू -162

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 6 | |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | 7 | | |
| | | 2 | | | | | | |
| | | | | 3 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 4 |
| | 9 | | 2 | | | | 7 | |

### सुडोकू -161 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 7 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 3 | 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 मई मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 15 .23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 09 .33 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। नया काम शुरू करने का उत्साह रहेगा। घर के कार्यों में भी आप विशेष रुचि लेंगे। अधिकारी वर्ग के लोगों से आपको प्रशंसा मिल सकती है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण मिल सकता है।

**वृष** — आज आप कहीं घूमने के विचार में रहेंगे। कई दिनों का तनाव शांत होने से मानसिक प्रसन्न रहेगी। कृषि कार्य से जुड़े लोग कुछ परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपने उत्पादों की गुणवत्ता का ध्यान रखें। जीवनसाथी की सलाह आपको कार्यक्षेत्र में काफी सहायक होने वाली है।

**मिथुन** — आज निर्माण कार्यों में अचानक रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे कार्यों से दूरी बनाकर रखें जिसको लेकर आपके पास पूरी सूचना नहीं है। आज आपको धैर्य और साहस का परिचय देना होगा। बवासीर और कब्ज के रोगियों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**कर्क** — आज व्यवसाय में नई पार्टनरशिप को लेकर विचार कर सकते हैं। आप अपनी तरफ से लोगों की काफी मदद करेंगे। इससे आपकी छवि काफी अच्छी हो सकती है। जो लोग आपसे नाखुश थे, वे भी आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं।

**सिंह** — आज पिछले सप्ताह की कई परेशानियों को आप आज सुलझा सकते हैं। काम का दबाव बढ़ने से आप चिड़चिड़े भी हो सकते हैं। आपके कुशल प्रबंधन और जिम्मेदारी लेने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपकी काफी प्रशन्सा करेंगे।

**कन्या** — आज तनाव और थकान का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र में काम करने का मन नही करेगा। आपको योग और ध्यान का सहारा लेना चाहिए। व्यवसाय में आप कुछ नई नीतियों पर काम करने का प्रयास करेंगे।

**तुला** — आज आप मस्ती के मूड में रहेंगे। भविष्य को लेकर लापरवाही पूर्ण रवैया अपना उचित नहीं है। बौद्धिक प्रकृति के लोग आपसे सलाह लेने का प्रयास करेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। घर के उपकरणों का मेन्टीनेंस करवाते रहें।

**वृश्चिक** — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। जिन कार्यों में आपको आनंद आता है, आप उसमें स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करेंगे। स्वजनों के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। दूसरों के झगड़ों को सुलझाने का भी आप प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज आप कुछ तनाव में हो सकते हैं। परिस्थितियां कुछ नकारात्मक सी रहेंगी। आप जो नहीं चाहते हैं उन कार्यों में भी आपको संलग्न होना पड़ सकता है। धन से जुड़े मामलों को लेकर सावधान रहें। उधार लेन-देन आपको काफी नुकसान दे सकता है।

**मकर** — आज मानसिक रूप से शांति महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में लोग आपके अनुकूल रहेंगे। घर का माहौल काफी अच्छा रहेगा। योग और जीवनशैली जैसे विषयों को लेकर आप काफी जागरूक रहेंगे। गठिया रोगियों के दर्द का निवारण हो सकता है।

**कुंभ** — आज अनावश्यक विचारों से मन कुछ अशान्त हो सकता है। व्यवसायी लोग अपने अपनी दुकान या शोरूम आदि में अग्नि आदि से सुरक्षा के मानकों पर ध्यान दें। आज आपको काम से ज्यादा प्रबन्धन पर ध्यान होगा। यात्रा के दौरान सेहत कुछ गड़बड़ हो सकती है।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिजन आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग आज घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। सुख-सुविधाओं को बढ़ाने के लिये आप कुछ महंगे उत्पादों पर धन निवेश कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
चाइना गेट — सुबह : 09 .47
जागृति — दोपहर : 02 .48

**&pictures**
बवाल — सुबह : 10 .47
बंगाल टाइगर — शाम : 04 .53

**SONY PIX**
जर्नी 2 — सुबह : 11.09
जॉन रैम्बो — रात : 07 .26

**ZEE CINEMA**
हमारी अधुरी कहानी — सुबह : 10 .20
लाडला — रात : 07 .10

**colors CINEPLEX**
रंगीला — सुबह : 11 .39
ओम शांति ओम — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 10 .20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मास्टर जी क्लास में आए तो पप्पू हल्ला मचा रहा था।
मास्टर जी (पप्पू से) - गजल और भाषण में क्या अंतर होता है?
पप्पू ने कुछ देर सोचा फिर बोला- पराई स्त्री का हर शब्द गजल होता है और बीवी का हर शब्द भाषण...
पप्पू की बात सुनकर मास्टर जी दंग रह गए।

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो।
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो।
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 75,390.50 | 22,932.45 |
| नुकसान | 19.89 | 24.65 |
| प्रतिशत में | 0.03 | 0.11 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 28 मई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 975 फ्लैग 1090 डीएमओ 860 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2065, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1755, रविन्द्रा 1950, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1635, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1880, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1850, स्वास्तिक 2035, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20000, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7475-7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10500, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 15800, अरहर कोरा मोटा 16200, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# शेयर बाजार में निवेशकों के लिए नुकसान का कारण न बन जाए इंटरनेट की सलाह



रजत मेहरोत्रा, वित्तीय सलाहकार, बरेली।

**पि**छले एक दशक में भारतीय शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की अच्छी खासी आमद देखी गई है। इंटरनेट पहुंच के प्रसार और डिजिटल मीडिया के उदय के साथ, अधिक व्यक्ति निवेश सलाह के लिए व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूब की ओर रुख कर रहे हैं। हालांकि इसने वित्तीय जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है, इसने एक चिंताजनक प्रवृत्ति को भी जन्म दिया है, वहीं कई निवेशक इस सलाह का आंख बंद करके पालन करने से काफी नुकसान उठा रहे हैं।

हाल के वर्षों में, भारत में वित्तीय समाचार मीडिया और निवेश-संबंधित यूट्यूब चैनलों में तेजी देखी गई है। सीएनबीसी-टीवी18, ईटी नाउ और जी बिजनेस जैसे बिजनेस समाचार चैनल घरेलू नाम बन गए हैं, जबकि कई यूट्यूबर्स ने स्टॉक टिप्स और निवेश रणनीतियों की पेशकश करके बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हासिल किए हैं। यह उछाल आंशिक रूप से शेयर बाजार में बढ़ती खुदरा भागीदारी के कारण है, जिसमें निवेशक निवेश की जटिल दुनिया से निपटने के लिए मार्गदर्शन चाहते हैं।

**यूट्यूब की सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान-सनसनीखेज और प्रचार:** व्यावसायिक समाचार चैनल और यूट्यूबर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए अक्सर सनसनीखेज पर भरोसा करते हैं। इससे कुछ शेयरों या बाज़ार रुझानों को लेकर अतिरंजित दावे और प्रचार हो सकता है।

**व्यक्तिगत रुचि से प्रभावित:** ऐसे उदाहरण हैं जहां व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स की उनके द्वारा अनुशंसित स्टॉक में अज्ञात रुचि हो सकती है। उदाहरण के लिए, उन्हें अपने स्टॉक को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों से मुआवजा मिल सकता है, जिससे पक्षपातपूर्ण सलाह मिल सकती है। हितों का यह टकराव निवेशकों को गलत जानकारी के आधार पर खरीदारी या बिक्री करने के लिए गुमराह कर सकता है।

**सीमित जवाबदेही:** इन प्लेटफार्मों पर वित्तीय विशेषज्ञ और प्रभावशाली लोग अपनी सिफारिशों के परिणामों के लिए जवाबदेह नहीं हैं। पंजीकृत वित्तीय सलाहकारों के विपरीत, उनके पास अपने दर्शकों के प्रति प्रत्ययी जिम्मेदारियाँ नहीं होती हैं।

**अध्ययन और उदाहरण:** ऐसे कई उदाहरण हैं जहां प्रभावशाली लोगों और मीडिया द्वारा समन्वित प्रचार के माध्यम से शेयरों को कृत्रिम रूप से बढ़ाया गया है, केवल प्रमोटरों द्वारा अपनी हिस्सेदारी बेचने के बाद कीमतें कम हो जाती हैं। एक उल्लेखनीय उदाहरण कुछ पेनी शेयरों का तेजी से बढ़ना और गिरना था, जहां बिना सोचे-समझे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ।

**क्रिप्टोकरेंसी का क्रेज:** हाल के वर्षों में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर मची दीवानगी में कई यूट्यूबर्स और चैनलों ने भारी रिटर्न के वादे के साथ विभिन्न सिक्कों को बढ़ावा दिया है। इन वादों से आकर्षित होकर कई निवेशकों ने इसमें शामिल जोखिमों को समझे बिना भारी निवेश किया। क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में बाद में गिरावट के से कई लोगों को महत्वपूर्ण नुकसान हुआ।

**निष्कर्ष:** व्यावसायिक समाचार चैनलों और यूट्यूबर्स के उदय ने निःस्संदेह वित्तीय जानकारी को औसत निवेशक के लिए अधिक सुलभ बना दिया है। हालांकि, उनकी सलाह का आंख बंद करके पालन करने के नुकसान से महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हो सकता है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, स्वतंत्र अनुसंधान को प्रोत्साहित करके, प्रमाणित सलाहकारों से परामर्श करके, दीर्घकालिक निवेश पर जोर देकर, नियामक निरीक्षण को मजबूत करके और प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर, निवेशक शेयर बाजार की जटिलताओं से निपटने और सूचित निवेश निर्णय लेने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकते हैं। अंततः, सफल निवेश की कुंजी एक अनुशासित, सुविज्ञ दृष्टिकोण में निहित है जो नवीनतम बाजार प्रवृत्ति या सनसनीखेज समाचार कहानी का पीछा करने के बजाय व्यक्तिगत वित्तीय लक्ष्यों और जोखिम सहनशीलता पर विचार करता है।

**निवेशकों की सुरक्षा के लिए रणनीतियां**

1-वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना निवेशकों को सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाने के लिए वित्तीय शिक्षा महत्वपूर्ण है।

2- कार्यशालाएं और सेमिनार-बुनियादी निवेश सिद्धांतों, जोखिम प्रबंधन और पोर्टफोलियो विविधीकरण पर कार्यशालाएँ आयोजित करना।

3-ऑनलाइन पाठ्यक्रमः निवेश के विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रमों और संसाधनों तक पहुंच प्रदान करना।

4-स्कूल पाठ्यक्रमः भावी पीढ़ियों को आवश्यक वित्तीय कौशल से लैस करने के लिए वित्तीय शिक्षा को स्कूल पाठ्यक्रम में एकीकृत करना।

5-निवेशकों को केवल मीडिया सलाह पर निर्भर रहने के बजाय अपना स्वयं का शोध करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

6-निवेश निर्णयों को प्रभावित करने वाले व्यापक बाज़ार रुझानों और आर्थिक संकेतकों से अवगत रहना।

7- जानकारी के विश्वसनीय स्रोतों का लाभ उठाना, जैसे कंपनी रिपोर्ट, नियामक फाइलिंग और प्रतिष्ठित वित्तीय वेबसाइटें।

8-प्रमाणित वित्तीय सलाहकारों से परामर्श करना। प्रमाणित वित्तीय सलाहकार किसी निवेशक की विशिष्ट परिस्थितियों के अनुरूप वैयक्तिकृत सलाह प्रदान कर सकते हैं।

9-अनुकूलित योजनाएं प्राप्त करें। उनके वित्तीय लक्ष्यों, जोखिम सहनशीलता और समय-सीमा के अनुरूप निवेश योजनाएं प्राप्त करें।

10-हितों के संभावित टकराव से मुक्त निष्पक्ष सलाह से लाभ उठाएं।

11-विविधीकरण रणनीतियां लागू करें, विविध पोर्टफोलियो विकसित करें जो जोखिम को कम करते हैं और दीर्घकालिक रिटर्न बढ़ाते हैं।

12-लंबी अवधि या दीर्घकालिक निवेश परिप्रेक्ष्य को प्रोत्साहित करने से निवेशकों को अल्पकालिक व्यापार के नुकसान से बचने में मदद मिल सकती है।

13-वित्तीय मीडिया में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए नियामक ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 93,250 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,150-55,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## डब्ल्यूटीओ के कुछ सदस्य देशों ने भारत की कृषि सब्सिडी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटेन समेत विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के कुछ सदस्य देशों ने 2022-23 के लिए कृषि कच्चे माल पर भारत की 48 अरब डॉलर की सब्सिडी पर सवाल उठाए हैं। वहीं भारत का कहना है कि मुद्रास्फीति और उर्वरकों की बढ़ती लागत के कारण सब्सिडी बढ़ी है। एक अधिकारी ने यह बात कही है।

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के इन सदस्यों ने 23-24 मई को कृषि समिति की बैठक के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। अधिकारी ने कहा-भारत ने कहा है कि कच्चे माल की सब्सिडी मुख्य रूप से बिजली, सिंचाई और उर्वरक के लिए है। इसका बढ़ने का कारण मुद्रास्फीति और उर्वरकों की बढ़ती लागत है। इस बारे में जानकारी डब्ल्यूटीओ को विधिवत दी गई थी। विश्व व्यापार संगठन 166 सदस्यीय एक वैश्विक व्यापार निकाय है। यह सदस्य देशों के बीच व्यापार को लेकर विवादों पर भी निर्णय देता है। भारत ने इन आंकड़ों को अप्रैल में डब्ल्यूटीओ को दिया था। डब्ल्यूटीओ के विशेष और अलग-अलग व्यवहार के नियमों के तहत विकासशील सदस्य देशों को ये सब्सिडी देने की अनुमति है।

## सोने में 220 और चांदी की कीमतों में 1,050 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली।** लगातार तीन सत्रों की गिरावट के बाद सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण विदेशी बाजार में मजबूत रुख को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में सोना 220 रुपये उछलकर 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में शुक्रवार को सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,050 रुपये की तेजी के साथ 92,850 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,800 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी।

## मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को बनाया समान वितरण का जरिया : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● वित्त मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर की टिप्पणी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने पिछले 10 साल में केंद्रीय बजट की रूपरेखा बदल दी है। पहले यह केवल खर्चों का लेखा-जोखा होता था लेकिन मोदी सरकार ने इसे लोगों के बीच समान वितरण के लिए एक रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। वित्त मंत्री ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सुधारों की गति जारी रहेगी।

उन्होंने कहा कि सरकार करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेगी ताकि इसका लाभ सभी तक पहुंचाने के लिए इसका सर्वोत्तम इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सके। सीतारणम ने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा, यह कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया है।



## एक नजर

### विचाराधीन कैदी ने अदालत में मजिस्ट्रेट पर फेंकी चप्पल

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में एक विचाराधीन कैदी ने मजिस्ट्रेट पर चप्पल फेंक दी। पुलिस के अनुसार कैदी को मामले में सुनवाई के लिए स्थानीय अदालत में ले जाया गया था। कोतवाली थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रसिक मोहम्मद ने बताया कि चोरी के एक मामले में न्यायिक हिरासत में इस्माइल को जेल से सोमवार को अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि उसने अचानक अपनी चप्पल निकाली और मजिस्ट्रेट पर फेंक दी। आरोपी को दोबारा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मजिस्ट्रेट द्वारा मामला दर्ज किया जा रहा है और उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया जाएगा।

### कुपवाड़ा में आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि एक विशेष सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान टीम ने आवारा जंगल में आतंकवादियों के ठिकाने का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने कहा कि यह ठिकाना आवरा के घने वन क्षेत्र में स्थित था और तलाशी के दौरान, हथियारों, गोला-बारूद, उपकरण और अन्य युद्ध जैसे सामानों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया।

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में अलग-अलग स्थानों से पुलिस ने तीन इनामी नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने फरसेगढ़ थाना क्षेत्र से एक नक्सली को तथा तर्रेम थाना से दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। बताया कि सोमवार को फरसेगढ़ थाना क्षेत्र के फरसेगढ़ बाजार के पास से नक्सली अशोक कोरसा (25) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने बताया कि तलाशी में पेद्दागेलुर से दो माओवादियों ईरया कड़ती (35) और लक्ष्मण फुलसुम (29) को पकड़ा गया है।

# सत्ता में आने पर अग्निपथ योजना करेंगे रद महिलाओं को हर महीने देंगे 8,500 रुपये

## राहुल गांधी ने बिहार की चुनावी रैली में किया दावा, कहा-गठबंधन का आ रहा तूफान

**बख्तियारपुर(बिहार), एजेंसी**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोमवार को दावा किया कि अगर विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) सत्ता में आएगा तो सेना में अल्पकालिक भर्ती की अग्निपथ योजना को रद कर दिया जाएगा और प्रत्येक महिला के खाते में प्रति माह 8,500 रुपये जमा किए जाएंगे।

बिहार के पटना साहिब संसदीय क्षेत्र के बख्तियारपुर, पाटलिपुत्र के पालीगंज एवं आरा के जगदीशपुर में महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा-बिहार और उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन का तूफान आ रहा है। नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा-नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी-जीएसटी लागू करके रोजगार के रास्ते बंद किए हैं।

**जनसभा मंच आंशिक रूप से टूटा, बाल-बाल बचे राहुल**

राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव सोमवार को उस समय बाल-बाल बच गए जब पटना जिले के पालीगंज में उनकी सभा के लिए बनाया मंच आंशिक रूप से टूट गया। गांधी सोमवार दोपहर को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रही राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने वाले थे। जैसे ही गांधी तेजस्वी और मीसा भारती के साथ मंच पर पहुंचे लेकिन बीच में मंच आंशिक रूप से गिर गया।



पालीगंज में रैली के दौरान मंच का एक हिस्सा टूट जाने के बाद राहुल गांधी और राजद नेता मीसा भारती अपना संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती हुईं। ● एजेंसी


## मोदी मटन, मछली के बारे में बोलते हैं, मेक इन इंडिया पर नहीं



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति, निर्यात, बढ़ते व्यापार घाटे तथा मेक इन इंडिया कार्यक्रम को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह चीन को अपना सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनाकर फर्जी राष्ट्रवाद पर अमल कर रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर लिखा, नरेन्द्र मोदी मंगलसूत्र, मटन, मछली, मुगल और मुजरा के बारे में बोलते हैं, लेकिन 'मेक इन इंडिया' के बारे में बात नहीं करते? मोदी अपने कई अर्थव्यवस्था पर एक भी शब्द क्यों नहीं बोलते? इसका जवाब है-सरकार की घोर विफलता। उन्होंने आरोप लगाया कि मेक इन इंडिया कार्यक्रम फ्लॉप हो गया है, पीएलआई योजना लड़खड़ा गई है और निर्यात में भारी गिरावट आई है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के दौरान विनिर्माण वृद्धि 7.85 प्रतिशत थी, जबकि मोदी सरकार में 2014 से 2022 तक यह 6.0 प्रतिशत थी।

## सरकार ने घाटी में आतंकी ढांचे को कर दिया नेस्तनाबूद



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घाटी में आतंकवाद की घटनाओं में काफी गिरावट आने का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने न केवल आतंकवादियों को निशाना बनाया है बल्कि आतंकी ढांचे को भी नेस्तनाबूद कर दिया है। शाह ने साथ ही आतंकवादियों को सख्त संदेश देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में किसी आतंकवादी या पथराव करने वाले किसी व्यक्ति के परिजन को सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा-हमने एनआईए (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण) के माध्यम से आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की है और इसे समाप्त कर दिया है। हमने आतंकवाद के वित्तपोषण पर बहुत सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने बीते सप्ताहांत में दिए साक्षात्कार में कहा-हमने कश्मीर में फैसला किया है कि अगर कोई किसी आतंकवादी संगठन से जुड़ जाता है तो उसके परिवार के किसी भी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। शाह ने यह भी कहा कि अगर कोई पथराव में शामिल रहता है तो उसके परिवार के भी किसी सदस्य को कोई सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी।

## अमित शाह ने पंजाब की आप सरकार गिराने की दी है धमकी

**चंडीगढ़, एजेंसी**

● केजरीवाल ने गृह मंत्री पर लगाया तानाशाही का आरोप



आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर लोकसभा चुनाव के बाद पंजाब में भगवंत मान नीत सरकार को गिराने की धमकी देने का आरोप लगाया और कहा कि ये तानाशाही है। शाह ने रविवार को लुधियाना में एक चुनावी रैली में लोगों से लोकसभा चुनाव में पंजाब में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और कहा कि भाजपा की जीत के बाद भगवंत मान सरकार लंबे समय तक नहीं टिकेगी।

सोमवार को केजरीवाल ने अमृतसर में व्यापारियों की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा-क्या आपने अमित शाह का बयान सुना है? उन्होंने धमकी दी है। शुरुआत में उन्होंने पंजाबियों को बहुत गालियां दीं। उन्होंने (शाह) धमकी दी है कि चार जून के बाद पंजाब सरकार गिर जाएगी और भगवंत मान मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा-हमारे पास 92 सीटें (विधायक) हैं। आप (सरकार) कैसे गिरा सकते हैं? (देश में) तानाशाही है। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता खुलेआम कह रहे हैं कि वे विधायकों को सीबीआई और ईडी से धमकाएंगे और फिर उन्हें खरीद लेंगे। आप नेता ने कहा-मैं उनसे (शाह से) कहना चाहता हूं...पंजाब के लोगों को धमकाओ मत, अन्यथा वे आपके लिए पंजाब में प्रवेश करना मुश्किल कर देंगे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी शाह की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। मान ने कहा-क्या आपमें सरकार गिराने की हिम्मत है? हमारे पास 92 सीटें हैं। वे हमें धमकी दे रहे हैं। क्या आप यहां वोट मांगने आ रहे हैं या सरकार गिराने की धमकी दे रहे हैं? वहीं, अमृतसर में केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा और उन पर बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है।

## आप की याचिका पर उच्च न्यायालय का फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**पार्टी कार्यालय के लिए स्थान आवंटित करने का मामला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त होने के मद्देनजर पार्टी कार्यालयों के लिए स्थान आवंटित करने से संबंधित आप की याचिका पर फैसला सोमवार को सुरक्षित रख लिया। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ वकील ने बताया कि पार्टी को 15 जून तक राउज एवेन्यू स्थित मौजूदा कार्यालय खाली करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी को अस्थायी रूप से दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मार्ग पर एक स्थान आवंटित किया जाना चाहिए। अदालत अस्थायी स्थान आवंटित करने के मामले पर 5 जून को फैसला सुना सकती है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम ने कहा-मैं अवकाश के दौरान फैसला सुनाने का प्रयास करूंगा। संभवतः पांच जून को। आप ने मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे के मद्देनजर अपने कार्यालयों के निर्माण के लिए राष्ट्रीय राजधानी में भूखंड या लाइसेंस के आधार पर एक आवास इकाई के आवंटन का अनुरोध करते हुए पिछले साल दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की थीं। अस्थायी स्थान को लेकर फैसला सुरक्षित रखते हुए अदालत ने भूमि आवंटन से संबंधित याचिका को 10 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

## भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

## मालेगांव के पूर्व महापौर अब्दुल शेख गोलीबारी में घायल

**नासिक।** मालेगांव के पूर्व महापौर और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिकारी अब्दुल मलिक यूनुस शेख पर सोमवार तड़के महाराष्ट्र के नासिक जिले में दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने कथित तौर पर गोली चला दी जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शेख (39) को नासिक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। बताया कि हमले के सटीक कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## इंडिया गठबंधन की एक जून को हो सकती है बैठक, टीएमसी नहीं होगी शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● बैठक में विपक्षी नेता चुनाव नतीजों से पहले अपनी रणनीति पर करेंगे चर्चा

विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलांयस (इंडिया) के घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन का आकलन करने के साथ-साथ चुनाव परिणाम से पहले अपनी रणनीति बनाने के लिए एक जून को बैठक कर सकते हैं। हालांकि, आखिरी चरण के मतदान और चक्रवात के चलते तृणमूल कांग्रेस बैठक में हिस्सा नहीं ले सकेगी।

आगामी एक जून को ही लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बुलाई गई इस बैठक में विपक्षी नेता चुनाव नतीजों से पहले अपनी रणनीति पर चर्चा करेंगे और सात चरण के चुनावों में अपने प्रदर्शन का भी आकलन करेंगे। विपक्षी गठबंधन दावा कर रहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को केंद्र में सत्ता में लौटने से रोकने और अपनी खुद की सरकार बनाने में सफल रहेगा। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने भी यह दावा किया है कि वह इन चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। इंडिया गठबंधन बनने के बाद इससे कुल 28 दल जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राष्ट्रीय लोक दल जैसी कुछ पार्टियां राजग में शामिल हो गईं।

## एनआईए ने कई राज्यों में की छापेमारी मानव तस्करी में पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को कई राज्यों में छापेमारी की और कथित तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी और साइबर धोखाधड़ी गिरोह में शामिल पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। जानकारी के मुताबिक आरोपी भारतीय युवाओं को रोजगार का झूठा वादा कर विदेश भेजने के लिए राजी करते थे। गिरोह द्वारा ले जाए गए युवाओं को गोल्डन ट्रायंगल स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड), लाओस और कंबोडिया सहित अन्य देशों में साइबर अपराध के लिए संचालित फर्जी कॉल सेंटर में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, गुजरात, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में 15 स्थानों पर छापेमारी के बाद वडोदरा(गुजरात) के मनीष हिंगू, गोपालगंज(बिहार) के पहलाद सिंह, दक्षिण पश्चिम दिल्ली के नबीआलम रे, गुरुग्राम (हरियाणा) के बलवंत कटारिया और चंडीगढ़ के सरताज सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

## खेल डायरी

### जीत के साथ खत्म हुआ बार्सीलोना कोच का कार्यकाल



**मैड्रिड।** जावी हर्नांडेज ने बार्सीलोना के कोच के रूप में अपने कार्यकाल का अंत स्पेनिश लीग फुटबॉल के अंतिम दौर में सेविला के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ किया। बार्सीलोना के लिए रॉबर्ट लेवानदोवस्की और फर्मिन लोपेज ने गोल दागे। बार्सीलोना ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वे पूर्व मिडफील्डर जावी के साथ करार तोड़ रहे हैं जबकि इसमें एक साल बचा था। जावी ने कहा, हम इसे खत्म करना नहीं चाहते थे लेकिन ये क्लब के फैसले हैं। हमने खिताब नहीं जीते लेकिन हम सही राह पर थे। फुटबॉल इसी तरह का खेल है निदेशक अपने फैसले करते हैं। बार्सीलोना के खिलाड़ियों ने मैच के बाद जावी को विदाई दी। बार्सीलोना, गिरोना और एटलेटिको मैड्रिड भी शीर्ष चार में रहते हुए अगले सत्र के लिए चैंपियन्स लीग में जगह बनाने में सफल रहे।

### भारतीय जू. महिला टीम को जर्मनी से मिली हार

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को यूरोप दौरे के चौथे मैच में रविवार को जर्मनी के खिलाफ एकमात्र गोल से हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के ब्रेडा में भारत के लिए पहला क्वार्टर चुनौतीपूर्ण रहा जब जर्मनी ने खेल की शुरुआत में ही गतिरोध तोड़कर 1-0 की बढ़त बना ली। खराब मौसम के बावजूद दोनों टीमें कड़े मुकाबले के इरादे में थीं। दूसरा और तीसरा क्वार्टर गोल रहित रहा, जिससे जर्मनी आगे बना रहा, जबकि भारत ने बराबरी का स्कोर बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। अंतिम क्वार्टर में जर्मनी ने अपनी बढ़त लगभग दोगुनी कर दी, लेकिन उनके पेनल्टी स्ट्रोक को भारत के गोलकीपर ने नकार दिया। भारत के पास अंतिम अवसर पेनल्टी कॉर्नर के रूप में आया, लेकिन वे इसे भुनाने में असफल रहे और जर्मनी से 0-1 से हार मान ली।

### हरमनप्रीत की हैट्रिक से अर्जेंटीना को दी शिकस्त

**एंटवर्प।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के तीन लगातार गोलों की मदद से भारत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में अर्जेंटीना के खिलाफ 5-4 से सनसनीखेज जीत हासिल की। हरमनप्रीत ने मैच के 29वें, 50वें और 52वें मिनट में गोल दाग कर भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त किया। भारत के लिए शेष दो गोल अरजीत सिंह हुंदल ने सातवें मिनट में और गुरजंत सिंह ने 18वें मिनट में किये। अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा ने मैच के तीसरे मिनट में ही गोल कर शुरुआती बढ़त दिला दी जबकि निकोलस कीनन ने 24वें, तादेओ मारुची ने 54वें और लुकास मार्टिनेज़ ने 57वें मिनट पर गोल दागे। भारत ने सधी शुरुआत की और पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद पास रखी।

### भारत ने 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की घोषित



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 31 मई और चार जून को ताशकंद में खेले जाने वाले दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की। टीम की 30 संभावित खिलाड़ियों ने हैदराबाद में श्रीनिधि डेक्कन एफसी के घरेलू मैदान पर दो सप्ताह तक प्रशिक्षण लिया जिसके बाद मुख्य कोच एल चाओबा देवी ने 23 सदस्यीय टीम का चयन किया। भारतीय दल बुधवार को ताशकंद रवाना होगा। भारतीय टीम में गोलकीपर श्रेया हुडा, मैबाम लिनथोइनगांबी देवी, एम मोनालिसा देवी, डिफेंडर एल आशालता देवी, संजू, हेमम शिल्की देवी, जूली किशन, अस्तम ओरांव, अरुणा बैग, सोरोखैबम रंजना चानू, वांगखेम लिन्थोइंगंबी देवी, मिडफील्डर कार्तिका अंगमुथु, कविया, नाओरेम प्रियंगका देवी, नेहा, संध्या रंगनाथन, संगीता बासफोर, सौम्या गुगुलोथ, अंजू तमांग और फॉरवर्ड काजोल डिसूज़ा, करिश्मा शिरवोइकर, प्यारी खाखा, सेर्टो लिंडा कॉम शामिल हैं।

# निराशा को पीछे छोड़ छुआ ख्वाहिश का आसमां

## श्रेयस अय्यर ने मेस्सी के अंदाज में खत्म किया केकेआर के लिए आईपीएल खिताब का सूखा

कोलकाता, एजेंसी

निराशा को पीछे छोड़कर ख्वाहिशों के आसमान को छूने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लियोनेल मेस्सी के विश्व कप जीतने के अंदाज में रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीतने का जश्न मनाया। आईपीएल से कुछ सप्ताह पहले बीसीसीआई ने उनका केंद्रीय अनुबंध खत्म कर दिया। इसके अलावा बार-बार पीठ की चोट के कारण उनके करियर में रुकावट आने का खतरा पैदा हो गया। श्रेयस को इस साल की शुरुआत से कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

उन्होंने इन सभी निराशा को पीछे छोड़कर केकेआर के आईपीएल खिताब के 10 साल को सूखे को उसी तरह खत्म किया जैसे मेस्सी ने अर्जेंटीना के लिए 36 साल के बाद विश्व कप जीता था। मेस्सी को 2014 विश्व कप के फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा था तो वही श्रेयस को इस तरह के पल का सामना 2020 में करना पड़ा था जब उनकी कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल फाइनल का सफर तय किया था। आईपीएल ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेयस ने टीम के साथियों के साथ उसी तरह से जश्न मनाया जैसे मेस्सी ने दोहा में फीफा विश्व कप के फाइनल में फ्रांस को हराने के बाद मनाया था।

फाइनल में केकेआर की जीत के बाद दिग्गज इयान बिशप ने कहा मैं गौतम गंभीर के बारे में काफी बातें सुन रहा हूं कि उन्होंने टीम में शानदार माहौल बनाया, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस खिलाड़ी को पर्याप्त श्रेय मिल रहा है। हमें इसे श्रेय देना चाहिये। केकेआर के लिए सलामी बल्लेबाजों सुनील नारायण और फिल सॉल्ट ने ज्यादा रन बनाए लेकिन जब भी मौका मिला दूसरे खिलाड़ियों ने भी अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा किया जिससे टीम ने लीग चरण में दो मैच बाकी रहते तालिका में शीर्ष पर अपना स्थान पक्का कर लिया था। केकेआर ने पूरे सत्र में सिर्फ तीन मैचों में हार का सामना किया।

श्रेयस के बचपन के कोच प्रवीण आमरे ने कहा मैंने उन्हें उनके पूरे करियर में चुनौती दी। मुझे पता था कि वह कितने मजबूत इरादों वाले हैं और एक कोच के रूप में उन्हें चुनौती देना मेरा काम था। वह हमेशा चुनौतियों को लेना पसंद करता है।

### स्टार्क ने फेंकी सर्वश्रेष्ठ गेंद, नारायण सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने आईपीएल फाइनल में अभिषेक शर्मा को मिशेल स्टार्क की शरीर से बाहर की तरफ स्विंग होती गेंद को आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया जबकि सुनील नारायण को चैंपियन केकेआर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया। हेडन ने कहा अभिषेक को फेंकी गेंद जैसे ही स्टार्क के हाथ से निकली तो काम खत्म हो गया। उसकी नियति आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंद की थी- एक बेहद शानदार गेंद जो उस समय बेहद महत्वपूर्ण थी। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के अंत में स्टार्क की कलाई की स्थिति सही रखते हुए अतिरिक्त गति हासिल करने की क्षमता और नारायण की ऑलराउंड क्षमता से केकेआर को मजबूती मिली। मिशेल स्टार्क सत्र में अधिकतर समय 136-137 किमी प्रति घंटा की औसत रफ्तार से गेंदबाजी कर रहा था लेकिन पिछले दो हफ्ते में उसने 140 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी की।

### आईपीएल की ट्रॉफी जीतने पर मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईपीएल ट्रॉफी जीतने पर कोलकाता नाइट राइडर्स टीम को बधाई दी है और आने वाले वर्षों में और अधिक ट्रॉफी की कामना की है। बनर्जी ने एक्स पर पोस्ट किया कोलकाता नाइट राइडर्स की जीत से पूरे बंगाल में जश्न का माहौल है। मैं आईपीएल के इस सीजन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और फ्रेंचाइजी को से बधाई देना चाहती हूं और आने वाले वर्षों में ऐसी और आकर्षक जीत की कामना करती हूं।



# आप देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा : रिंकू

चेन्नई, एजेंसी



केकेआर के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने आईपीएल के फाइनल में रविवार को जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई।

सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर केकेआर तीसरी बार आईपीएल चैंपियन बना। केकेआर के बल्लेबाजों ने पूरे सत्र के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। मध्यक्रम में वामहस्त बल्लेबाज रिंकू सिंह को लंबी पारी खेलने के ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। रिंकू ने कहा मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना, मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाऊंगा। रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे। केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया।

### विश्व कप में भारत को मिलेगी टक्कर

**नई दिल्ली।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 शुरू होने के लिए तैयार है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खिताब की तलाश में 20 टीमें एक साथ आएंगी। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान शामिल हैं, जिन्हे सह-मेजबान अमेरिका और कनाडा के साथ-साथ आयरलैंड से भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत का लक्ष्य हाल की विश्व प्रतियोगिताओं में लगातार हार का सिलसिला तोड़ना है। वहीं, बाबर आज़म के नेतृत्व में, पाकिस्तान आईसीसी ट्रॉफी सुरक्षित करने के मिशन के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश कर रहा है। टीम की बल्लेबाजी बाबर, रिजवान और फखर पर निर्भर है, जबकि गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे।

# मैदानकर्मियों को देंगे पुरस्कार : जय

नई दिल्ली, एजेंसी



- 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर क्यूरेटर को मिलेंगे 25 लाख
- तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये देने की घोषणा की

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन्हें गुमनाम नायक बताते हुए सोमवार को घोषणा की कि सभी 10 नियमित आईपीएल स्थलों के मैदानकर्मियों और क्यूरेटरों को लीग के दौरान शानदार पिचें मुहैया करने के लिए सराहना के तौर पर 25-25 लाख रुपये दिए जाएंगे।

शाह ने एक्स पर लिखा, हमारे सफल टी20 सत्र के गुमनाम नायक मैदानकर्मी हैं जिन्होंने कठिन मौसम में भी शानदार पिचें प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किए। हमारी सराहना के प्रतीक के तौर पर 10 नियमित आईपीएल स्थलों पर मैदानकर्मियों और क्यूरेटर को 25 लाख रुपये मिलेंगे और तीन अतिरिक्त स्थानों पर 10 लाख रुपये मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद। आईपीएल के 10 नियमित स्थान मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़, हैदराबाद, बेंगलुरू, लखनऊ, अहमदाबाद और जयपुर हैं। इस वर्ष अतिरिक्त आयोजन स्थल गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और धर्मशाला थे।

शाह ने नाइट राइडर्स को खिताबी जीत के लिए बधाई भी दी। उन्होंने लिखा 2024 टाटा आईपीएल जीतने के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स को बधाई। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार निरंतरता दिखाई और टीम का शानदार नेतृत्व करने के लिए श्रेयस अय्यर को बधाई। एक बार फिर, बड़ी संख्या में आने और इसे एक और सफल सत्र बनाने के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद!

**मुक्केबाजी क्वालीफायर**

## अंकुशिता जीतीं अभिमन्यु हारे

**बैंकॉक।** पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक के दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 60 किग्रा वर्ग में मंगोलिया की नामून मोनखोर को हराया लेकिन अभिमन्यु लोरा को आयरलैंड के केलिन केसिडी के खिलाफ 80 किग्रा वर्ग में शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंकुशिता ने मंगोलिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की और तीन दौर के बाद 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु ने पहले दौर में बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन क्रिस्टियन निकोलोव को हराया था। केसिडी उनके खिलाफ मुकाबले के लिए अच्छी तरह तैयार थे और अभिमन्यु के अंतिम दौर में अपना सब कुछ झोंकने के बावजूद 5-0 से जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# पहले ही दौर में ज्वेरेव से हारे नडाल

पेरिस, एजेंसी

लाल बजरी के बादशाह रहे राफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से 3-6, 6-7, 3-6 से हार गए और माना जा रहा है कि 14 बार के चैंपियन का रोलां गैरो पर यह आखिरी मैच था।

अपने लंबे और सुनहरे करियर में पहली बार नडाल क्लेकोर्ट पर लगातार दो मैच हारे हैं। फ्रेंच ओपन में पहली बार वह चौथे दौर से पहले बाहर हुए हैं। क्लेकोर्ट पर इस ग्रैंडस्लैम में उनका करियर रिकॉर्ड अब 112-4 हो गया है। नडाल को संभवतः आखिरी बार खेलते देखने के लिए करीब 15,000 दर्शक जमा थे जिन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल तीन जून को 38 वर्ष के हो जाएंगे। वह जनवरी 2023 से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं। इस साल उन्होंने 15 मैच खेले और उनका रिकॉर्ड 8-7 का रहा है। पहले ही दौर में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव से हुआ जो 2020 अमेरिकी ओपन उपविजेता रहे, तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता और पिछले तीन साल में हर बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं।

### स्वियातेक और सिनर ने जीत से शुरू किया अभियान




लिओलिया जीनजीन

**पेरिस।** इगा स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन टेनिस में लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने के लक्ष्य के साथ सोमवार को लिओलिया जीनजीन पर 6-1, 6-2 की एकतरफा जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया। स्वियातेक की यह लगातार 13 वीं जबकि फ्रेंच ओपन में लगातार 15 वीं जीत है। स्वियातेक के सामने अगले दौर में जापान की नाओमी ओसाका मुश्किल चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर ने क्रिस यूबैंक्स पर 6-3, 6-3, 6-4 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया।

### सुमित नागल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में बाहर

**पेरिस।** भारत के सुमित नागल को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच में ही सोमवार को रूस के कारेन खाचनोव के हाथों सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। भारत के एकल खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 95वें नंबर पर काबिज नागल के पास खाचनोव की दमदार सर्विस और करारे शॉट का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने तीसरे सेट में जरूर शानदार खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद वह पहले दौर में 2-6, 0-6, 6-7 (5-7) से हार गए। मैच से पहले बारिश आने के कारण कोर्ट थोड़ा धीमा हो गया था जो लंबी रैलियों के लिए आदर्श था। बारिश के कारण 21 मिनट तक खेल रुका रहा। भारत की निगाहें अब रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी पर टिकी रहेंगी जो पुरुष एकल में अपने जोड़ीदारों के साथ कोर्ट पर उतरेंगे।



<< राफेल नडाल को पहले दौर में हराने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते अलेक्जेंडर ज्वेरेव।

**फ्रेंच ओपन**

**2020**

अमेरिकी ओपन के उपविजेता और पिछले तीन साल में हर बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव।

# सिंगापुर ओपन में भारत को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

सिंगापुर, एजेंसी

- भारत की अगुवाई करेंगी पीवी सिंधू, सात्विक और चिराग करना चाहेंगे जीत के शुरुआत

पीवी सिंधू, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन सहित शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू हो रहे 850,000 डॉलर (लगभग सात करोड़ रुपये) पुरस्कार वाले सिंगापुर ओपन में दमदार प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगे।

थाईलैंड ओपन में हाल ही में चैंपियन बनी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष जोड़ी ओलंपिक के लिए बेहतरीन लय में दिख रही हैं, जबकि सिंधू ने भी रविवार को मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहने के बाद अपना दावा मजबूत किया है। लक्ष्य और प्रणय पेरिस खेलों से पहले लय हासिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में चीन की वांग झी यी के खिलाफ गेम गंवाने वाली सिंधू डेनमार्क की लीन होजमार्क कजेर्सफेल्ट के खिलाफ सकारात्मक शुरुआत करना चहेंगी।

### शुभंकर ऑस्ट्रिया ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**ग्रेज (ऑस्ट्रिया)।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी शुभंकर डे को यहां ऑस्ट्रिया ओपन इंटरनेशनल चैलेंज के सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के प्राहदिस्का बगास शुजिवो के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। शुभंकर को प्राहदिस्का के खिलाफ हार मिली। भारतीय पुरुष टीम के सदस्य शुभंकर ने जर्मनी के मथियास किकलिट्ज को हराने के बाद प्री क्वार्टर फाइनल में मिकोलाज सिमानोवस्की और फिर क्वार्टर फाइनल में लुका व्रेबर को शिकस्त दी।

# बॉलीवुड हलचल



## सिद्धार्थ और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ चतुर्वेदी और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की आने वाली फिल्म धड़क 2 की पहली झलक रिलीज हो गई है। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर छह साल बाद धड़क का सीक्वल लेकर आ रहे हैं। फिल्म धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल निभा रही हैं। फिल्म की अनाउंसमेंट के साथ रिलीज डेट भी आउट कर दी गई है। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की तरफ से धड़क 2 के फर्स्ट 2 की पहली झलक शेयर की गई है। मोशन पोस्टर में तृप्ति और सिद्धांत एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए दिख रहे हैं और एक ऐसी कहानी की झलक दिखा रहे हैं। पोस्टर को एक्स पर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, कैसे मिलेंगे- आग और पानी? फिल्म धड़क 2 इस साल 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### प्रियंका ने कांस में इतिहास रचने वाले को दी बधाई



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने कांस फिल्म फेस्टिवल में इतिहास रचने के लिए भारतीय विजेताओं को बधाई दी है। 77वें कान फिल्म फेस्टिवल में कई भारतीय सितारों ने अवॉर्ड्स हासिल कर देश का मान बढ़ाया। इस उपलब्धि को लेकर प्रियंका चोपड़ा ने सभी विजेताओं को बधाई दी है। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी सेक्शन में विजेता अनसूया सेनगुप्ता, पायल कपाड़िया और चिदानंद एस नाइक को शुभकामनाएं दीं। अनसूया सेन गुप्ता ने फिल्म द शेमलेस के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। पायल को उनके डेब्यू फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए ग्रैंड प्रिक्स अवॉर्ड हासिल कर लिया है, और चिदानंद ने शॉर्ट फिल्म सनफ्लावर वर द फर्स्ट वन्स टु नो के लिए ला सिनेफ अवॉर्ड अपने नाम किया। अनसूया सेन गुप्ता की सराहना करते हुए, प्रियंका ने लिखा, आपकी अविश्वसनीय परफॉर्मेंस और आपने जो इतिहास रचा है, उसके लिए आपको ढ़ेर सारी बधाई।

**टी-20 विश्व कप** तैयारियों में जुटी ऑस्ट्रेलिया की टीम, आईपीएल सत्र में अंत तक जुड़े से टीम में आई है अनियमितता

# अभ्यास मैचों के लिए खिलाड़ियों की कमी : मार्श

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अगले महीने होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्ले ऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा हमारे पास खिलाड़ियों की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मिचेल मार्श के अलावा कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल इस हफ्ते के अंत में ही बारबडोस में विश्व कप टीम के साथ जुड़ेंगे जबकि मार्कस स्टोइनिस के भी नामीबिया के खिलाफ अभ्यास मैच के बाद ही त्रिनिदाद पहुंचने की उम्मीद है। रिजर्व खिलाड़ी जैक फ्रेजर-मैकगर्क और मैट शॉर्ट भी पांच जून को ओमान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले मैच के बाद टीम से जुड़ेंगे।



### वनडे क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं मिचेल स्टार्क

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क निकट भविष्य में एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले सकते हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सदस्य स्टार्क ने आईपीएल 2024 का खिताब जीतने के बाद कहा पिछले नौ साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था लेकिन अब मैं अपने करिअर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक प्रारूप को छोड़ भी सकता हूं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को तवज्जो देते हुए उन्होने आईपीएल के पिछले कुछ संस्करणों में रुचि नहीं दिखलाई थी। सच कहूं तो मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया।

### ट्रैविस हेड तो चमके, वार्नर ने किया निराश : पोटिंग

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिये दिलचस्पी दिखाने वाले ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन रविवार को संपन्न हुये सत्र में मिला जुला रहा है। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई टी20 विश्व कप टीम के कई नियमित खिलाड़ी शामिल हुए। ट्रैविस हेड जैसे खिलाड़ियों ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से टूर्नामेंट में आग लगा दी, वहीं डेविड वार्नर और मिशेल मार्श जैसे अन्य खिलाड़ियों का टूर्नामेंट के अधिकांश समय में प्रदर्शन उदासीन रहा, जबकि मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में निरंतरता के लिए संघर्ष किया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चक्रवात : समुद्र का खौफ या मौसम का कहर...

चक्रवात या यू कहें समुद्री तूफान जिसके नाम से ही मन में एक खौफ पैदा हो जाता है जो तटीय क्षेत्रों से टकराकर एक तबाही का मंजर छोड़ जाता है। ये क्या होता है, कितने प्रकार का होता है और कब कब आया, इनसे बचाव के क्या उपाया है आइए जानते हैं। वर्तमान में आए चक्रवाती तूफान रेमल के बारे में चलिए जानते हैं ....



## रेमल मतलब मौसम

रेमल जो शक्तिशाली तूफानों में से एक है। इसे एक्वाटोरियल चक्रवात के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न हुआ हैं। इन तूफानों की शक्ति बहुत अधिक है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। इनका नाम 'रेमल' हिंदी शब्द 'रेमल' से लिया गया है, जिसका मतलब होता है मौसम।

## रेमल से प्रभावित भारतीय क्षेत्र

रेमल भारत के विभिन्न हिस्सों तक पहुंच सकती है। इसका प्रमुख प्रभाव भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास समुद्री क्षेत्रों में देखा जा सकता है। यह पश्चिमी तटों के पास बनते हैं। इसके कारण पश्चिमी भारत के राज्यों जैसे कि गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक आदि को इसकी पहुंच का प्रभाव महसूस हो सकता है। वहीं, रेमल उत्तरी भारतीय तटों को भी प्रभावित कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर इनके प्रमुख प्रभावित क्षेत्र हो सकते हैं। इसके अलावा दक्षिणी भारत तमिलनाडु, केरला, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना आदि को प्रभावित कर सकता है। साथ ही इसका प्रकोप समुद्र के आसपास के क्षेत्रों में अधिक होता है।

## कितने प्रकार के होते हैं चक्रवात

चक्रवात मुख्यत: दो प्रकार के होते हैं, एक उष्णकटिबंधीय और विषुवतीय। इन दोनों में कुछ मुख्य अंतर हैं जो उनके विकास, स्थान और प्रभावों पर निर्भर करते हैं।

### उष्णकटिबंधीय


ये उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यह समुद्र की सतह के गर्म पानी से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में इनका नाम अलग-अलग होता है जैसे कि अटलांटिक और पूर्वी प्रशांत में इन्हें हरिकेन, पश्चिमी प्रशांत में टाइफून, और दक्षिणी हिंद महासागर और दक्षिणी प्रशांत में चक्रवात कहते हैं। ये चक्रवात आमतौर पर एक स्पष्ट नेत्र , नेत्र की दीवार, और बारिश की पट्टियों के साथ होते हैं। ये भारी बारिश, तेज हवाएं, और तटीय बाढ़ से विनाशकारी हो सकते हैं।

### विषुवतीय

ये विषुवतीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के बाहर उत्पन्न होते हैं। वायुमंडलीय फ्रंट्स (ठंडी और गर्म हवा के मिलन स्थल) से ऊर्जा प्राप्त करते हैं। ये आमतौर पर बड़े होते हैं और इनमें कोई स्पष्ट नेत्र नहीं होता। ये व्यापक क्षेत्र में फैल सकते हैं और भारी बारिश, बर्फबारी, और तेज हवाओं का कारण बन सकते हैं।

## रेमल क्या है?

रेमल चक्रवात एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात है जो भारतीय महासागर और बांग्लादेश के पास उत्पन्न होता है। इसकी शक्ति बहुत अधिक होती है और इससे भारी बारिश, तूफानी आंधी, और जलवायु विपरीतताएं होती हैं। रेमल चक्रवात विकसित होने के लिए शांत मौसम शर्तें आवश्यक होती हैं। इसका मतलब है कि वायुमंडल में कोई विवादित वायुशून्य नहीं होना चाहिए और उच्च वायुदाब भी नहीं होना चाहिए।




## तीव्रता

- **अवसाद** : हवा की गति 39 मील प्रति घंटा (63 किमी/घंटा) से कम होती है।
- **तूफान** : हवा की गति 39 से 73 मील प्रति घंटा (63 से 118 किमी/घंटा) के बीच होती है।
- **हरिकेन/टाइफून/चक्रवात** : हवा की गति 74 मील प्रति घंटा (119 किमी/घंटा) से अधिक होती है।
- **हरिकेन** को उनकी तीव्रता से 1 से 5 तक के श्रेणियों में बांटा जाता है, जिसे सफ़िर-सिम्पसन हरिकेन विंड स्केल कहा जाता है।

## पूर्वानुमान व चेतावनी

- रेडियो, टेलीविजन, और मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट प्राप्त करें।
- एक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें टॉर्च, बैटरी, प्राथमिक चिकित्सा किट, पानी, और आवश्यक दवाएँ शामिल हों।
- घर के खिड़कियों और दरवाजों को मजबूत करें और उन्हें बंद रखें।
- स्थानीय आपातकालीन सेवाओं और राहत संगठनों के संपर्क में रहें।

## एक नजर

### युवराज सिंह ने निजता के उल्लंघन पर रियल एस्टेट फर्म को भेजे नोटिस

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने निर्माण परियोजनाओं को बढ़ावा देने में उनके निजता अधिकारों के कथित उल्लंघन और राष्ट्रीय राजधानी में उन्हें घर का कब्जे देने में देरी के लिए दिल्ली की दो रियल एस्टेट फर्म को अलग-अलग कानूनी नोटिस भेजे हैं। क्रिकेटर की ओर से दिल्ली स्थित लॉ फर्म रिजवान लॉ एसोसिएट्स द्वारा भेजे गए कानूनी नोटिस में से एक में परियोजना को पूरा करने में कथित देरी के लिए मुआवजा भुगतान की मांग की गई है। नोटिस के अनुसार, क्रिकेटर ने 2020 में हौज खास में एक रियल एस्टेट फर्म की परियोजना में एक घर बुक किया था।

### डीआरडीओ अध्यक्ष को एक वर्ष का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष तथा रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डी डी आर एंड डी) के सचिव डॉ. समीर वी कामत का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने डॉ. कामत का कार्यकाल एक जून से अगले वर्ष 31 मई तक बढ़ाने के रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### पाकिस्तान में पूर्व विदेश मंत्री पर आठ और मुकदमे

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार करने के बाद नौ मई 2023 को भड़के दंगों और हिंसा पर जेल में बंद पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी के खिलाफ रविवार को आठ और मामले दर्ज किए गए। मीडिया को सोमवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 67 वर्षीय नेता विभिन्न मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। जियो न्यूज के मुताबिक, सरवर रोड थाने में कुरैशी के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर पुलिस ने लाहौर की आतंकवाद रोधी अदालत से उसे गिरफ्तार करने, पूछताछ और तलब की अनुमति देने की अपील की, जिसे कोर्टने सुरक्षा कारणों से इनकार कर दिया।

### ब्राजील में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 169 हुई

**साओ पाउलो।** दक्षिणी ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में गत 29 अप्रैल को आए तूफान के बाद बारिश होने से अचानक आई बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 169 हो गई है। नागरिक सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक 24 घंटों में तीन और शव बरामद किये गये, वहीं प्रांत में अब तक की सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा में 56 लोग लापता हैं। इसके अलावा, बाढ़ और नदियों के उफान के कारण 23 लाख से ज़्यादा निवासी यहां से विस्थापित हो चुके हैं।

### खालिदा के बेटे को लंदन से बुलाकर देंगे सजा : हसीना

**ढाका।** बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से लाने और उसके खिलाफ अदालत से दी सजा दिलाने के संकल्प को दोहराया है। खालिदा के जेल जाने के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष बने रहमान छह साल पहले सजा सुनाए जाने के बाद से लंदन में हैं। यह सजा रहमान की अनुपस्थिति में सुनाई गई थी। कोर्ट ने कहा था रहमान ने हसीना की चुनावी रैली पर घातक हमले की साजिश रची। इस पर रहमान को उम्रकैद हुई है। रहमान का कहना है कि यह आरोप राजनीतिक प्रतिशोध से लगाए गए है।

# इजराइली हमले में 45 की मौत

## गाजा के दक्षिणी शहर राफा के एक शिविर पर 8 रॉकेट दागे

**गाजा, एजेंसी**

गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर उत्तर-पश्चिमी राफा में एक शिविर पर इजराइल की बमबारी में कम से कम 45 लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी।

डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजराइली बलों ने निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के गोदामों के पास शिविर में तंबुओं की ओर आठ रॉकेट दागे। फेसबुक पर एक वीडियो क्लिप प्रसारित किया गया है, जिसमें क्षेत्र में आग की लपटें तेजी से उठ रही हैं और आग ने तंबुओं को अपनी चपेट में ले लिया है। सूत्रों ने बताया कि कठिन इलाके के कारण नागरिक सुरक्षा और एम्बुलेंस कर्मचारियों को शवों को निकालने में महत्वपूर्ण बाधाओं का सामना करना पड़ा। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि गाजावासियों से भरे इस क्षेत्र को हमले से पहले इजरायली सेना ने सुरक्षित क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत किया था। वहीं, इजराइल रक्षा बलों ने कहा कि उसने राफा शहर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में हवाई हमले में वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के प्रमुख यासीन राबिया और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी को मार गिराया है। उत्तर-पश्चिम राफा में ताल अस सुल्तान के क्षेत्र में हमला किया गया।


राकेट हमले के बाद निकलता धुंआ।

### नेतान्याहू ने स्वीकारा, राफा पर हमला भयावह गलती

**तेल अवीव।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने गाजा के राफा शहर में बनाए शिविर पर किए हमले में दर्जनों लोगों की मौत के बाद माना है कि यह भयावह गलती है। सोमवार को संसद में उन्होंने कहा कि इजराइल राफा में बीती रात किए गए हमले की जांच कर रहा है।

### हमास के खिलाफ युद्ध पर इजराइल की आलोचना

**तेल अवीव।** दक्षिणी गाजा के शहर राफा पर हमलों के लिए सोमवार को इजराइल को फिर से निंदा का सामना करना पड़ा। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में 45 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें आग की चपेट में आए तंबुओं में रहने वाले विस्थापित भी हैं। इजराइल को हमास के खिलाफ युद्ध के चलते बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इजराइल के करीबी अमेरिका ने लोगों की मौत पर नाराजगी जताई है। इजराइल ने कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करता है, जबकि उसे दुनिया की शीर्ष अदालतों में जांच का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से एक अदालत ने पिछले हफ्ते इजराइल से कहा था कि वह राफा में हमले रोक दे। इजराइल ने कहा कि हमास के ठिकानों पर हमला करने और दो आतंकवादियों को मार गिराने के बाद वह लोगों की मौत की जांच कर रहा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, रविवार रात का हमला सबसे घातक प्रतीत होता है। इजराइल के करीबी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ये अभियान बंद होने चाहिए। फलस्तीनी नागरिकों के लिए राफा कोई सुरक्षित क्षेत्र नहीं हैं।

# टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस में तूफान से 18 की मौत

**ह्यूस्टन।** मध्य अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में आए शक्तिशाली तूफान के कारण दो बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई, कई मकान तबाह हो गये और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ा।

अधिकारियों ने बताया कि ओक्लाहोमा सीमा के समीप टेक्सास की कुक काउंटी में 7 लोगों के मारे जाने की सूचना है, जहां शनिवार रात को आए तूफान ने तबाही मचाई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैप्पिंगटन ने कहा हि मृतकों में दो बच्चे भी हैं, जिनकी उम्र दो और पांच वर्ष थी। एक परिवार के तीन सदस्यों की भी मौत हो गयी। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि लापता लोगों को ढूंढने के लिए अभियान जारी है। सीबीएस न्यूज के मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने बताया कि तूफान से 100 लोग घायल हो गये हालांकि सटीक आंकड़ा बता पाना थोड़ा मुश्किल है। एक वेबसाइट के मुताबिक, टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अर्कांसस, टेनिसी और केनटकी तक 4,70,000 से ज्यादा लोगों को बिना बिजली के रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# पैसे की किल्लत से नहीं कर सका प्रेमिका का दाह संस्कार

- शव बोरे में भरकर घर से दूर सड़क पर छोड़ आया लावारिस
- चंदन नगर में 57 वर्षीय महिला का शव सड़क पर बोरे में मिला
- इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर में 53 वर्षीय व्यक्ति अपनी लिव-इन साथी की लाश के साथ तीन दिन रहा और बाद में पैसों की किल्लत के कारण शव को बोरी में बंद करके सड़क पर लावारिस छोड़ दिया क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए पैसे नहीं थे।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) नंदिनी शर्मा ने सोमवार को बताया कि चंदन नगर क्षेत्र में रविवार को 57 वर्षीय महिला की बोरे में बंद लाश मिली। शव चार-पांच दिन पुराना था और काफी सड़ चुका था। एसीपी ने बताया कि शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले। पोस्टमॉर्टम से पता चला है कि वह लीवर संबंधी दिक्कतों और अन्य बीमारियों से लंबे समय से जूझ रही थी जिनके कारण उसकी स्वाभाविक मौत हुई।

शर्मा ने बताया कि यह महिला पिछले 10 साल से एक व्यक्ति के साथ रह रही थी। जब 53 वर्षीय उस व्यक्ति के पास पहुंचे, तो वह राजमोहल्ला क्षेत्र के एक बगीचे में बैठा था। वह रंगाई-पुताई का काम करता है। वह मानसिक रूप से थोड़ा कमजोर है। एसीपी ने बताया कि चार-पांच दिन पहले इस व्यक्ति के पड़ोसियों ने उससे कहा कि उसके घर से बदबू आ रही है और उसे देखना चाहिए कि उसके घर कोई चूहा तो नहीं मर गया है। उन्होंने बताया,जांच से पता चला है कि यह व्यक्ति अपने घर में महिला के शव के साथ कम से कम तीन दिन से रह रहा था। बदबू को लेकर पड़ोसियों की शिकायत के बाद उसने शनिवार रात शव को बोरी में डाला और अपने घर से करीब 200 मीटर दूर ले गया। वजन से उसकी सांस फूलने लगी तो वह लाश सड़क पर लावारिस छोड़कर चला गया। इस व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि उसने अपनी जोड़ीदार के शव को इसलिए लावारिस छोड़ा क्योंकि उसके पास अंतिम संस्कार के लिए धन नहीं था। उन्होंने बताया कि मामले में विस्तृत जांच जारी है। चंदन नगर थाना प्रभारी इंद्रमणि पटेल ने बताया कि पुलिस ने सोमवार को महिला के शव का अंतिम संस्कार कराया।

# शेयरों में लाभ का लालच देकर 1.07 करोड़ रुपये ठगे

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में शेयरों की खरीद-फरोख्त में उच्च मुनाफे का लालच देकर 48 वर्षीय व्यक्ति से कथित तौर पर 1.07 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में रविवार को एक एप और वेबसाइट के मालिकों सहित 15 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और जांच की जा रही है।

नवी मुंबई साइबर पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक गजानन कदम ने बताया कि जालसाजों ने खारघर के रहने वाले पीड़ित से 13 फरवरी से लेकर 5 मई के बीच विभिन्न मौकों पर उससे संपर्क किया। उन्होंने पीड़ित को शेयरों की खरीद-फरोख्त में निवेश करने पर उच्च मुनाफे का लालच दिया और कथित तौर पर उससे अलग-अलग बैंक खातों में पैसे मंगवाए। अधिकारी ने बताया कि जालसाजों के कहने पर पीड़ित ने विभिन्न बैंक खातों में 1,07,09,000 रुपये जमा किए, लेकिन जब उसने शेयरों की खरीद-फरोख्त में निवेश किए गए पैसे का मुनाफा मांगा तो आरोपियों ने उसे स्पष्ट जवाब नहीं दिया। पीड़ित को यह अहसास हुआ की उसके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उसने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# पाकिस्तान में 23 आतंकी ढेर, मारे गए 7 सैनिक

- खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन जगहों पर सेना ने चलाया अभियान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार से हुईं अलग-अलग मुठभेड़ में प्रतिबंधित संगठन टीटीपी के 23 आतंकवादी मारे गए जबकि सात सैनिक शहीद हो गए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के अनुसार, मुठभेड़ रविवार और सोमवार को हुईं। सेना ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में सुरक्षा बलों ने 23 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने कहा कि रविवार को पेशावर के पास हसन ख़ेल इलाके में अभियान चलाया गया, जिसमें सुरक्षा बलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। हालांकि मुठभेड़ में एक अधिकारी और एक सैनिक की मौत हो गई। सोमवार को प्रांत के टैंक जिले में चलाए गए एक अन्य अभियान में, पाकिस्तानी सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने पर हमला किया, जिसके परिणामस्वरूप दस आतंकवादी मारे गए। तीसरी मुठभेड़ खैबर जिले के बाग इलाके में हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने सात आतंकियों को मार गिराया, जबकि दो घायल हो गए। हालांकि, भीषण गोलीबारी के दौरान पांच सैनिक शहीद हो गए। सेना के अनुसार कि मारे गए आतंकवादियों के पास से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए गए।

# एयर इंडिया के विमान में धूम्रपान पर एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** एयर इंडिया के विमान में जयपुर-मुंबई उड़ान के दौरान कथित तौर पर धूम्रपान के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया हालांकि बाद में उसे रिहा कर दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सहार पुलिस ने 25 मई को राजस्थान के अर्जुन थालोरे को उस समय गिरफ्तार किया, जब वह उड़ान के दौरान शौचालय में धूम्रपान करने लगा था, जिससे सेंसर बंद हो गया। वरिष्ठ क्रू सदस्य ने उसे मौके पर पाया और फ्लाइट मुंबई में उतरने के बाद आरोपी को सुरक्षा विभाग को सौंप दिया। सुरक्षा कर्मचारी उसे सहार थाना ले गये, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज हुआ।

# इमरान की पार्टी प्रदर्शन छोड़ सरकार से करें सार्थक संवाद

- पाकिस्तान की सत्तारूढ़ गठबंधन ने बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का आह्वान किया है कि वह प्रदर्शन छोड़ दे और सरकार के साथ 'सार्थक' संवाद करे।

सोमवार को द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार, सीनेट के सभापति यूसुफ़ रजा गिलानी और नियोजन मंत्री अहसान इकबाल ने बातचीत के लिए तैयार होने के सरकार के रुख पर कहा कि इमरान की पार्टी को तय करना चाहिए कि वह किससे बातचीत करना चाहती है। लाहौर में गिलानी ने बातचीत करने की सरकार की इच्छा दोहराई। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसा लगता है कि खान की पार्टी किसी और से बातचीत का इरादा रखती है। गिलानी ने कहा कि देश इस समय अस्थिरता से जूझ रहा है और इसलिए सभी नेताओं को एक साथ आना होगा। अखबार ने गिलानी के हवाले से कहा कि पीटीआई नीत सरकार के समय में विपक्ष में रहते हुए भी वे बातचीत के इच्छुक थे। गिलानी ने कहा कि पीपीपी मौजूदा सरकार का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीपीपी ने कभी यह संकेत नहीं दिया कि वह सरकार का हिस्सा नहीं है।

## वूलसैक रेस


इंग्लैंड में वूलसैक रेस के दौरान कंधों पर ऊनी थैला लेकर दौड़ते बच्चे। ये दौड़ टेटबरी के विल्टशायर ऊन-शहर में होती है। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की टीमें ऊन की बोरियां गमस्टूल हिल से नीचे ले जाती हैं। ये दौड़ 1972 से चल रही है, जो गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हैं। • एजेंसी

# पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 2,000 से अधिक हुई मौतें

**पोर्ट मोरेस्बी।** प्रशांत महासागरीय देश पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में शुक्रवार को भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,000 से अधिक हो गई। राष्ट्रीय आपदा केंद्र (एनडीसी) ने इसकी पुष्टि की है।

पापुआ न्यू गिनी में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी को सोमवार को इस आपदा के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। पोरगेरा खदान का मुख्य राजमार्ग पूरी तरह से अवरुद्ध है। भूस्खलन धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जिससे बचाव दल और जीवित लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। एक संयुक्त सरकारी टीम ने प्रभावित गांव का निरीक्षण किया और एंगा की प्रांतीय सरकार को 5,00,000 किना (128,796 अमेरिकी डॉलर) का चेक प्रस्तुत किया।

## उम्मीद | अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक जीवनयोग्य ग्रह की खोज


# दूसरी बार मिला है इस तरह का जीवनयोग्य ग्रह

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक एक जीवनयोग्य एक्सोप्लैनेट (ग्रह) की खोज की है। जीवनयोग्य ग्रह की यह दूसरी खोज है। इस ग्रह पर जीवन की मौजूदगी और संभावनाओं को तलाशने में वैज्ञानिक जुटे हुए हैं।

एक्सोप्लैनेट का नाम स्पेकलूस-3 बी नाम दिया गया है। बेल्जियम के खगोलविदों की अंतर्राष्ट्रीय टीम को यह सफलता मिली है। यह ग्रह पृथ्वी से 55 प्रकाश वर्ष दूर है और अपने तारे की परिक्रमा कर रहा है। किसी अल्ट्राकूल ड्वार्फ तारे के नजदीक खोजा गया यह दूसरा ग्रह है। इससे पहले ट्रैपिस्ट-1 की खोज की हुई थी, जिसमें जीवन की संभावना है। नया ग्रह भी जीवन की संभावना को लेकर उम्मीद जागृत करता है। जिस कारण यह खोज काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पृथ्वी के समान आकार का यह ग्रह केवल 17 घंटों में अपने तारे की परिक्रमा पूरी कर लेता है। यह ग्रह संभवतः ज्वारीय रूप से अपने तारे से बंधा हुआ है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तारे से निकलने वाले विकिरण ने संभवतः ग्रह के वायुमंडल को नष्ट कर दिया हो। इसकी वास्तविकता की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

बेल्जियम स्थित लीज विश्वविद्यालय के स्पेकुलूस परियोजना के वैज्ञानिकों के अनुसार 15 मई को को नया ग्रह मिला और अब इसकी घोषणा की गई है। इस खोज में कैम्ब्रिज, बर्मिंघम और बर्न विश्वविद्यालय, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और ईटीएच ज्यूरिख शामिल रहे हैं।


जीवनयोग्य ग्रह का चित्र।

### जीवन की संभावना से इंकार नही किया जा सकता

बेल्जियम लीज विश्वविद्यालय के खगोल शास्त्री माइकल गिलॉन के अनुसार भले ही इस ग्रह का वातावरण कुछ हद तक नष्ट हुआ हो, लेकिन जीवन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। संभवत: इसमें किसी अन्य रूप में जीवन मौजूद हो। नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है।

## गुजरात में गिरफ्तार चार आतंकियों पर बोला श्रीलंका

# आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ फैसला लेगा भारत

- गुजरात एटीएस ने 19 मई को चार श्रीलंका के लोगों को हवाई अड्डे से किया था गिरफ्तार

**कोलंबो, एजेंसी**

श्रीलंका की सरकार ने सोमवार को कहा कि पिछले हफ्ते अहमदाबाद हवाई अड्डे पर गिरफ्तार चार श्रीलंकाई आईएसआईएस संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में भारत फैसला करेगा, जबकि यहां के अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या वे द्वीप राष्ट्र में आतंकी कृत्यों में शामिल थे।

गुजरात आतंकवाद-रोधी दस्ते (एटीएस) ने 19 मई को प्रतिबंधित संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े चार श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर अपने पाकिस्तान स्थित आकाओं के निर्देशों के बाद भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने आए थे। चारों लोगों ने 19 मई को कोलंबो से चेन्नई के लिए इंडिगो कंपनी की उड़ान ली थी। श्रीलंका के कानून मंत्री विजयदास राजपक्षे ने कहा कि भारत गिरफ्तार संदिग्धों से अपने कानून के मुताबिक निपटेगा। श्रीलंका इसकी जांच करेगा कि क्या वे यहां रहते हुए किसी आतंकवादी कृत्य में भागीदार रहे हैं या किसी समूह की सहायता की है। पिछले हफ्ते, श्रीलंकाई अधिकारियों ने गुजरात में गिरफ्तार चार श्रीलंकाई लोगों की जांच के लिए उच्चस्तरीय अभियान चलाया। श्रीलंकाई पुलिस ने आईएसआईएस संदिग्धों के एक साथी को पिछले गुरुवार को गिरफ्तार किया था।